

- किसी महिला को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट - 12



- मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा - 12



- अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की दी चेतावनी -13



- ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार- 14


आज का मौसम | 23.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.50 | सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:54 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 7 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 3, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एसआईआर की समय सीमा बढ़ी, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को लेकर चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ा दी है।

अभी तक यह सीमा छह फरवरी थी, अब यह समय सीमा छह मार्च तक रहेगी। इसके अलावा, मैपिंग से जुड़े सभी नोटिसों की प्रक्रिया अब 27 फरवरी की बजाय 27 मार्च तक पूरी की जाएगी । अंतिम मतदाता सूची अब 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

लोकभवन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि फार्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं। मैपिंग को लेकर भी बड़ी संख्या में नोटिस भेजे गए हैं। राजनीतिक दलों ने समय बढ़ाने की मांग की थी।

- दावे और आपत्तियां 6 मार्च तक मैपिंग नोटिस 27 मार्च तक



### 3.26 करोड़ को नोटिस जारी किया गया

मैपिंग (गणना फार्म) के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख लोगों में तार्किक विसंगतियां पाई गईं, इसलिए उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया। इन सभी को नोटिस भेजा जा रहा है। इन विसंगतियों में पिता के नाम में अंतर या पिता-पुत्र की उम्र में 15 साल से कम अंतर शामिल है। अब तक कुल 3.26 करोड़ लोगों को नोटिस भेजा गया है। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं।



इंग्लैंड को रिकॉर्ड छठी बार फाइनल में हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठवीं बार अंडर-19 विश्व कप जीता

**हरारे।** युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

- वैभव सूर्यवंशी ने खेली तूफानी पारी

### ब्रीफ न्यूज

#### दिल्ली हवाई अड्डे पर 13 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सीमा शुल्क भाग के अधिकारियों ने बैंकॉक से आई एक भारतीय महिला यात्री से करीब 12.93 करोड़ रुपये मूल्य का कथित मादक पदार्थ जब्त किया। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो ट्रॉली बैग की जांच करने पर उनमें कुल 13 पॉलीथीन के पैकेट मिले, जिनमें गांजा है। जब्त किए गए पदार्थ का कुल वजन 12.92 किलोग्राम है और शुरुआती जांच के मुताबिक यह गांजा है।

#### कोयला खदान विस्फोट के बाद 7 और शव मिले मृतकों की संख्या 25 हुई

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट की घटना में शुक्रवार को सात और शवों की बरामदगी के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। यह विस्फोट गुरुवार को थांगस्कू इलाके में स्थित अवैध कोयला खदान में हुआ था, जिसके बाद प्रशासन ने व्यापक स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। गुरुवार को 18 शव बरामद किए गए थे। नोंगरंग ने बताया, शुक्रवार को सात और शव बरामद किए गए हैं जिससे मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई है। इनमें से 12 शवों की पहचान हो चुकी है।

#### सीबीआई ने सीमा शुल्क के तीन अधिकारियों पर दर्ज किया मामला

**आइजोल।** सीबीआई ने मिजोरम में पूर्व में तैनात रहे सीमा शुल्क विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ तस्करों से 35 लाख रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। एक सेवानिवृत्त अधीक्षक और दो निरीक्षकों समेत तीनों आरोपियों ने रिश्वत लेने के बाद तस्करों के जब्त माल को कथित तौर पर छोड़ दिया। गुवाहाटी स्थित सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त की औपचारिक शिकायत के बाद तीन फरवरी को आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज किया गया। उन्होंने 2022-2023 के दौरान पूर्वी मिजोरम में भारत-म्यांमा सीमा पर एक महत्वपूर्ण पारगमन बिंदू- चम्फाई शहर में सीपीएफ में सेवा करते हुए अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया।

# रेपो रेट 5.25% पर बरकरार, डिजिटल फ्रॉड पर मिलेगा 25,000 का मुआवजा

### आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिया फैसला, ग्रोथ अनुमान 7.4% किया

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी। वहीं, छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा की घोषणा की।

केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा, जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। आरबीआई ने फरवरी, 2025 से रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। यह 2019 के बाद से सबसे आक्रामक कटौती है। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

गवर्नर मल्होत्रा ने छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा लाने की घोषणा की। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए अंतिम द्विमासिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, हम डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक परिचर्चा पत्र भी प्रकाशित करेंगे। इन उपायों में विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों जैसे विशिष्ट वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए, आरबीआई तीन दिशानिर्देश का मसौदा जारी करेगा। पहला, गलत बिक्री से संबंधित, दूसरा, अनधिकृत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन में ग्राहकों की देनदारी को सीमित करने और तीसरा कर्ज वसूली तथा वसूली एजेंट को जोड़ने के संबंध में होगा।

- महंगाई में नरमी और अमेरिका से व्यापार समझौते पर बनी सहमति के कारण नहीं बदले रेपो रेट



### 1,000 करोड़ से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी को अनिवार्य पंजीकरण से छूट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन नहीं लगा होना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया।

विस्तृत कारोबार पर

### गोल्ड लोन में उच्च वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं : मल्होत्रा

**मुंबई।** सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई ने कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया है।


## परीक्षा बोझ नहीं, अंकों के बजाय बेहतर जीवन पर ध्यान दें : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को अनेक मंत्र देते हुए कहा कि अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा को बोझ नहीं समझें और केवल अंकों पर नहीं, बल्कि जीवन बेहतर करने पर ध्यान नहीं दें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। प्रधानमंत्री ने कहा, अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए। मोदी ने बच्चों से कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे। वर्ष 2023 में 38.8 लाख बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था, जो नौवें संस्करण में 4.5 करोड़ से अधिक हो गया है।

- प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों को किया संबोधित
- कहा- पूरी लगन से पढ़ाई करें, आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई सफल नहीं बनाती



छात्र से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद न करें : मोदी

मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।

## पाकिस्तान में मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 31 की मौत, 169 घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के द्वार पर रोक लिया गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। यह शब्द टीटीपी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बचाव टीम और पुलिस हमले वाली जगह पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।



- जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद में हुआ भीषण ब्लास्ट

## पंजाब में गुरुद्वारे के बाहर आप नेता की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर में मॉडल टाउन स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई जब 43 वर्षीय ओबेरॉय अपनी एसयूवी में गुरुद्वारे से निकल रहे थे।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जब ओबेरॉय गुरुद्वारे से बाहर आए और अपनी गाड़ी में बैठे तो काले रंग की 'हुडी जैकेट' पहने एक हमलावर पैदल ही उनके पास आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और अपने साथी के साथ भाग गया । गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

- सिर-सीने में गोलियां मारीं गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली जिम्मेदारी

## 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक समेत कई पर रिपोर्ट

**लखनऊ।** जाति विशेष (ब्राह्मण) को निशाना बनाते हुए बनाई गई वेब सीरिज 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक नीरज पांडेय व उसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर हजरतगंज की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

इस वेब सीरीज में जाति विशेष को निशाना बनाया गया है। जिसका टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं इसके खिलाफ लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। लोग जगह-जगह धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में जुट गए। जानकारी होते ही इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने खुद ही वादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज घूसखोर पंडत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म के निर्देशक व उसके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। जान लें, एक्टर मनोज बाजपेयी अभिनीत ओटीटी फिल्म घूसखोर पंडत एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है। विवाद के बाद प्रमोशनल सामग्री हटा ली गई है।

- नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में जाति विशेष को बनाया निशाना
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई आरोपियों की तलाश शुरू

### शीर्षक हटाने के निर्देश

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज को प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचने के लिए कहा है। फिल्म के शीर्षक को लेकर कई संगठनों ने भी विरोध जताया था।

## सीसीटीवी कर रहे राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर की सुरक्षा को बढ़ाए जाने की कवायत तेज हो गई है। मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद पूरे परिसर की सुरक्षा को भी हुए सिरे से बढ़ाए जाने की तैयारी है। जिसमें 70 एकड़ परिसर चारों तरफ निर्माणाधीन दीवार पर 28 वॉच टावर बनाए जा रहे है। इसके अलावा 1000 सीसीटीवी कैमरे, अन्य आधुनिक उपकरणों से मंदिर की सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में श्रद्धालुओं को राम मंदिर के साथ अन्य मंदिरों व स्थानों तक जाने की अनुमति देने की पहल शुरू हो गई है। इसके पूर्व परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी न्याय सिरे से तैयार किए जाने पर मंथन हो रहा है। इसी के तहत आधुनिक सुरक्षायुक्त बाउंड्री वॉल के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने शुक्रवार को बताया कि यहां के सुरक्षा प्लान में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरा, फेस रिकग्निशन कैमरा व पोर्टल जूमिंग कैमरा एवं भीड़ के दौरान चेहरों के पहचान करने वाले मूवेबल कैमरे के साथ अन्य अत्याधुनिक कैमरे व सुरक्षा उपकरणों को यहां लगाने का प्रस्ताव तैयार शासन को भेजा गया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि परिसर रेड जोन के अवशेष हिस्सों, यलो जोन व ग्रीन जोन में भी चिह्नित स्थानों पर लगाएं जाएंगे।

रामजन्मभूमि परिसर में एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने कहा कि राम मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के अलावा एटीएस के कमांडो भी लगाए गए है। पूरे परिसर में 1000 से अधिक सीसीटीवी एक्टिव है। चारों ओर आधुनिक सुरक्षा के उपकरण लगाए गए है।



- चारों तरफ निर्माणाधीन दीवार पर बनाए जा रहे 28 वॉच टावर

**समारोह** | हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की मूर्ति स्थापना समारोह में बोले मुख्यमंत्री

# रामभक्तों का अपमान विरासत का अपमान : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामभक्तों का अपमान केवल किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि भारत की सनातन विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान है। यूपी में एक दौर ऐसा था, जब विरासत को कोसा जाता था।

आस्था को लांछित किया जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। इसका दुष्परिणाम प्रदेश अराजकता, लूट और दंगों का केंद्र बन गया। गुंडागर्दी चरम पर थी, न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। लेकिन भाजपा सरकार आते ही दंगा-दंगाई दोनों गायब हैं। योगी शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की श्री विग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न अराजकता है, न फसाद और न ही गुंडागर्दी। न दंगा है, न कर्फ्यू यूपी में अब सब चंगा है। दंगा और दंगाई दोनों गायब हो गए हैं, कर्फ्यू अब दंगाइयों पर लगता है। यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, साफ नीयत और बिना भेदभाव के सख्त कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्या किसी ने कल्पना की थी कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होगा, लेकिन आज यह सपना साकार हो चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ और केदारनाथ जैसे आस्था केंद्र अब केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन गए हैं। भारत इन्हीं आस्था स्थलों से शक्ति प्राप्त करता है और जब इन्हें सम्मान व संरक्षण मिला, तो उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। समारोह को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के सीएम धामी और निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज ने भी संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में संत समाज और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### न जाति का भेद और न धर्म का अंतर

योगी ने कहा कि उत्तराखंड के चार धाम भारत की चेतना के आधार हैं। जब हम लोग बचपन में हरिद्वार आते थे, तो सबके मन में यह भाव रहता था कि हरि की पैड़ी में स्नान करना है और भारत माता मंदिर के दर्शन भी करने हैं। यहां न जाति भेद था और न धर्म का कोई अंतर। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि ऋषि परंपरा की तपस्या से निर्मित राष्ट्र है।

### संत बोले- शेर हैं मुख्यमंत्री योगी

संत समाज ने मुख्यमंत्री को 'उत्तर प्रदेश का शेर' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी में रामराज्य जैसा वातावरण है। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं के नेतृत्व में भारत पुनः अपने वैभव को प्राप्त करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस विभाग में पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के एसएसपी से प्रोन्नत होने पर घुले सुशील चन्द्रभान को एसटीएफ में ही डीआईजी पद पर तैनाती दी गई है। गौतमबुद्धनगर के डीसीपी यमुना प्रसाद को प्रोन्नति के बाद एसटीएफ का डीआईजी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात हेमराज मीना को प्रोन्नति के बाद डीआईजी यूपी एसआईएफएस के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के सेनानायक रहे संचिन्द्र पटेल को प्रोन्नत के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन का डीआईजी बनाया गया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" का शुभारंभ हो गया है। यह विशेष अभियान 6 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल रोजगार से जोड़ना ही नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारकर उन्हें प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनाना है। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, उपायुक्त (एमएसएमई) एवं जिला सेवायोजन अधिकारी शामिल हुए। मिशन निदेशक ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं की अद्यतन सूची तैयार कर उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए। साथ ही कहा कि पूर्व में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर चुके 720 दिव्यांगजनों से फीडबैक लिया जाए।

### 2.39 लाख अल्पसंख्यक छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के 2.39 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 71.35 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 और 10 में पढ़ने वाले 1,09,084 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसके लिए लगभग 32.19 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वहीं पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत 11वीं–12वीं सहित तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 1,30,265 विद्यार्थियों को करीब 39.16 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

### अमेरिका के दबाव में खोला कृषि बाजार : हिंदवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकारों ने सबसे अधिक अन्याय किसानों पर किया है। किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। अब सरकार ने अमेरिका के दबाव में अपना कृषि बाजार भी उनके लिए खोल दिया है। इस एक कदम का आने वाला समय में हमारे किसान भाइयों पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। वह शुक्रवार को किसान कांग्रेस (मध्य जोन) के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन–पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# आवारा कुत्तों से निजात को शेल्टर होम व एबीसी सेंटर की तैयारी पूरी

## डॉग बाइट पर सख्ती, जन सुरक्षा और पशु कल्याण का संतुलित रोडमैप, नगर निगमों और जिला मुख्यालयों में स्थापना प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों और जिला मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्देश्य है कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और पशु कल्याण को मानवीय व वैज्ञानिक ढंग से आगे बढ़ाया जाए। हर शेल्टर होम की लागत 4.70 करोड़ रुपये से 5.31 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है।

- प्रति शेल्टर होम 4.70 करोड़ से 5.31 करोड़ रुपये होगी लागत

सरकार ने इस पूरे अभियान को प्राथमिकता सूची में रखते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाइयों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया है। नीति स्तर पर यह पहल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुरूप की जा रही है, जिनमें नसबंदी, टीकाकरण, पुनर्वास और समुदाय सहभागिता जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया है। राज्य सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग-अलग विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई है।



प्रस्तावों के मुताबिक प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से 531 लाख रुपये तक की लागत का अनुमान है। डीपीआर में क्षमता निर्धारण, केनेल्स, पशु चिकित्सा यूनिट, सर्जरी कक्ष, आइसोलेशन वार्ड, भोजन-पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी आवश्यक घटक शामिल हैं।

शासन ने इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिससे क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अन्य नगर निगमों से भी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं ताकि पूरे प्रदेश में एक समान, प्रभावी और टिकाऊ व्यवस्था लागू की जा सके।

### आक्रामक कुत्तों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था

एबीसी सेंटरों में आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी–रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इससे प्रजनन दर नियंत्रित होगी और रेबीज जैसी घातक बीमारी का प्रसार रुकेगा। शेल्टर होम में घायल, बीमार या आक्रामक कुत्तों के लिए सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था होगी।

### नगर निकायों की जवाबदेही तय

हर नगर निगम को उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने, समयबद्ध प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने और संचालन के लिए मानक प्रोटोकॉल अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। निगरानी तंत्र के जरिए प्रगति की नियमित समीक्षा होगी।

### शेल्टर होम की प्रमुख सुविधाएं

- आधुनिक केनेल्स व आइसोलेशन वार्ड
- पशु चिकित्सा, सर्जरी व टीकाकरण यूनिट
- स्वच्छता, भोजन–पोषण व सुरक्षा
- प्रशिक्षित केयरटेकर व डॉक्टरों की तैनाती

### भूमि (चयनित)

- ललितपुर : 12.182 हेक्टेयर
- हरदोई : 0.2 हेक्टेयर
- बुलंदशहर : 2000 वर्ग मीटर
- फतेहपुर : 0.769 हेक्टेयर

### यूपी में 'गोदान' फिल्म टैक्स फ्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गो संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म गोदान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के इस निर्णय को गो सेवा, गोरक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सरकार का मानना है कि इस तरह की फिल्मों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और गो संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जनजागरूकता बढ़ती है। 'गोदान' फ़िल्म गोवंश संरक्षण, ग्रामीण जीवन, मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर आधारित है।

# मंत्री का घेराव करने वाले भाजपा विधायक से किया जवाब तलब

## भाजपा का पार्टी अनुशासन पर सख्त रुख, प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा कारण बताओ नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का महोबा में सरेआम घेराव करना भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को भारी पड़ता दिख रहा है। मामले में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी इसे खुली अनुशासनहीनता मान रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधायक द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकना और कथित रूप से उन्हें बंधक जैसी स्थिति में डालना पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा है। यह मामला केवल असंतोष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि पर सवाल खड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है।



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घेराव करते विधायक बृजभूषण राजपूत (फाइल फोटो)।

### विधायक बृजभूषण राजपूत का पलटवार

नोटिस जारी होने के बाद विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा है कि उन्हें अभी तक कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वह शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। राजपूत का दावा है कि उन्होंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की, बल्कि जनता की समस्याएं उठाई हैं।

पूरा मामला 30 जनवरी का है, जब महोबा जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला सड़क पर रोक लिया गया। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू अपने क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और मंत्री से सीधे बातचीत की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क पर ही लंबी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विधायक का आरोप था कि उनके क्षेत्र में घर-नल-जल योजना के तहत भारी लापरवाही हो रही है। पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, मरम्मत नहीं कराई गई और अधिकारी कथित रूप से लूट-खसोट में लिप्त हैं। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक का दावा है कि इसी जनसमस्या को लेकर वे मंत्री से प्रधानों के साथ सीधे बात करना चाहते थे।

- 7 दिन में जवाब नहीं देने पर बढ़ सकती मुश्किलें, महोबा प्रकरण में सियासत गरमाई

### विपक्ष को मिला हमला करने का मौका

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। जहां एक ओर भाजपा संगठन के भीतर अनुशासन और मर्यादा को लेकर सवाल उठे हैं, वहीं विपक्ष को योगी सरकार पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्ष लगातार यह सवाल उठा रहा है कि जब सत्तारूढ़ दल के विधायक ही खुलेआम मंत्री का घेराव कर रहे हैं, तो जमीनी हालात कितने खराब होंगे।

# विकास के एजेंडे संग विपक्ष के सवालों का जवाब देने की पूरी तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र नए साल के बजट के साथ विधायी और नीतिगत प्राथमिकताओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़े प्रावधानों को और मजबूत करने पर है। सत्र के दौरान सरकार जहां विकास से जुड़े एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, वहीं विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए भी पूरी तैयारी की गई है।

इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों और संशोधन प्रस्तावों को पारित किए जाने की तैयारी है। जिन प्रस्तावों को सदन में लाया जाएगा, उनमें प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने, प्रक्रियाओं को सरल करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को कानूनी मजबूती देने से जुड़े विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा कुछ मौजूदा कानूनों में संशोधन के प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे, ताकि बदलती जरूरतों के अनुरूप उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि इन विधेयकों के पारित होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत मिलेगी।

सरकार की दो हालिया कैबिनेट बैठकों में पारित प्रस्तावों पर सदन में की मंजूरी ली जाएगी। इनमें वित्तीय प्रबंधन, औद्योगिक विकास, नगरीय व्यवस्था, ग्राम्य विकास और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विषय प्रमुख हैं। 15 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षा जगत के शिक्षकों-कार्मिकों समेत सभी के परिवारों तक को कैशलेस इलाज की सौगात के लिए बजट के प्रावधान किए जाएंगे। जीसीबी नीति से औद्योगिककरण, शहरी पुनर्विकास नीति 2026, सीएम फेलो, पीसीएस–जे समेत अन्य पारित प्रस्तावों और उनसे जुड़े संशोधन पर सदन की मुहर लगेगी।

- सदन में जनवरी की बैठकों में हुए अहम निर्णयों पर लगेगी मुहर
- लोकलुभावन बजट से पहले नीतिगत प्राथमिकताओं पर रहेगा जोर



सरकार का लक्ष्य एक ऐसा बजट पेश करना है, जो न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को बढ़ावा दे, बल्कि महंगाई और रोजगार जैसे मोर्चों पर भी आम जनता को राहत पहुंचाए। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से सदन में प्रस्तुत करने के लिए बजट प्रावधान लगभग पूरी तरह तैयार है।

–सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री

## बजट सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो : महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 में विधानसभा के प्रथम सत्र के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो तथा समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। विधान सभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि लोकतांत्रिक गरिमा एवं संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा एवं सुविधा दोनों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की तैनाती, एंटी एक्सप्लोसिव एवं एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था, विधानसभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई।



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

## लोकमंगल को समर्पित है श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा: योगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा लोकमंगल, जनसेवा और सामाजिक चेतना को समर्पित एक प्रेरक अभियान है, जो महायोगी गुरु गोरखनाथ के संदेश- सबका कल्याण, सबका उत्थान का प्रभावी प्रसार कर रही है। मुख्यमंत्री ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) और इस यात्रा से जुड़े सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों व आयोजकों को बधाई दी। एनएमओ के अवध व गोरक्ष प्रांत द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से 8 फरवरी तक चल रही तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत नेपाल सीमा से लगे सात जिलों के दूरदराज थारू बहुल गांवों में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। पहले ही दिन 70 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



# चालकों–परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत संचालित बसों के चालकों व परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गयी है। अब उन्हें प्रति किलोमीटर 14 पैसे अधिक भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देश से यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब तक संविदा चालकों और परिचालकों को 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 2.32 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाली बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20 प्रतिशत कम रखा गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को कम खर्च में यात्रा की सुविधा मिल रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 क्षेत्रों में स्वीकृत 395 मार्गों पर कुल 299 बसों का संचालन किया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब 2.32 रुपये प्रति किमी मिलेगा भुगतान

## जिला कारागार के बंदी की मौत

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन बंदी 41 वर्षीय विनोद कुमार शुक्ल की मौत हो गई है। वह शुकुलपुर थाना अंतू का रहने वाला था और 2023 से मारपीट के एक मामले में जेल में बंद था। बताया जाता है कि शुक्रवार को सुबह करीब नौ बजे विनोद कुमार शुक्ल को सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसकी जानकारी होने के बाद जेल प्रशासन ने उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर दोपहर में उसकी सांसे थम गईं। वहीं इस बारे में जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि घर वालों को सूचना दी गई है।

## नाले में मिला लापता मजदूर का क्षत–विक्षत शव

संवाददाता, कुंडा (प्रतापगढ़)

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर हिसामपुर (माधवपुर) गांव का 35 वर्षीय मनोज पटेल एक सप्ताह पूर्व घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इससे परेशान उसके घरवाले आस-पास के गांव सहित रिश्तेदारी में पता किये लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसी बीच शुक्रवार की सुबह नवाबगंज के जनवामऊ गांव के पास दुअर नाले में एक छत-विक्षत लाश पानी में ग्रामीणों ने उतराती देखी। सूचना पाकर नवाबगंज पुलिस वहां पहुंची और नाले से शव को बाहर निकलवाया।

ग्रामीणों ने उसकी शिनाख्त एक सप्ताह पूर्व गायब मनोज पटेल के रूप में की। बताया गया कि घटनास्थल के पास ही मनोज पटेल का खेत है। ऊपर से पैंट खुला हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वह शौच के लिए दुअर नाले पर गया होगा। अचानक फिसलने से गहरे पानी में गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक मनोज तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। वह मजदूरी करता था। बाहर भट्टे पर काम करता था। जानकारी होने पर वहां उसके घरवाले भी पहुंचे। उसके पिता राधेश्याम की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## आयुषी मिस एवं शिवांश चुने गए मिस्टर बीएसएस

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी, फुलवारी में शुक्रवार को बारहवीं के विद्यार्थियों की समारोह पूर्वक विदाई की गई। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह, मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने शुभारंभ किया। विनोद सिंह ने आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। गरिमा सिंह, वैष्णवी मिश्रा, जाह्नवी, स्तुति मिश्रा, अनुभव मौर्य ने बारहवीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सृष्टि, सिद्धि एवं ध्रुवी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। आयुषी मिश्रा को मिस एवं शिवांश को मिस्टर बीएसएस चुना गया। प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने बच्चों के साथ केक काट कर शुभकामनाएं दी। संचालन अस्तुत, अनुभव मौर्य ने किया। इस दौरान विशाल केसरवानी, हर्ष शर्मा, मोहिनी शुक्ला, दिग्विजय सिंह, स्कूल कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य, राखी मिश्रा, गर्विता अग्रवाल, तराना आजाद, आयुषी खंडेलवाल, प्रिया सिंह, नीरज विश्वकर्मा, योगेन्द्र श्रीवास्तव, अमित मौर्य आदि मौजूद रहे।



छात्रों, शिक्षकों के साथ केक काटते निदेशक विनोद सिंह।

## संस्कार ग्लोबल के वार्षिक खेलकूद में दिखा जोश, उत्साह व अनुशासन

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जोश, उत्साह व अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। शुभारंभ करते हुए मार्चपास्ट की सलामी लिए। उन्होंने कहा कि खेल आपसी सद्भाव, अनुशासन, शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा देता है। स्कूल की सराहना करते हुए बच्चों को शुभकामनाएं दी। निदेशक रंजन सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने मार्शल आर्ट, विभिन्न प्रकार की ड्रिल, योग, गीत, नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। शिक्षक अर्जुन तिवारी, मो. जफर, चंचल सिंह, अखिलेश सिंह, स्वाती पांडेय के देखरेख में प्रतियोगिता हुई। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संचालन अविनाश सिंह, सर्वेश सिंह ने किया। इस दौरान फौजदार सिंह, विनय सिंह, प्रकाश चंद्र त्रिपाठी, गुंजन सिन्हा, डीएन शर्मा, लक्ष्मी देवी, शुभी अली, संगीत दुबे, स्मृति सिंह, अखिलेश मिश्र, जितेंद्र सिंह, अंकिता तिवारी, सीमा पांडेय, अमित सोनी, सदाशिव शुक्ल, सुधा सिंह, गोविंद सिंह, हिना परवीन आदि मौजूद रहे।



संस्कार ग्लोबल स्कूल में खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र मौर्य।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए थे कुल 127 एनसीसी कैडेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीसी निदेशालय उप्र ने शुक्रवार को जन भवन में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया। इस समारोह में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया।

लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज व मेरठ के कुल 11 एनसीसी ग्रुपों से 127 एनसीसी कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व में आरडीसी- 2026 में उप्र का प्रतिनिधित्व किया। कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय (उप्र) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की।

एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कंपीटिशन बैनर भेंट किया गया, जिसे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को भी आरडीसी - 2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ के लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय के विशेष मार्गदर्शन में इन कैडेटों का चयन राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को योजना के संबंध में ब्रीफिंग देने के लिए किया गया।




जन भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सम्मानित एनसीसी कैडेट व सेना के उच्च अधिकारी।

### स्वर्ण पदक विजेता

एसयूओ अजीत कुमार सिंह–वाराणसी 'ए', एसयूओ दिया नेहरा– अलीगढ़, एसयूओ महक– बरेली, यूओ रूबी–गाजियाबाद, एल/कॉर्पोरल सूरज वर्मा–लखनऊ, कैडेट शिवम तिवारी– प्रयागराज

### रजत पदक विजेता

एसयूओ यश चंद्रा–अलीगढ़, यूओ माधव–बरेली, सार्जेंट आरव सक्सेना–गाजियाबाद, कैडेट सार्जेंट चंद्रमौली उपाध्याय– वाराणसी 'बी', कैडेट अक्षिता सिंह–मेरठ, एसयूओ इशिका यादव–आगरा

# नशे में धुत बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

## रिश्ते का खूनः लोहे की राड से वारकर घटना को दिया अंजाम, शराब के लिए रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचारः गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गड़रिया पीपरखेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर घरेलू विवाद के चलते नशे में धुत बेटे ने लोहे की रॉड (पाइप) से अपनी ही मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर घायल महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

मजरा पीपरखेड़ा के कंजा खेड़ा निवासी शांति देवी (75) पत्नी रामकुमार शुक्रवार को पड़ोस में रहने वाले रमेश के घर के बाहर बैठकर मंजन कर रही थी। तभी दोपहर एक बजे छोटे बेटे राजन उर्फ कल्लू से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि कहासुनी के दौरान गुस्से में आकर राजन ने पास में पड़ी लोहे की रॉड उठाई और मां के सिर पर कई वार कर दिए। अचानक हुए हमले से शांति लहूलुहान होकर गिर पड़ी और उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग पहुंच गए। मृतका का बड़ा बेटा राजेश उस समय गांव से बाहर था। जिसे फोन पर सूचना दी गई। सूचना पर गंगाघाट पुलिस व एएसपी अखिलेश सिंह पहुंचे। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद में हत्या का प्रतीत हो रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वहीं फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किये। इसके साथ ही डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा। मृतका के बेटे राजेश की तहरीर पर राजन उर्फ कल्लू के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।



मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ करते एएसपी। ● अमृत विचार

### तीन साल से मायके में रह रही पत्नी

आरोपी राजन की पत्नी संगीता दो बेटों व एक बेटी के साथ तीन वर्षों से मायके में रह रही है। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। इससे वह बच्चों को लेकर अलग रहने लगी थी।

### नशे का आदी था आरोपी बेटा

ग्रामीणों ने बताया कि राजन नशे का आदी है। शराब को लेकर घर में आएदिन कलह होती थी। पत्नी ने जाजमऊ चौकी में शिकायत भी की थी लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

# बिंदा नगर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर शुरू की मामले की जांच

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूलरूप से हरदोई जनपद के थाना सुरसा क्षेत्र के ग्राम दहिती निवासी अमरेश सविता (40) अपनी पत्नी पूनम, बेटी आयशा (12), आरूषि (7) और बेटे सक्षम (4) के साथ बिंदा नगर में दिनेश वर्मा के मकान में किराए पर रहते थे। वह पल्लेदारी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार को उनकी पत्नी घरों में काम करने गई थीं। दोपहर करीब दो बजे अमरेश ने कमरे में पंखे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद बच्चों की नजर पिता पर पड़ी तो उनकी चीख निकल गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गांधी नगर निवासी अमित कुमार सविता ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। अमरेश की मौत से पत्नी और बच्चों समेत गांव में रह रही मां रामरानी व भाइयों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## न्यूज ब्रीफ

### डंपर से बचने के लिए टकराई तीन बाइकें पांच लोग घायल

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : हरदोई जिला के कस्बा बिलग्राम निवासी छोटेलाल अपनी 3 वर्षीय भांजी आनंदी को लेकर कस्बे में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर शुक्रवार सुबह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी हुलासी कुआं चौराहे पर सामने से आए तेज रफ्तार डंपर से बचने के लिए उन्होंने अचानक ब्रेक लिया। इससे पीछे से आई दो बाइक उसकी बाइक से टकरा गईं। इसमें छोटेलाल व आनंदी, दूसरी बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी लवकुश (18) पुत्र हरिराम व तीसरी बाइक सवार शाहपुर गांव निवासी आकाश (18) पुत्र पुत्तीलाल व उसके बाबा रामकृष्ण (65) घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हाईवे पर टकराई बाइकें, दो घायल

नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : लखनऊ के बाजार खाला थानाक्षेत्र के भदेवा मोहल्ला निवासी नसीम (48) पुत्र नन्हे अपने पैतृक गांव अचलगंज थानाक्षेत्र के मुगुलपुर गया था। शुक्रवार को वह दामाद इमरान के साथ फसल की देखभाल के लिए गया था। जहां से लौटते समय अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर नवाबगंज पुलिस चौकी के पास उसकी बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इससे ससुर-दामाद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों की सूचना पर एनएचएआई की एंबुलेंस उन्हें सीएचसी नवाबगंज लाई। जहां से प्राथमिक उपचार के नसीम को जिला अस्पताल भेज दिया।

# 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा प्रारूप फार्म-6 भरकर करें आवेदन

- डीएम ने दी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इसमें डीएम ने कहा कि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे व आपत्तियां दाखिल की जा रही हैं। 27 फरवरी तक सुनवाई/सत्यापन की कार्यवाही होगी और प्राप्त दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 6 मार्च को निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन होगा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे युवा नागरिक जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या पूर्ण कर रहे हैं तथा जिनका नाम मतदाता सूची मे दर्ज न हो वे मतदाता जो पूर्व पते से स्थानान्तरित होने के कारण गणना प्रपत्र नहीं भर सके हो या जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो ऐसे सभी नागरिक निर्धारित प्रारूप फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) भरकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अभिलेख की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न कर आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, मूलचंद लोधी, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।



श्री राम प्लेज पार्क का निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

### डीएम ने श्री राम प्लेज पार्क का निरीक्षण कर विद्युत समस्या के समाधान के लिए निर्देश

शुक्लागंज, उन्नाव : उप्र सरकार की निजी औद्योगिक पार्कों के विकास योजना के अंतर्गत सहजनी में विकसित हो रहे श्री राम प्लेज पार्क का शुक्रवार को जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान पार्क के प्रवर्तक राजीव किशोर भारतीय ने परियोजना से जुड़ी विस्तृत जानकारी जिलाधिकारी को दी। बताया गया कि प्लेज पार्क लगभग 10.3 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है, जिसमें कुल 37 भूखंड प्रस्तावित हैं। औद्योगिक इकाइयों के संचालन के लिए स्वतंत्र फीडर से 2000 किलोवाट विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता है। हालांकि विद्युत संबंधी समस्याओं के कारण विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्युत आपूर्ति की समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज कुमार, सहायक उपायुक्त उद्योग तथा उद्यमी मित्र भी उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया कान्हा गौशाला का उद्घाटन

हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार : डेढ़ करोड़ की लागत से बनाई गई कान्हा गौशाला का विधायक बृजेश रावत व नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश कनौजिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शुक्रवार को नगर पंचायत न्योतनी क्षेत्र में 2021-22 योजनांतर्गत बनी कान्हा गौशाला का उद्घाटन हुआ। इसके बाद हवन-पूजन कर गौशाला नगर पंचायत के सुपुर्द की गई। गौशाला में 300 गौवंशियों के रहने व खाने पीने की व्यवस्था है। साथ ही कर्मियों के लिए शौचालय, आवास, पशुओं के लिए डिस्पेंसरी व बायोगैस प्लांट का भी निर्माण किया गया है। उद्घाटन के बाद विधायक बृजेश रावत ने कहा कि इस गौशाला के उद्घाटन से आसपास के दर्जनों गांव के किसानों को आवारा पशुओं से होने वाली फसलों के नुकसान में कमी आएगी और गोवंश भी सुरक्षित रहेंगे। विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष ने गोवंशों को माला पहनाकर व गुड़ चना खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान ईओ रोहित कुमार, लिपिक कुलदीप सिंह, हरिप्रकाश सिंह, मिलन पांडे आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर गौशाला का उद्घाटन करते विधायक व अन्य।

### छात्रों को बताया बाल विवाह के परिणाम

उन्नाव, अमृत विचार : विकासखंड सफ़ीपुर के कम्पोजिट स्कूल रनियांमऊ में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बाल विवाह के परिणामों के विषय में छात्रों को बताया गया। कार्यक्रम में शिक्षक अमित तिवारी ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों, दुष्प्रभावों व इसके उपायों के बारे मे जागरूक कर बताया कि यह सामाजिक कुरीति है जो शिक्षा की कमी, गरीबी व लैंगिक असमानता से जुड़ी है। जिससे लड़कियों को अक्सर स्कूल छोड़ना पड़ता है और वे शोषण की शिकार होती हैं। उन्होंने बताया कि 'बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006' के तहत पुरुषों के लिए शादी की उम्र 21 व महिलाओं के लिए 18 वर्ष है। इससे पूर्व शादी करना कानूनी रूप से अपराध है। बीईओ अनीता साह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह को खत्म करना और देश की हर बेटी को सशक्त बनाना है। इसमें संतोषी देवी, देवेन्द्र त्रिपाठी, अनूप साहू, कृपा शंकर, किरण देवी, सरोजनी देवी, राधा देवी, रमा देवी आदि उपस्थित रहे।



बाल विवाह के बारे में जानकारी देते शिक्षक अमित तिवारी।

# 10 से चार ब्लॉकों में खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

उन्नाव, अमृत विचार : फाइलेरिया रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 10 फरवरी से फाइलेरिया रोधी दवा वितरण अभियान की शुरुआत होगी। प्रभारी सीएमओ ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह अभियान जिले के सुमेरपुर, गंजमुरादाबाद, बीघापुर व पुरवा ब्लॉक में चलेगा। प्रभारी सीएमओ हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि अभियान में 576 टीमों के माध्यम से कुल 6,19,518 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कहा कि आयु व लंबाई के अनुसार तीन प्रकार की दवाएं दी जाएंगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है। कुछ लोगों को बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द व उल्टी जैसी हल्की समस्या हो सकती है। जो कुछ समय बाद स्वतः ठीक हो जाती है। बताया कि यह लक्षण उन्हीं लोगों में दिखाई देते हैं जिनके शरीर में पहले से फाइलेरिया के कृमि मौजूद होते हैं। नोडल अधिकारी डॉ. जेआर सिंह ने बताया कि फाइलेरिया की दवा सभी स्वस्थ व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से खानी है। अभियान में डीईसी, एल्बेंडाजोल व आइवरमेक्टिन दवाओं का प्रयोग किया जाएगा। 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी। एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी। बताया कि आइवरमेक्टिन टैबलेट लंबाई के अनुसार दी जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा खिलाएंगी। दवा बाद में खाने के लिए नहीं दी जाएगी। प्रेस वार्ता में एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जांच केंद्र का सर्वर हुआ धड़ाम

- जिला अस्पताल की पैथोलॉजी का सर्वर अचानक ठप हो गया, बिना जांच कराए बैरंग लौटे मरीज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः जिला अस्पताल के पुरुष चिकित्सालय स्थित पैथोलॉजी का सर्वर अचानक ठप हो गया। इससे रक्त संबंधी जांच कार्य बाधित हो गया। काफी प्रयास के बाद भी तकनीकी अड़चन दूर नहीं हुई तो लोगों को मायूस लौटना पड़ा।

बता दें कि जिला अस्पताल के पुरुष चिकित्सालय में औसतन 1000-1200 विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीज ओपीडी में पूरे जिले से आते है। इनमें 200-250 लोगों की चिकित्सक की सलाह पर सीबीसी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, किडनी, लिवर संबंधी जांच की जाती है। शुक्रवार को अचानक करीब एक बजे पैथोलॉजी का सर्वर ठप हो गया। इससे कंप्यूटर पर होने वाले कार्य रुक गए और लोगों का पंजीकरण नहीं हो पाया। इससे उनके सैंपल नहीं लिए जा सके। वहीं जिनके सैंपल लिए गए थे उनकी रिपोर्ट भी नहीं मिल पाई। इसके अलावा ऊपर पैथोलाजी में जांच करने वाली मशीनें भी प्रभावित हो गईं। इससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों व वृद्धों के अलावा दूर से आने मरीजों को हुई। कुछ मजबूरी में निजी जांच केंद्र चले गए। सूचना पर तकनीकी खामी तलाशने के लिए इंजीनियर को बुलाया गया। लेकिन शाम 4 बजे तक खामी पकड़ में नहीं आई।



रिपोर्ट व सैंपल के लिए इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : कंचन नगर-ए स्थित एक स्कूल में श्री ममतामयी मंडल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। जहां पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश स्थापना के बाद कथा व्यास ने कथा का बखान किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। शुक्रवार दोपहर वैदिक मंत्रों के बीच गणेश पूजन के साथ ही ध्वज पूजन हुआ। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं। कलश यात्रा गंगातट पहुंची और वहां से जल लेकर दुर्गा मंदिर होते हुये कथा स्थल पहुंची। यात्रा के समापन के बाद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। जहां श्री वृंदावन धाम से पधारे वल्लभचरणाश्रित केशव देव भक्तमाली ने कथा का बखान किया। जहां परीक्षित कुमार भट्ट के अलावा मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अंबिका में कक्षा 12 के छात्रों को दी गई विदाई

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई व आशीर्वाद समारोह आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन व स्वागत समारोह से हुई। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मनमोहक नृत्य, मधुर गीत व रोचक खेलों ने वातावरण को उत्साह व उल्लास से भर दिया। इस दौरान कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा व विशेष गुणों के आधार पर विभिन्न आकर्षक टाइटल दिये गए। इनमें मास्टर एपीएमपीएस व मिस एपीएमपीएस प्रमुख रहे। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन व नैतिक मूल्यों का महत्व बताते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या मोनिका तिवारी ने भी परीक्षा व भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आत्म विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। इसमें दिनेश त्रिवेदी, कार्तिकेय त्रिवेदी, अनुराज श्रीवास्तव, हरि राठौर, सुभाष अरोड़ा मौजूद रहे।



फेयरवेल पार्टी के दौरान मौजूद अंबिका के बच्चे।

### 32 शिक्षकों को मिले नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ

उन्नाव, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित के नेतृत्व में डीआईओएस सुनील दत्त से मिला और शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर वार्ता की। इसमें बताया कि नोशनल वेतनवृद्धि के आज 32 प्रकरण उप शिक्षा निदेशक कार्यालय, लखनऊ से निस्तारित होकर उनके आदेश कार्यालय आ गये हैं। सम्बन्धित शिक्षक अपना आदेश प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बताया कि उप शिक्षा निदेशक कार्यालय को अब तक 299 प्रकरण भेजे गए थे। इनमे 200 प्रकरण निस्तारित होकर प्राप्त हो चुके हैं।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ चला अभियान

- मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय

शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचारः चाइनीज व शीशायुक्त मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए गंगाघाट पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाया। एसपी के निर्देश पर कोतवाली प्रभारी अजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में पतंग व मांझा बेचने वाली दुकानों की जांच की तथा दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी।

लखनऊ में चाइनीज मांझे में फंसकर एक युवक की मौत के बाद प्रदेश सरकार ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे मामलों को गंभीर मानते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में गंगाघाट पुलिस ने मनोहर नगर, गांधी नगर, आजाद नगर आदि क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों की तलाशी ली गई। हालांकि कहीं प्रतिबंधित चाइनीज मांझा नहीं मिला। पुलिस ने दुकानदारों को हिदायत दी कि वे किसी भी स्थिति में चाइनीज या शीशायुक्त मांझा न बेचें। चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार चोरी-छिपे इसकी बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पतंग की दुकान में चायनीज मांझे की चेकिंग करते इंस्पेक्टर। ● अमृत विचार

# डीआइओएस के विरोध में किया पैदल मार्च

- शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के संगठनों ने किया आयोजन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचारः उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) के कृत्यों के विरोध में गांधी प्रतिमा, फूलबाग से लखनऊ तक पैदल मार्च निकाला जा रहा है। शुक्रवार को सभी शुक्लागंज पहुंचे। जहां संघ के संयोजक हरिश्चन्द्र दीक्षित ने बताया कि 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने साथियों के साथ प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कानपुर नगर, उन्नाव व लखनऊ के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

शिक्षणेत्तर संघ के महामंत्री शिव बहादुर यादव के स्टे आदेश के बावजूद सितंबर 2023 से वेतन रोकेने, बिना वित्तीय सहमति पदोन्नति करने, वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं के अवशेष भुगतान लंबित रखने व कई विद्यालयों का वेतन निलंबित करने जैसे आरोप लगाए गए। साथ ही कार्यालय कर्मियों से अभद्र व्यवहार का भी आरोप है। प्रदर्शनकारियों ने डीआईओएस को पद से हटाने की मांग की। मार्च में शिव बहादुर यादव, पंकज कुमार, रितेश सचान, पवन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी रहे।



लखनऊ की ओर जाता 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

## कार्यक्रम

### वैश्विक स्तर पर वाणिज्यिक विवादों के समाधान में आर्बिट्रेशन की बढ़ती भूमिका पर डाला गया प्रकाश

# सीयू यूपी में इंटरनेशनल समिट 1.0 का भव्य शुभारंभ

नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचारः देश की पहली एआई ऑगमेंटेड निजी यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उप्र में चार दिवसीय "इंटरनेशनल समिट 1.0 ऑन इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन द ग्लोबल ट्रेंड"का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर वाणिज्यिक विवादों के समाधान में आर्बिट्रेशन की बढ़ती भूमिका, नए ट्रेंड्स व व्यावहारिक चुनौतियों पर गहन विमर्श करना है।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. डॉ. अमर पाल सिंह रहे। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार के तेजी से विस्तार के साथ अंतरराष्ट्रीय विवादों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में आर्बिट्रेशन एक तेज, निष्पक्ष व प्रभावी न्यायिक समाधान के रूप में उभर रहा है। जो कम समय व कम खर्च में न्याय सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज़ के निदेशक के स्वागत भाषण से हुई। वहीं प्रो-वीसी (रिसर्च) प्रो. डॉ. सुसान एलियास ने छात्रों को वैश्विक कानूनी परिदृश्य की बारीकियों को समझने व अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन केवल थ्योरी नहीं, बल्कि एक प्रैक्टिकल स्किल है, जिसे मूट कोर्ट, नेगोशिएशन और इंडस्ट्री एक्सपोज़र के माध्यम से निखारा जाता है। प्रो. डॉ. अमरपाल सिंह ने कहा कि सिंगापुर व हांगकांग जैसे देश इस क्षेत्र में आगे हैं लेकिन भारत में भी अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए छात्रों को इंटरनेशनल एक्सपोज़र, स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज जैसे अवसर देना बेहद जरूरी है। अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विशेषज्ञों से संवाद किया। यह चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन छात्रों के लिए ग्लोबल लॉ करियर की दिशा में एक मजबूत व ज्ञानवर्धक मंच साबित हो रहा है।



सम्मेलन को संबोधित करते कुलपति प्रो. डॉ. अमर पाल सिंह व कार्यक्रम में मौजूद छात्र। ● अमृत विचार

# सामूहिक यज्ञोपवीत एवं विवाह कार्यक्रम संपन्न

- 70 बटुकों का यज्ञोपवीत व पांच कन्याओं को हुआ विवाह

उन्नाव, अमृत विचारः नव युवा ब्राह्मण कल्याण महासभा के तत्वावधान में कलक्टरगंज फाटक स्थित शिव मंदिर में 70 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार व 5 कन्याओं का विवाह प्रधान आचार्य शिवओम दीक्षित व उनके सहयोगियों द्वारा सम्पन्न कराया गया। इसमें सभी वटुकों को उनके परिजनों ने भिक्षा दी और कन्याओं का कन्यादान किया।

कार्यक्रम का संयोजन आशुतोष तिवारी व उमा द्वारा किया गया। संस्था अध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने वर व कन्याओं को आर्शीवाद दिया। वब्देव तिवारी ने ग्रह उपयोगी सामान का वितरण वधुओं को किया। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व सांसद अन्नू टंडन, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा व विमल द्विवेदी द्वारा वर-वधुओं को गृह उपयोगी सामान दिया व उनके दाम्पत्य जीवन में मंगल कामना की। इसमें अनुराग तिवारी, देवेन्द्र वाजपेई (महामंत्री), अमित पाण्डेय, अतुल तिवारी, अतुल तिवारी, अलोक तिवारी, राहुल, ऋषी पाण्डेय, अमित तिवारी व प्रतापभानू आदि मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सतीश कुमार पुत्र रामआसरे निवासी मोहल्ला हटिया परगना व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 31-01-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र,आधार कार्ड की छायप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थी ने मोहल्ला भंगियाना/सिदार्थनगर बाँगरमऊ का एक किता प्लाट अपने भाई अनिल कुमार गुप्ता व विनीत के साथ मिलकर विक्रेता श्री मोहम्मद मोईन पुत्र सलामतुल्लाह व नुरुल हसन पुत्र हाजी अमीरुल हसन निवासी मोहल्ला गुलाम मुस्तफा पर0 व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26-06-2021 को प्लाट क्रय कर गोड़े का निर्माण कर लिया है। जिसकी माप पूरब से पश्चिम 20 फिट व उत्तर से दक्षिण 55 फिट कुल माप 1100 वर्गफीट या 102.24 वर्गमीटर उक्त गोड़े की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- मकान सुमन पश्चिम- मकान मूलचन्द्र उत्तर- रास्ता खड़ंजा 15 फिट दक्षिण- प्लाट फिरोज आलम प्राथह्न के भाई अनिल कुमार गुप्ता की मृत्यु हो चुकी है। प्राथह्न ने अपने उपरोक्त गोड़े को पालिका कर पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपनी माता निर्मला पत्नी स्वद्घरामआसरे, सतीश कुमार व विनीत पुत्रगण स्वद्घ रामआसरे के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है।पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बाँगरमऊ उन्नाव**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने किया मोहल्ले के लोगों से संवाद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला मलकापुर में शाम सात बजे गश्ती पुलिस ने सभासद प्रतिनिधि की अध्यक्षता में एक बैठक करके मोहल्ला वासियों से सीधे संवाद किया और सुरक्षा को लेकर एहतियात बरतने की अपील की। उपनिरीक्षक विपिन चंद्र ने सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खां की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा बैठक में कहा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए वार्डों में यह सुरक्षा बैठकें की जा रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने संपन्न लोगों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। इस मौके पर फिरोज अली खान, राजाराम, सिराज खान, मोअज्जम खान, यामीन खान, बाबूराम अफगान मनन साकिब खान, फहीम खान आदि मौजूद रहे।

### आईडीए अभियान 10 से

**हरदोई, अमृत विचार।** राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद के दो विकास खंड सुरसा एवं कछौना—में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों एवं उद्देश्यों को लेकर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2027 तक फ़ाइलेरिया उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईडीए अभियान सरकार की प्राथमिकता है।

### युवक से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय के आदेश पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धांधामऊ थाना साण्डी निवासी गिरीश ने कोतवाली बिलग्राम में दी गई तहरीर में बताया कि बीते दो फरवरी की सुबह वह किसी काम से बगुलहिया तिराहे पर गया था। इसी दौरान उसके ही गांव के अखिलेश पुत्र शिवकुमार, रामकुमार, शिवकुमार तथा धीरु ने उसे घेर लिया और जमकर मारपीट की गई।

# लक्ष्मीपुरवा में नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

अमृत विचार IMPACT

- किसानों के नुकसान व गांव में जलभराव की खबर छपने के बाद प्रशासनिक कवायद हुई तेज
- रजुआपुर से सरावर होते हुए नारवा में होगी जल निकासी

**अमृत विचार।** लक्ष्मीपुरवा में जलभराव की समस्या को लेकर अमृत विचार में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। अधिकारियों की मौजूदगी में गांव में नाला खोज एवं निर्माण का कार्य शुरू कराया गया है। 5 फीट से लेकर 3 फीट चौड़ाई तक प्रस्तावित नाले का चिन्हांकन कर आगे की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

प्रस्तावित नाला रजुआपुर होते हुए सरावर गांव की ओर ले जाया जाएगा, जहां ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख जलनिकासी स्रोत नारवा नाले में पानी गिराया जाएगा। इससे लक्ष्मीपुरवा सहित आसपास के गांवों को जलभराव से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बहादुर नगर लक्ष्मीपुरवा क्षेत्र में खेत मालिक अम्बेद कुमार की सहमति से कार्य शुरू हुआ। मौके पर ग्रामीण इंद्रपाल, जगदीश कुमार, राजकुमार, फूलचंद, वीरेंद्र प्रताप और जनार्दन समेत कई लोग मौजूद रहे और नाले की दिशा व चौड़ाई तय करने में सहयोग किया।

ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई थी, जिसके चलते आलू, रब्बी की फसल, लाही और गन्ना समेत कई फसलें पानी भरने से नष्ट हो चुकी हैं। किसानों का कहना है कि यदि नाला निर्माण पहले हो जाता तो नुकसान कम हो सकता था। अधूरी नहर के रजवाहे के कारण गांव में जलभराव की स्थिति बनी रहती थी, जिससे घरों व गलियों में पानी भर जाता था और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई तेज हुई और अब नाला निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है। यदि निर्माण कार्य समय से पूरा हुआ तो वर्षों पुरानी समस्या से गांव को राहत मिल सकती है और खेतों व गलियों में जमा पानी से स्थायी निजात मिलने की संभावना है।


अधूरी नहर का रजवाहा बना हर साल की तबाही

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड ओवर ब्रिज के पास बीए की छात्रा ने मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। सूचना र पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। उसी बीच छात्रा को ढूंढ रहे उसके घर वाले जीआरपी थाने पहुंचे और वहां दिखाए गए फोटो से उसकी शिनाख्त की। छात्रा के आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

शुक्रवार की शाम को सीतापुर रोड ओवर ब्रिज के पास 19 वर्षीय युवती ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर वहां पहुंची जीआरपी टीम ने शव को कब्ज़े में लेते हुए शव की पहचान करने में जुट गई। उधर मंगलीपुरवा रेलवे क्रासिंग के पास सैलून चला रहे कोतवाली देहात के सैय्यापुरवा निवासी बब्लू अपनी पुत्री शिवानी को खोज रहा था। हादसा होने का पता चलने पर वह जीआरपी थाने पहुंचा और शव की शिनाख्त अपनी पुत्री शिवानी के रूप में की। बब्लू ने बताया कि शिवानी बीए (प्रथम वर्ष) की छात्रा थी। शुक्रवार की शाम वह घर से निकली थी, देर शाम तक घर न पहुंचने पर परिजन उसकी यहां-वहां तलाश कर रहे थे।

### आउटर पर 25 मिनट खड़ी रही पंजाब मेल

**हरदोई।** हादसा होने का पता चलने पर वहां पहुंची जीआरपी टीम ने शव को वहां से अलग हटा कर रेलवे ट्रैक खाली कराया, जिसमें करीब 25 मिनट लग गए। इस दौरान अप रूट पर आ रही 13005 अप पंजाब मेल के पहिए वहीं पर ठहर गए और ग्रीन सिग्नल होने के बाद आगे बढ़ी।

### 6 लोगों की मौत की अफवाह से मचा हड़कंप

**हरदोई।** एसडीएम सदर सुशील मिश्र के पास आए फोन, जिसमें सीतापुर रोड ओवर ब्रिज के पास हुए हादसे में 6 लोगों की मौत होने की खबर दी, इतना सुनते ही एसडीएम सन्न रह गए, आनन-फानन में सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अलावा कोतवाली शहर और देहात की पुलिस टीम वहां पहुंच गई, लेकिन वहां पहुंचने पर जब सच्चाई सामने आई, तब कहीं अफसरों की जान में जान आई।

# बारात का पिकअप विद्युत पोल से टकराया, दूल्हे के भाई की हुई मौत

## बघौली-प्रतापनगर रोड हुसैनपुर के पास ओवरटेक करने में हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दूल्हे का चचेरा भाई दहेज़ ले जा रहे पिकअप पर सवार था, उसी बीच बघौली-प्रतापनगर रोड पर हुसैनपुर गांव के पास ओवरटेक करने में पिकअप बिजली के सीमेंटेड पोल से टकराया, पोल के टूट कर गिरने से दूल्हे के दोनों चचेरे भाई व पिकअप ड्राइवर ज़ख्मी हो गए, जिन्हें मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां दूल्हे के छोटे भाई की मौत हो गई।

बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के प्रतापनगर चौराहा निवासी 22 वर्षीय अमन द्विवेदी अपने बड़े भाई हर्षित के साथ नोएडा में नौकरी करता था, गुरुवार को अमन के चचेरे भाई दुर्गेश की शादी थी। अमन अपने भाई के साथ शादी में शामिल होने के लिए दो फरवरी को घर आ गया था।


मृतक अमन की फाइल फोटो।

गुरुवार की शाम को दुर्गेश की बारात माधौगंज के एक गेस्ट हाउस पहुंची, शुक्रवार को विदाई हुई, शादी का दहेज़ पिकअप पर रखा गया, अमन अपने बड़े भाई हर्षित के साथ उसी पिकअप से घर लौट रहा था। हर्षित ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठा था, जबकि अमन पिकअप के पीछे कुछ दहेज़ पकड़े हुए था। रास्तें में बघौली-प्रतापनगर रोड पर बघौली थाने के हुसैनपुर के पास किसी दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करने में पिकअप बिजली के सीमेंटेड पोल से टकरा गई, पोल टूट कर पिकअप के पीछे अमन पर जा गिरा, जिससे अमन बुरी तरह ज़ख्मी हो गया और पिकअप ड्राइवर व हर्षित को भी चोटें आईं। अमन को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। अमन दो भाइयों में छोटा था। हादसे से पूरे घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया।

### बारात में बैंड बजा रहे चार युवकों को लगा करंट, मेडिकल कॉलेज में एक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बारात में बैंड बजा रहे युवक अचानक करंट की चपेट में आ गए, गुरुवार की रात मढ़िया गांव में हुए हादसे से बारातियों में भगदड़ मच गई, आनन-फानन में चारों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां देर रात एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। शाहाबाद के मोहल्ला गिगियानी निवासी 18 वर्षीय सोहेल सिलाई का काम करता था। उसके ताऊ लतीफ की बैंड पार्टी है। गुरुवार को कोतवाली देहात के मढ़िया की बुकिंग थी। गुरुवार को लतीफ अपने साथियों बुद्ध बाज़ार निवासी शबलू (40), शाहजहांपुर ज़िले के अल्हागंज निवासी शोएब (30) और 22 वर्षीय अन्य युवक के साथ मढ़िया आने लगे। भतीजा सोहेल और उसका बड़ा भाई तबरेज़ भी साथ चल दिया। लतीफ ने बताया कि रात में सारे साथी काम कर रहे थे। बैंड और उसकी लाइट के लिए जनरेटर चल रहा था। उसी बीच अचानक करंट फैल गया, जिसमें शबलू, शोएब व तीसरे युवक के अलावा सोहेल झुलस गया। हादसा होने से बारातियों में भगदड़ मच गई। सारे युवकों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां सोहेल की देर रात मौत हो गई। पांच भाइयों व एक बहन में एक बड़ा और चार उससे छोटे है।

### साइबर ठग ने खाते से उड़ाये करीब तीन लाख रुपये, केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** साइबर ठग ने खाते से करीब तीन लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के मोहल्ला मिर्जापुर कस्बा निवासी मोहम्मद इतिशाम ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र बताया कि मेरा बचत खाता इंडियन बैंक की शाखा मल्लावा में है। 26 जनवरी को मोबाइल पर मैसेज आया। उसके पश्चात जब 3 फरवरी को इंडियन बैंक शाखा मल्लावां गया तथा बैलेंस चेक किया तो ज्ञात हुआ कि मेरे खाते से अलग-अलग दो ट्रांजैक्शन के माध्यम से 2,95,788 रुपया औरा गोल्ड नाम की कंपनी को ट्रांसफर हुए, जिसे मैंने ट्रांसफर नहीं किया है। जब कंपनी के कस्टमर केयर से बात की तो बताया कि आपका पैसा पानो देवी नाम से संबंधित व्यक्ति द्वारा संबंधित बैंक जिओ पेमेंट लिमिटेड द्वारा निकाल लिए गए हैं। मेरे साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर साइबर अपराध करके उपरोक्त द्वारा रुपया निकाल लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण हो : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई में एक राशन कार्ड, एक दिव्यांग पेंशन, दो बाल सेवा योजना तथा एक निराश्रित महिला पेंशन के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये तथा प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि.रा. प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### गौ आधारित प्राकृतिक खेती को दें बढ़ावा

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे कृषि सेक्टर की बैठक की हुई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग व पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अब तक की प्रगति के बारे मे बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड बनवाये जाये। गौआधारित प्राकृतिक खेती को बढावा दिया जायें। उन्होंने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि एफपीओं के माध्यम से टूरिस्म, राइस ब्रान आयन प्रोडक्शन को बढावा दिया जाये। किसानों को खेती के साथ ही खेत तालाब योजना का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के किसान उन्नति खेती कर अच्छा उत्पादन करें जिसे भारत ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान निर्यात कराकर जनपद का नाम रोशन करें।

# सड़क हादसों में युवक की मौत, 7 घायल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं सफीपुर व अजगैन कोतवाली क्षेत्र में बाईकों की टक्कर में 7 लोग चोटहिल हुए। इनमें 6 को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगीकोट गांव निवासी जितेंद्र द्विवेदी (35) पुत्र यदुनंदन प्रसाद बीती गुरुवार शाम बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी रिश्तेदार के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जहां से देरशाम लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर एक्सप्रेस-वे अंडर पास के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। सिर में आई गंभीर चोटों के कारण डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर किया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर घर लौट आए। बिना पुलिस को सूचना दिये शुक्रवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पति की मौत से पत्नी आस्था बेहाल रही। उसके दो बच्चों में बेटा अथर्व व बेटी रनिका है। जितेंद्र एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था। वहीं बांगरमऊ पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।


जितेंद्र का फाइल फोटो।

# दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपी पति को भेजा जेल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या के मामले में फरार आरोपी को जेल भेजा है।

बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सहदानी गांव निवासी बसंत कुमार की पत्नी रीमा देवी की बीती 14 जनवरी को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। पिता मूलचंद निवासी उमरिया भगवन्तपुर फतेहपुर चौरासी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि विवाह के बाद से ही दहेज में दो लाख रुपये व बाइक की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। पति बेटी से अक्सर मारपीट करता था। उसी ने बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाया है। रिपोर्ट दर्ज कर सीओ संतोष सिंह ने मामले की जांच की। शुक्रवार को दरोगा मदनचन्द्र ने दबिश देकर संडीला मार्ग सहदानी तिराहे से गिरफ्तार किया।

### फ्री मेडिकल कैंप 8 फरवरी को

**बांगरमऊ उन्नाव।** आगामी 8 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम तक नगर के लखनऊ रोड पर 'खैरुल बशर फ्री मेडिकल कैंप' का आयोजन होगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त सलाह देंगे। अली अहमद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित खैरुल बशर फ्री मेडिकल कैम्प में प्रदेश के विभिन्न प्रसिद्ध अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं देंगे।

### आलिम की डिग्री पाने वालों को किया गया सम्मानित

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित मदरसा मिफताहुल उलूम में आलिम की डिग्री पाने वाले छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित हुआ। इसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग, अभिभावक व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य दीनी तालीम हासिल कर समाज को सही दिशा देने वाले छात्रों का हौसला बढ़ाना था। इस अवसर पर गांव सैंता निवासी भाजपा नेता रईस खान पप्पू के पुत्र मौलाना अबुज़र को आलिम की डिग्री मिलने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मौलाना अबुज़र की इस उपलब्धि पर सैकड़ों लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दीं। वक्ताओं ने कहा कि दीनी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारिया निभाना भी आज के समय की बड़ी जरूरत है। उलेमाओं ने कहा कि आलिम दिन की खिदमत के अलावा समाज को भाईचारे, नैतिकता व इंसानियत का संदेश देने का कार्य करते हैं।

# एसपी ने किया आरक्षी बैरक का लोकार्पण

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा व रघुरामपुर पुलिया के पास नव निर्मित आरक्षी बैरक का शुक्रवार शाम एसपी जय प्रकाश सिंह ने लोकार्पण किया। यहां एक दरोगा व दो आरक्षियों की तैनाती भी की गई। जिससे आसपास क्षेत्र के गावों के लोगों को तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी। बता दें कि बीते वर्ष हरदोई-उन्नाव मार्ग पर गांव फतेहपुर खालसा व रघुरामपुर पुलिया के पास एक पुलिस पिकेट भवन का निर्माण जनसहयोग से कराया गया है। उसके पास ही एक आरक्षी बैरक का नव निर्माण कराया गया है। जिसका शुक्रवार शाम एसपी जय प्रकाश सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इसमें दरोगा अशोक सोनकर व 2 आरक्षियों की तैनाती की गई है। यहां पुलिस की तैनाती होने फतेहपुर खालसा, फतेहपुर हामजा व रघुरामपुर के अलावा लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर लोगों को तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी। इसके अलावा महिलाओं में भी सुरक्षा की भावना बनी रहेगी। इस दौरान सीओ बांगरमऊ संतोष सिंह, बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय व नगर पुलिस चौकी प्रभारी अनिल साहू मौजूद रहे।


बैरक का लोकार्पण करते एसपी जय प्रकाश सिंह।

लिया जायजा — सीडीओ ने किया विकास खंड का किया औचक निरीक्षण, ग्राम चौपाल लगाई

# गैरहाजिर मिले 9 कर्मचारियों का वेतन रोका

संवाददाता, औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** सीडीओ कृति राज ने शुक्रवार को विकासखंड औरास का औचक निरीक्षण किया। इसमें 9 कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित मिले। जिनका 6 फरवरी का वेतन रोकते हुए 3 दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। कार्यालय में अभिलेखों के अव्यवस्थित रखरखाव व साफ-सफाई न होने पर खंड विकास अधिकारी दीप शिख वर्मा को कड़ी फटकार लगाई।

सीडीओ ने निर्देश दिए कि हर कार्यदिवस में सुबह 10 से 12 बजे तक नियमित रूप से जन सुनवाई की जाए और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत सचिवालयों में ग्राम पंचायत सत्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीणों को विकास खंड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत बैरी में आयोजित ग्राम चौपाल में भाग लिया। कृषि विभाग को किसानों तक योजनाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। चौपाल में 3 महिलाओं की पेंशन संबंधी शिकायत पर एक सप्ताह में पेंशन स्वीकृत कराने के आदेश दिए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना करते हुए अधिक महिलाओं को समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी ली। इस दौरान एक बच्चे का अन्नप्राशन व धात्री महिला की गोदभराई कराई। चौपाल में 23 परिवारों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।


ग्राम चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनतीं सीडीओ व अन्य अधिकारी।

### गंगा कटरी बचाओ अभियान के तहत हुई बैठक

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** गंगा कटरी क्षेत्र में लगातार हो रही भूमि कटान, बाढ़ की स्थायी समस्या व किसानों की उजड़ती खेती को लेकर चल रहा "गंगा कटरी बचाओ अभियान" अब संगठित जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इसके तहत कटरी क्षेत्र के विभिन्न गावों में लगातार जन बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में एडवोकेट संजीव त्रिवेदी ने कहा कि गंगा की बदलती धारा व हर वर्ष बढ़ती कटान ने हजारों किसानों को संकट में डाल दिया है। उपजाऊ कृषि भूमि तेजी से नदी में समा रही है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना सं0 NER-LJN-2026-24**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई निविदा संख्या:**– NER-LJN-2026-24, **कार्य का नाम:**– पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ द्वितीय के अनुभाग विभिन्न ट्रैक कार्य से सम्बन्धित 52 kg/90 UTS, 60 kg/90 UTS, 60kg/R260 रेलों के वेल्डिंग एवं पोर्शन के आपूर्ति का कार्य।, **अनुमानित लागत:**– 12985999.74, **अग्रिम धन (रु):**– 214900.00, **समापन अवधि:**– 09 माह, **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-24** के लिये ई–निविदा दिनांक **26.02.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी।, **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू–451

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**एच0सी0जे0 फार्म नं033 भाग 7**
**हेतु संदर्भित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीडी) FTC कोर्ट नं0–43 स्थान
जिला– बाराबंकी
वाद संख्या– सन् 2025 ई0
ता0पेशी–21/02/2026

**रेशमा बानो – वादी**

राशिद अली अकबर उर्फ बब्लू, खैरुननिशा पत्नी अकबर अली, शमीम बानो उर्फ मुन्नी, मन्तशा पुत्री पप्पू खान, मो. यूसुफ पुत्र अकबर अली, निवासी– म.न. 439/49 खोया मण्डी के पीछे रानी कोठी, मोहल्ला व पो., थाना ठाकुरगंज, जनपद लखनऊ।

**– प्रतिवादी**

चूंकी उपरिनामांकित .....को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई0 के 21 के दिवस को 10:00 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज के 29.01. 2026 के दिवस को निकाली गई।

**सिविल जज (जु0डि0)/FIL कोर्ट सं.–43 बाराबंकी**

## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में पूर्व में भूलवश धारणा सिंह व जन्म तिथि 02–06–2018 दर्ज हो गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम अदिति सिंह व जन्म तिथि 02–06–2019 पुत्री श्री कृष्ण अवतार निवासी– ग्राम भाऊपुर, पोस्ट– परौख, जिला– मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) है। मेरी पुत्री अदिति सिंह को इसी नाम से जाना पहचाना जाए एवं अभिलेखों में भी दर्ज किया जाए। - **संरक्षक/पिता- कृष्ण अवतार पुत्र श्री भगवान सिंह, निवासी- ग्राम- भाऊपुर, पोस्ट- परौख, जिला- मैनपुरी (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अवनींद्र नाथ शाक्य (Avanindra Nath Shakya) दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही नाम अवनींद्र नाथ शाक्य (Avnindra Nath Shakya) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अवनींद्र नाथ शाक्य पुत्र राम नाथ शाक्य, निवासी 9 ए, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा।**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुनीता शाक्य दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम सुनीता है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुनीता पत्नी अवनीन्द्र नाथ शाक्य नि0- 9A फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा**

**सूचना**

हम अरुण कुमार गांगुली पुत्र एस.एन. गांगुली तथा मेरी पत्नी आभा गांगुली दोनों निवासी–212 मानस एन्क्लेव फरीदी नगर इंदिरा नगर सीमैप लखनऊ उत्तर प्रदेश संयुक्त रूप से अपने छोटे पुत्र रितेश गांगुली व उसकी धर्म पत्नी मनीषा कश्यप पुत्री रतन लाल कश्यप को हमारी समस्त चल–अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल कर रहे हैं अब से हम लोगों का इनसे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**

मै SALEEM AHMED SIDDIQUI पुत्र श्री MOHAMMAD AZEEM, निवासी म0नं0–61/50, हाता ख्वाजा गौहर, हुसैनगंज, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MOHD SALEEM SIDDIQUI कर लिया है, अतः आज से मुझे MOHD SALEEM SIDDIQUI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**Public Notice**

I would like to bring to your attention that I am a student of Class 9 [A] in this school. The school records incorrectly show my name as 'Lokesh Sonkar', whereas my actual name is 'Lokesh'. I kindly request you to correct my name in lokesh all school records and any documents future'.Lokesh s/o Laxmi Prasad, Add- Bichali Mohalla, Dafali Tala Purani Basti, Distt-Uttar Pradesh-272002

**सूचना**

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति फ्लैट संख्या 503, ब्लॉक–बी, पंचम तल, आर्किड टावर, ओमैक्स रेजिडेंसी, सरसावां, लखनऊ की मूल रजिस्ट्री (बैनामा) कहीं गुम हो गई है, जिसकी L.A.R. संख्या 20260000143150, दिनांक 05–02–2026 है। जिसको कहीं गिरवी/बंधक आदि नहीं रखा गया है इसका उपयोग अमान्य एवं शून्य माना जाएगा। **रूचिर खरे, मो0–8765078547**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि पूर्व मे नाम दिलीप बर्नवाल (DILEEP VERNWAL) या अब बदलकर दिलीप कुमार बर्नवाल (DILEEP KUMAR VERNWAL) हो गया हैं। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। DILEEP KUMAR VERNWAL Village- Nirvahanpur, Post-Durgapur Thana-Piperpur Amethi--228159

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री प्रियाँशी पाल का नाम बदलकर तनिसी सिंह पाल रख लिया है। उसकी जन्म तिथि 17/12/2012 है। भविष्य मे प्रियाँशी पाल को तनिसी सिंह पाल के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जाये। **गिरिजा शंकर पुत्र स्व.प्यारे लाल पाल निवासी–राम टोला खरिका तेलीबाग, लखनऊ उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

मैं **तहूरा स्वाले पुत्री श्री नियाज अहमद पत्नी श्री स्वाले जमाल निवासिनी– एस. एस. 35 मोती झील कालोनी ऐशबाग लखनऊ उ0प्र0,** मेरा विवाह से पूर्व नाम तहूरा फातिमा (TAHOORA FATIMA) था परन्तु विवाह के उपरान्त नाम तहूरा स्वाले (TAHOORA SWALEY) कर लिया है अर्थात दोनो नाम मेरे ही है एवं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती है। जहाँ कहीं भी तहूरा फातिमा (TAHOORA FATIMA) है उसके स्थान पर तहूरा स्वाले (TAHOORA SWALEY) पढ़ा लिखा जाये एवं सही माना जाये।

**सूचना**

मैं, **शैहला मेंहदी पुत्री सैय्यद मोहम्मद मेंहदी, निवासी–206/20, ड्योढ़ी, आगामीर, लखनऊ, उ0प्र0,** मैने मुंशी परीक्षा, बोर्ड ऑफ अरेबिक एण्ड परसियन से वर्ष 2007 में उत्तीर्ण की थी। उक्त परीक्षा की मार्कशीट में मेरा नाम SHHALA MEHANDI लिखा है, जो कि गलत है। जबकि सही नाम शैहला मेंहदी SHAILA MEHDI पुत्री सैय्यद मोहम्मद मेंहदी SYED MOHAMMAD MEHDI है, जो मैने यूपी बोर्ड मदरसा, एजूकेशन, लखनऊ में दूसरी मार्कशीट में सही करा लिया है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने छोटे पुत्र अंकित पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम कुण्डरा कलॉ थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ को उसके खराब चाल चलन आचरण व आराजक तत्वों के साथ बुरे कर्म करता रहता है जिस कारण मै अपने छोटे पुत्र को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **मूलचन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी ग्राम कुण्डरा कलॉ थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ**

न्यूज ब्रीफ

### दबंग पिता-पुत्र ने ग्रामीण को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मंसूर नगर गांव में दबंग पिता-पुत्र ने भूमि विवाद में ग्रामीण से मारपीट कर धमकी दी। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मंसूर नगर निवासी शिवा गुप्ता के अनुसार 4 जनवरी को वह अपने चबूतरे कि नींव भर रहा था, उसी समय गांव के रजनीश अपने पिता छेदमी के साथ आए और गाली गलौज करते हुए नींव की ईंटें उखाड़ कर फेंकने लगे। मना करने पर गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पिहानी कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### घर में घुसकर महिला पर गड़ासे से हमला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के घुरहा गांव में कुछ दबंगों ने घर में घुसकर महिला को गड़ासे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। ग्राम घुरहा निवासी सरोज कुमारी पत्नी राममिलन की तहरीर पर पुलिस ने गांव के पूरनमल उर्फ वर्मा, चमन, रमन, अमन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मज़ार पर जा रही वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बुजुर्ग ज़ायरीन जिंदपीर की मज़ार पर जा रही थी, लखनऊ-पलिया हाई-वे पर लालपालपुर चौराहे के पास बोलेरो ने



उसे टक्कर मार दी। 100 बेड हास्पिटल में इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर के पालपुर की 66 वर्षीय देवका पत्नी किशनपाल गुरुवार को लालपालपुर चौराहे से होते हुए जिंदपीर की मज़ार पर जा रही थी, उसी बीच चौराहे से कुछ दूर पहुंचते ही लखनऊ की तरफ से आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मारी और भाग निकली।

# जल जीवन मिशन योजना बनीं लोगों के लिए मुसीबत



पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कें।

संवाददाता, हरदोई

- **पाइप लाइन डालने के लिए दो वर्ष पहले गांवों की खोदी गईं सड़कों की आज तक नहीं हो सकी मरम्मत**
- **नल की टोटियों से पानी की आपूर्ति भी नहीं हो रही**

**अमृत विचार।** ब्लॉक बावन ग्राम पंचायत सहिजना में जल जीवन मिशन के तहत जेसीबी व लेवरों के द्वारा तोड़ी गई सड़कें बन रही बड़ी मुसीबत। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल पहले पाइप लाइन डालने के लिए तोड़ी गई सड़कों की अभी तक नहीं हुई मरम्मत गांव में पाइप लाइन तो पड़ गई घर घर टोटी भी लगाई जा चुकी है परन्तु ना तो टोटियों में पानी आया है अभी तक और नहीं सड़क की मरम्मत हुई है। हैरानी की बात यह कि ग्राम वासियों को यह भी नहीं पता कि गांव में कहां से आयेगा पानी। क्योंकि ग्राम सभा में टंकी तो बनी नहीं है। तोड़ी गई सड़कों ठीक प्रकार से बंद भी नहीं किया गया। जिससे गांव में सड़कों पर गहरे गहरे गड्ढे हैं जो बरसात होने पर उन में पानी भर जाता और कीचड़ बना रहता जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आते जाते समय फिसलकर गिरने का डर रहता है। स्कूली बच्चो और ग्रामीणों को आने जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से पाइप लाइन डाली गई है तब से आज तक कोई जिम्मेदार देखने नहीं आया। जिसकी शिकायत कई बार 1076 पर भी की गई। दो साल पहले पाइप लाइन डाली गई है लेकिन अभी तक नही हुई सड़क की मरम्मत। स्कूल जाते आते समय स्कूली बच्चे और ग्रामीण टूटी हुई रोड का शिकार भी बन जाते हैं जिससे उन्हें काफी ज्यादा छोटे आती लेकिन जिम्मेदारों को क्या फर्क पड़ता है इस से उन्हें तो बस रोड तोड़नी थी जो तोड़ दी गई। जिम्मेदारों को थोड़ी न आना है गांव में ग्रामवासियों का कहना की आखिर क्यों नहीं हो रही है सड़कों की मरम्मत आलाधिकारी क्यों नहीं दे रहे ध्यान अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने पर स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की समस्या का समाधान होता है या फिर इसको अनदेखा कर दिया जाएगा।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

### नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में डाली गई पाइप लाइन की लीकेज, मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर कराएं : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जनपद में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की समीक्षा बैठक अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन टंकियों का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण कराने पर कार्य का भुगतान किया जायेगा, इसलिए सभी टंकियों का निर्माण शीघ्रता से पूरा कराएं। उन्होने उपस्थित जल निगम विभाग के जेई को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डाली गयी पाइप लाइन की लीकेज एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता पर करायें और ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर गांवों में अधिक से अधिक नये कनेक्शन करायें और जिन सड़कों व गलियों में पाइप लाइन डाली जाये उसकी मरम्मत भी कराते जाये।

# निर्माण कार्य के बीच दीवार गिरने से राजमिस्त्री व मजदूर की मौत

## पंचायत निधि से कराया जा रहा था इंटरलाकिंग व नाली निर्माण का काम

संवाददाता, हरदोई





राजेंद्र प्रसाद व इसरार की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** पंचायत निधि से इंटरलाकिंग और नाली निर्माण हो रहा था, उसी बीच पड़ोस की कच्ची दीवार भरभरा कर ढ़हने से वहां काम कर रहा राजमिस्त्री व मज़दूर मलबे में दब गया, दोनों को बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

कासिमपुर थाने के हिया गांव में ग्राम पंचायत निधि से प्रधान पति बेंचेलाल रामरत के घर से अपनी चौपाल तक इंटरलाकिंग और नाली का निर्माण करा रहे थे, जिसमें कासिमपुर थाने के नौतेरा गांव निवासी 40 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद पुत्र चन्द्रपाल राजमिस्त्री और हिया निवासी 45 वर्षीय इसरार उर्फ गुड्डू पुत्र सत्तार मज़दूरी कर रहा था। शुक्रवार की दोपहर दोनों नाली निर्माण कर रहें थे, उसी बीच पड़ोस के अयोध्या प्रसाद की कच्ची दीवार भरभरा कर ढ़ह गई, राजमिस्त्री राजेंद्र प्रसाद व मज़दूर इसरार उर्फ गुड्डू दोनों उसके मलबे में दब गए, हादसा होते ही वहां चीख-पुकार होने लगी, आनन-फानन में दोनों को मलबा हटा कर बाहर निकाल कर सीएचसी बेहंदर पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।

### कौन देगा साथ, कैसे पीले होंगे हाथ ?

हादसे में न सिर्फ राजेंद्र और इसरार उर्फ गुड्डू की मौत हुई, साथ ही उन दोनों के बच्चों की खुशहाली भी दफन हो गई। राजेंद्र के परिवार में उसकी पत्नी मंजू के अलावा चार बेटियां और सबसे छोटा एक बेटा है, जबकि इसरार उर्फ गुड्डू की पहली पत्नी तीन बेटे छोड़ कर चल बसी थी, उसने दूसरी शादी की, दूसरी पत्नी टीना से उसकी 7 बेटियां हुई। दोनों अपने-अपने बच्चों के अकेले पालनहार थे, मंजू और टीना को रह-रह कर एक ही सवाल कचोट रहा है कि आखिर अब उन्हे कौन सहारा देगा ?, स्यानी हो चुकी बेटियों के आखिर हाथ कैसे पीले होंगे ?



कच्ची दीवार का मलबा। अमृत विचार

# पुलिस पर थर्ड डिग्री देने व मामला खत्म करने को पैसों की मांग करने का आरोप

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

- **दो माह पहले पीड़ित की फोन पर एक महिला से किसी बात को लेकर हुई थी कथित गाली-गलौज**

**अमृत विचार।** युवक ने कोतवाली पुलिस पर अमानवीय व्यवहार व प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा फोन पर कथित गाली-गलौज के मामले में पुलिस पर थर्ड डिग्री दिए जाने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के शुक्लापुर निवासी हरिओम शुक्ला (20) पुत्र मदन गोपाल शुक्ला का कहना है कि करीब दो माह पूर्व कछौना थाना क्षेत्र निवासी महिला से फोन पर बातचीत की कथित कॉल रिकॉर्डिंग अटवा-भदसेन गांव निवासी उसके रिश्ते में देवर अनीत वर्मा के हाथ लग गई। इसके बाद कथित रूप से कोथावां निवासी लालजीत वर्मा ने उससे संपर्क कर गंभीर धाराओं में फंसाने की बात कहते हुए धन की मांग की। पीड़ित के अनुसार, जब उसने रुपये देने से मना किया तो अनीत वर्मा द्वारा बेनीगंज कोतवाली में उसकी नाबालिग पुत्री से गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे कोतवाली बुलाकर उस पर मानसिक दबाव बनाया गया, और कोतवाल ओम प्रकाश सरोज के द्वारा कार्रवाई की बात कही गई, व कोतवाली में मौजूद मुंशी तेजवीर सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने मुकदमा दर्ज न करने और मामले को समाप्त करने के बदले बड़ी रकम की मांग की।

हरिओम का आरोप है कि जब उसने असमर्थता जताई तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कोतवाली में उसके साथ हुई मारपीट का वीडियो कथित रूप से बनाया गया, जिससे उसकी मानसिक स्थिति और अधिक प्रभावित हुई। वहीं, जिस महिला का नाम पूरे प्रकरण में जोड़ा गया है, उसने साफ शब्दों में किसी भी तरह की फोन पर बातचीत या कॉल रिकॉर्डिंग से इनकार करते हुए इसे साजिश करार दिया है। महिला का बयान वीडियो के रूप में सुरक्षित बताया जा रहा है। मामले में क्षेत्राधिकारी हरियावां अजीत सिंह ने कहा कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है, दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दरोगा व सिपाही को किया निलंबित

कोतवाली क्षेत्र के शुक्लापुर निवासी हरिओम शुक्ला को अकारण थाने में बैठाने, मारपीट करने तथा अमानवीय व्यवहार करने के मामले में देर शाम एसपी अशोक मीणा ने बेनीगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक देवेश शर्मा तथा मुख्य आरक्षी तेजवीर सिंह को निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय जांच भी शुरू हो गई है। एसपी की इस कार्रवाई से उन पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया जो बिना किसी कारण लोगों को थाने पर बुलाकर उनको प्रताड़ित करते हैं, अनावश्यक धन वसूली की मांग करते हैं।

# पाली में शराबियों से लोग परेशान

संवाददाता, पाली, हरदोई

- **मंदिर के पास सड़क पर खुलेआम पी जा रही शराब**
- **राह चलती महिलाओं व छात्राओं पर करते हैं अश्लील टिप्पणी**

**अमृत विचार।** कस्बे में मंदिरों सहित सार्वजनिक स्थलों पर शराबियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, शराबी खुलेआम सड़कों पर बैठकर शराब पीते नजर आते हैं और राह से गुजरती महिलाओं व छात्राओं को देखकर अश्लील कमेंट और हरकतें करते हैं। इससे कस्बे का माहौल बिगड़ रहा है और लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की अनदेखी के चलते शराबियों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन मंदिरों के आसपास, डाकघर, बाजार और मुख्य मार्गों पर शराब पीने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। इसी कड़ी में पाली कस्बे के मोहल्ला बिरहाना स्थित दुर्गा मंदिर के पास खुलेआम सड़क पर शराब पीने का वीडियो भी सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिलाओं और छात्राओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से नियमित गश्त बढ़ाने, सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और दोषियों पर कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। अन्यथा खुद मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है।

### घर से निकल कर खेत पर पहुंचे अधेड़ ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** सुबह घर से निकला अधेड़ अपने खेत पर पहुंचा और वहीं रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरु कर दी है। साण्डी थाने के मोहल्ला औलादगंज निवासी विनोद (50) पेशे से किसान था। परिवार में पत्नी रेखा के अलावा तीन बेटे अभिषेक, शिवजी और लालू व पांच बेटियां हैं। बड़े बेटे अभिषेक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पिता खेत पर जाने की बात कह कर घर से निकले। काफी देर बाद उनका शव खेत के किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

# नेत्र शिविर में 1070 मरीजों ने कराया पंजीकरण

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** शुक्रवार को विकास खंड भरावन के महीठा गांव में मां मंशा देवी मन्दिर के प्रांगण में राजकुमार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया।

संडीला विधानसभा के भाजपा नेता पंकज शुक्ला नें बताया कि क्षेत्र में कई जगहों पर सामाजिक कार्य की भावना से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगातार जारी रहेगा और बताया सीतापुर आंख अस्पताल के प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा महीठा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ श्रुति सक्सेना ने बताया 1070 मरीजों नें पंजीकरण कराया, जिसमें मोतियाबिंद, सुगर बी पी, आंख आईओपी की जांच सहयोगी चिकित्सक डॉ. चांदनी त्रिवेदी, डॉ. शहनवाज द्वारा की गई और 73 मरीजों को निःशुल्क बस सेवा से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल भेजा गया। निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शुक्ला, पुत्तनी शुक्ला, भोला शुक्ला मनमोहन शुक्ला, रामजी रामू सिंह रैकवार विनय कुमार तिवारी सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे।



नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में भाजपा नेता पंकज शुक्ला।



शहर कोतवाली में अभिलेख देखते एसपी अशोक मीणा।

### एसपी ने किया शहर कोतवाली का निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने शुक्रवार शहर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय तथा थाना परिसर की साफ सफाई देखी। वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे एसपी ने महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने त्योहार रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर सहित अन्य रजिस्टरों का रखरखाव व आवश्यक चीजें देखीं। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण से पहले एसपी को सलामी दी गई। निरीक्षण के दौरान सीओ सिटी अंकित मिश्रा मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया युवा महोत्सव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में युवा महोत्सव के पांचवें और अंतिम दिन रंगारंग पुरस्कार और समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उप प्रधान विद्या राम वर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के महान इतिहास को विस्तार से बताते हुए आर्य समाज के संस्थापक श्री दयानंद सरस्वती के स्त्री शिक्षा के संकल्प से अभिप्रेरित होते हुए निरंतर शिक्षा के शिखर को प्राप्त करने का छात्राओं को आह्वान करते हुए सहयोग व समर्थन प्रदान करने का आश्वासन दिया। सभी अतिथियों के द्वारा खेल कूद, विभागीय और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारी बंधुओं के सराहनीय योगदान के लिए मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने वार्षिक आख्या पढ़ी। प्रबंध समिति के प्रधान, प्रबंधक एवं प्रबन्ध समिति के समस्त सदस्यों के प्रति महाविद्यालय के उत्तरोंतर विकास में निरंतर सहयोग हेतु आभार ज्ञापित किया। सभी कार्यक्रम क्रीड़ा समिति प्रभारी प्रो. सरिता यादव एवं सांस्कृतिक सभा प्रभारी डॉ स्मृति सिंह, सह प्रभारी डॉ. अंजू के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।



सम्मानित छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिवार।

### हॉस्पिटल में प्रसव के बाद बिगड़ी प्रसूता की हालत, लखनऊ में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी हास्पिटल में प्रसव के कुछ देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां निजी हास्पिटल में मौत हो गई। प्रसूता की मौत पर उसके भाई की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।



लोनार थाने के बरवन निवासी राम लखन की शादी टड़ियावां थाने के बर्रा सराय के हरपाल सिंह की 25 वर्षीय पुत्री सुरभि के साथ पिछले साल 30 अप्रैल को हुई थी। राम लखन ने बताया कि गुरुवार को प्रसव पीड़ा होने पर वह सुरभि को मेडिकल कालेज के महिला हास्पिटल ले गया, जहां जवाब देने पर वह उसे एक निजी हास्पिटल ले कर पहुंचा, वहां सुरभि ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी तबियत बिगड़ने पर वहां से लखनऊ रेफर करने पर राम लखन उसे लखनऊ के निजी हास्पिटल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुरभि के भाई नरसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।

**समस्या** | नगर में पूरे दिन लगा रहा जाम, एंबुलेंस में मरीज, एसडीएम व सांसद भी हुए परेशान

# घंटों जाम में भूखे-प्यासे फंसे रहे स्कूली बच्चे

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन तमाम प्रयासों के बावजूद नगर में जाम रोक पाने में नाकाम हो रहा है। शुक्रवार को लगभग पूरे दिन नगर के प्रमुख मार्गों पर जाम लगा रहा। जाम के चलते घंटों स्कूली बसों में नन्हें-मुन्ने बच्चे प्यास से बिलखते रहे, वहीं उनके परिजन घरों में बच्चों के न पहुंचने की चिंता से परेशान रहे। जाम का सामना एक सांसद को भी करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद उनके गनर जाम हटवा कर उन्हें गंतव्य तक पहुंचा सके। जगह-जगह एंबुलेंस में मरीज जाम के झाम झेलते दिखे। एक उप जिलाधिकारी का वाहन भी काफी समय तक सायरन बजाता रहा, लेकिन उन्हें भी निकलने का भी रास्ता न मिल सका। बताते चले कि सहालग शुरू होने के साथ नगर में जाम लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। इनकी बानगी शुक्रवार को पूरे शहर में देखने को मिली। नगर के प्रसिद्ध हरदोई बाबा मंदिर में मुंडन कराने के लिए दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों से लोग पहुंचे। इन वाहनों को खड़ा कराने के लिए कोई पार्किंग स्थल न होने के कारण आड़े-तिरछे वाहनों ने जाम लगाना शुरू कर दिया, वहीं आरटीओ ऑफिस के बाहर सरकुलर रोड पर सड़क के दोनों ओर फुटपाथों पर वाहनों का कब्जा था, जिसने जाम को और भी बढ़ा दिया। धीरे-धीरे सरकुलर रोड, बिलग्राम रोड, सांडी रोड, महात्मा गांधी मार्ग, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, मुन्ने मियां चौराहा सहित लगभग पूरा नगर जाम की चपेट में आ गया। जाम खत्म कराने के लिए यातायात पुलिस पूरे दिन मशक्कत करती रही, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल सकी।





जाम में फंसे स्कूली बच्चे व वाहन। अमृत विचार

### अवैध टैक्सी स्टैंड बढ़ा रहे हैं जाम

जाम का मुख्य कारण बिलग्राम चुंगी, लखनऊ चुंगी, सिनेमा चौराहा पर लगने वाले अवैध टैक्सी स्टैंड हैं। इन स्टैंडों पर खड़े आड़े-तिरछे वाहन जाम में सहायक होते हैं। रसूखदार लोगों के संरक्षण में चल रहे इन स्टैंडों के सामने पुलिस भी अपने को बेबस महसूस करती है, जिसका नतीजा जनता को झेलना पड़ता है।

### निर्धारित रूटों पर नहीं चल रहे ई-रिक्शा

नगर में जाम को बढ़ाने में ई-रिक्शा की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस व प्रशासन कई बार ई-रिक्शा को निर्धारित रूटों पर चलवाने की योजना बनवा चुका है, लेकिन यह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाती है, जिस कारण जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है।

# अर्शल की टीम ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

- **केजीएन ग्राउंड हीरापुर में बच्चों का फाइनल मैच बना यादगार**

**अमृत विचार।** केजीएन ग्राउंड हीरापुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले ने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। खास बात यह रही कि फाइनल मैच छोटे-छोटे बच्चों के बीच खेला गया, जिनके जोश, हुनर और खेल भावना ने मैदान पर मौजूद हर दर्शक को प्रभावित किया।

फाइनल मैच का शुभारंभ ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के माधौगंज ब्लॉक अध्यक्ष शाकिब खान ने फीता काटकर किया। उन्होंने बच्चों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। शाकिब खान ने कहा कि बच्चों को ऐसे मंच मिलना बहुत जरूरी है, जिससे उनकी प्रतिभा निखर सके और वे भविष्य में जिले व प्रदेश का नाम रोशन करें। फाइनल मुकाबले में अर्शल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। दोनों टीमों के बच्चों ने बेहतरीन बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग का प्रदर्शन किया। छोटी उम्र के बावजूद बच्चों ने जिस अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया, उसने दर्शकों का दिल जीत लिया। हर चौके-छक्के और विकेट पर तालियों की गूंज सुनाई देती रही।

मैच के बाद आयोजकों ने सभी बच्चों की सराहना की और कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट बच्चों को खेलों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भी आयोजन की जमकर प्रशंसा की।



ट्राफी जीतने के बाद उत्साहित खिलाड़ी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### निरीक्षक बने सुनित एसपी ने किया प्रोत्साहित


वर्दी पर स्टार लगाते एसपी अंकुर अग्रवाल।

**सीतापुर।** उप निरीक्षक सुनित कुमार को ज्येष्ठता एवं सेवा के आधार पर स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर एसपी अंकुर अग्रवाल ने प्रोत्साहित करते हुए वर्दी पर स्टार लगाए, साथ ही मनोबल बढ़ाया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सांड़ के हमले से किसान गंभीर

**सीतापुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गौरा में खेत जा रहे एक बुजुर्ग किसान पर सांड ने हमला कर दिया। हमले में 54 वर्षीय किसान रामदीन गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ग्रामीण को लखनऊ रेफर किया गया है। बताते हैं कि सांड कहीं बाहर से आ गया था। हिंसक हमले के कारण उसे पेड़ में बांध दिया गया। किसी तरह से बंधन मुक्त होने के बाद उसने सामने से आ रहे किसान रामदीन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि छुट्टा मवेशी और सांड लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, ग्रामीणों पर हमला भी कर रहे हैं।

### डॉ. कौशलेन्द्र ने बढ़ाया महाविद्यालय का मान



**महमूदाबाद, सीतापुर। अमृत विचार :** मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, महमूदाबाद के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. कौशलेन्द्र प्रताप मिश्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नीट) में अर्थशास्त्र विषय से 78 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मीसम अम्मार रिजवी, प्राचार्य डॉ. विभा मिश्रा, भाजपा चन्द्रभूषण शुक्ल ने भी शुभकामनाएं दीं।

### दो कार्यालयों से लैपटॉप और दस्तावेज चोरी

**महमूदाबाद।** तहसील भवन की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए देर रात अज्ञात चोरों ने तीसरी मंजिल पर स्थित दो कार्यालयों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय और लेखपालों के साझा कक्ष को निशाना बनाया। महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामान गायब मिले। पूर्ति निरीक्षक निशि अग्रवाल के अनुसार, उनके कार्यालय से एक लैपटॉप, ए-फोर पेपर के बंडल और आपूर्ति निरीक्षक प्रथम रूपेश जैन के डिजिटल हस्ताक्षर चोरी हो गए हैं।

### शादी से लौट रहा था हादसे में युवक की मौत

**इमलिया सुल्तानपुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सीतापुर-गोला मार्ग पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घायल को तत्काल अपने सरकारी वाहन से ऐलिया सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुनील पुत्र तौलेराम, निवासी बसेती, थाना इमलिया सुल्तानपुर के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक सुनील एक शादी समारोह में शामिल होने गया था, जहां से वह देर रात घर लौट रहा था।

### सेहत से जुड़े मुद्दे पर नागरिक अधिकार संगठन मुखर

**बिसवां।** स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र नागरिक अधिकार संगठन की ओर से तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी को सौंपा गया। कार्यक्रम की अगुवाई जिला संयोजक कमरुन निशा ने की। मांग पत्र सौंपते हुए कमरुन निशा ने कहा कि कस्बे का एकमात्र गया प्रसाद मेहरोत्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन लगभग 600 से 700 मरीजों की ओपीडी में चिकित्साधिकारियों द्वारा मरीज देखे जाते है। गर्मियों के दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। जिसके चलते भारी दबाव का स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर हो सकता है। उन्होने कहा कि केंद्र में तीस बेड हैं, बेडों की संख्या 60 हो, गर्भवती महिलाओं को दी जा रही अल्ट्रासाउंड की सुविधा सभी महिलाओं एवं पुरुषों को सुलभता से मिले। इस मौके पर मदन गुप्ता, कमरुन निशा, हरीशंकर गुप्ता, अख्तर अली, विश्राम लाल गौतम, दयाराम गौतम आदि मौजूद रहे।

# बलोइया ग्राम पंचायत में मुख्य विकास अधिकारी का निरीक्षण

संवाददाता, कमलापुर (सीतापुर)।

- बलोइया ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान सीडीओ ने सुनीं समस्याएं
- 12 शिकायतों का अवलोकन कर मातहतों को दिए निस्तारण के निर्देश



निरीक्षण करतीं सीडीओ व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बलोइया ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विकास कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए दिशा-निर्देश दिए। विकास खंड कसमंडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बलोइया में शुक्रवार को गांव की समस्या-गांव में समाधान अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम चौपाल की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रणेता ऐश्वर्य ने की। उनके आगमन पर ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सीडीओ ने पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राम चौपाल में बैठकर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, जहां ग्राम पंचायत से कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। सीडीओ ने सभी शिकायतों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कच्चे कार्यों और मिड-डे मील में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और जिम्मेदार कर्मचारियों को फटकार लगाई। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय, खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेंशन घोटाले में बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी की संपत्ति कुर्क

**सीतापुर।** शाहजहांपुर के बहुचर्चित वृद्धावस्था पेंशन घोटाले के आरोपी और सीतापुर के पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार पर प्रशासन का डंडा चला है। पुलिस और राजस्व टीम ने सीतापुर के अटरिया में स्थित आरोपी की लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये मूल्य की कृषि भूमि को कुर्क कर लिया है। राजेश कुमार वर्ष 2020 से 2023 के बीच सीतापुर में तैनात रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान जिले में पारिवारिक लाभ योजना में भी बड़े स्तर पर धांधली के आरोप लगे थे। इस मामले में शहर कोतवाली में एक जनसुविधा केंद्र संचालक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। शाहजहांपुर में हुए घोटाले में नाम आने के बाद शासन ने उन्हें पहले ही बर्खास्त कर दिया था। अब कुर्की की इस कार्रवाई से भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।


हाईवे से गुजरते ओवरलोड वाहन। अमृत विचार

## सड़कों पर काल बनकर दौड़ रहे ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक

**संवाददाता, कमलापुर। अमृत विचार :** प्रशासन के दावों और सख्ती के बावजूद कमलापुर क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नेशनल हाईवे से लेकर ग्रामीण सड़कों तक, ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक बेखौफ फर्राटा भर रहे हैं, जो राहगीरों के लिए बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड कमलापुर के अंतर्गत जनपद और गैर-जनपद की विभिन्न चीनी मिलों के क्रय केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों से ट्रकों में क्षमता से अधिक और ऊंचाई तक गन्ना भरकर मिलों तक पहुंचाया जा रहा है। सड़कों पर झूलते ये ट्रक न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं, बल्कि पीछे चल रहे वाहन चालकों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं।

## बुलडोजर का खौफ, चेतावनी के बाद लोगों ने खुद हटाया अतिक्रमण

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने शहर को व्यवस्थित करने के लिए शुक्रवार को अवैध कब्जों पर कड़ा प्रहार किया। जिलाधिकारी राजा गणपति के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे और तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

खास बात यह रही कि प्रशासन की सख्ती और बुलडोजर को आता देख कब्जाधारकों ने खुद ही अपनी झोपड़ियां हटाना शुरू कर दिया। यह कार्रवाई जिला कारागार के समीप और राजकीय इंटर कॉलेज से चुंगी मार्ग तक की गई। प्रशासन के अनुसार, इन लोगों को पहले ही कांशीराम


अतिक्रमण अभियान के दौरान सामान लेकर जाता परिवार।

कॉलोनी में पक्के मकान दिए जा चुके हैं, फिर भी इन्होंने सड़कों पर अवैध कब्जा कर रखा था। चेतावनी के बाद कुल बारह झोपड़ियों को हटाया गया। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रशासन ने लोगों को सामान निकालने का समय दिया, जिससे बिना किसी विरोध के कार्रवाई संपन्न हुई। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दो थानाध्यक्षों पर गिरी गाज

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से महकमे में फेरबदल किया। दो थानाध्यक्षों को उनके चार्ज से हटाया गया। एसपी ने सदरपुर और रामकोट थानों के प्रभारी निरीक्षकों को उनके पद से हटाते हुए अपराध शाखा भेज दिया गया है। सदरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार को अपराध शाखा में संबद्ध किया गया है। वहीं, रामकोट थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार पटेल से भी रामकोट थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी छीन ली गई और उन्हें भी अपराध शाखा भेज दिया गया है। अब सदरपुर थाने की कमान इंस्पेक्टर मुकेश वर्मा को सौंपी गई है। वहीं रामकोट थाने के नए थानाध्यक्ष के रूप में सब इंस्पेक्टर पीयूष सिंह को तैनात किया गया है। पीयूष सिंह इससे पहले रामपुरकलां थाने में तैनात थे। उनके स्थान पर रामपुरकलां थाने की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर लल्ला गोस्वामी को सौंपी गई है, जिन्हें नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर लल्ला गोस्वामी अभी तक हरगांव कस्बा चौकी प्रभारी थे।


## विद्यालय परिसर में मिला शिक्षक का शव

संवाददाता, बिसवां

**हड़कंप**
- बिसवां इलाके के कंपोजिट विद्यालय भागीपुर में तैनात थे सहायक अध्यापक
- परिजनों का दावा- आर्थिक तंगी से थे परेशान, वेतन भी नहीं मिल रहा था

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भागीपुर में तैनात सहायक अध्यापक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में विद्यालय परिसर में मिला। मचे हड़कंप के बीच पुलिस ने छानबीन शुरू की तो परिवार के लोगों ने आर्थिक तंगी का दावा है। आरोप है कि शिक्षक को कई माह से वेतन नहीं मिल रहा था, जिसके कारण वो काफी परेशान था। क्षेत्राधिकारी बिसवां का कहना है कि मामले में पीड़ित पक्ष के बयानों के आधार पर जांच की जा रही है।

आगरा जनपद के खेरागढ़ निवासी दारा सिंह पुत्र नत्थी सिंह पिछले कई वर्षों से कंपोजिट विद्यालय भागीपुर में जुलाई वर्ष 2024 से सहायक अध्यापक के पद पर तैनात रहे हैं। परिवारीजनों के मुताबिक, विगत काफी सयम से वेतन न मिलने से दारा सिंह आर्थिक तंगी से परेशान थे। बताते हैं कि टीईटी दस्तावेजों का सत्यापन न होने के कारण उन्हें अभी तक वेतन नहीं मिला था। विभाग द्वारा सत्यापन न होने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी भी दी गई थी। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते वो विद्यालय में ही रात्रि विश्राम करते थे और मिड-डे मील का भोजन करते थे। शुक्रवार को शिक्षक का शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। बिसवां कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।



विधायक को गुलदस्ता देतीं बीके रश्मि दीदी व अन्य। अमृत विचार

### महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शिव ध्वज फहराया

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा ठठेरी टोला आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा विधायक अनिल वर्मा थे। मुख्य अतिथि सपा विधायक अनिल वर्मा ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वागत गीत के साथ शिव ध्वज भी फहराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीके रश्मि दीदी, बीके अशोक, बीके धीरज भाई, बीके आरती बहन बीके पूजा बहन, बीके मोना बहन, बीके सत्यभान भाई व कौशलेंद्र सिंह, कमल किशोर सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस का छापा

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के कारण हो रहे हादसों को रोकने के लिए सीतापुर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी नगर विनायक गोपाल भोसले के नेतृत्व में कोतवाली नगर पुलिस ने कजियारे इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्लास्टिक युक्त मांझा बरामद किया।

पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार दुकानें छोड़कर भाग निकले। छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित मांझे का बड़ा जखीरा मिला। पुलिस ने एक दुकानदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है ताकि मुख्य सप्लायर का पता लगाया जा सके। सदर बाजार चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी और बस स्टॉप प्रभारी प्रिंस सोनकर ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि दोबारा मांझा बेचने पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी।


छापामारी के दौरान मौजूद एएसपी विनायक गोपाल भोसले।

> चाइनीज मांझा जानलेवा है और इस पर पूर्ण प्रतिबंध है। यह अभियान पूरे जिले में जारी रहेगा। जनता से अपील है कि वे केवल सुरक्षित सूती धागे का प्रयोग करें और अवैध बिक्री की सूचना पुलिस को दें। – **विनायक गोपाल भोंसले, एएसपी**


श्रीराम बारात में शामिल श्रद्धालु और कलाकार। अमृत विचार

### धूमधाम से निकली श्रीराम बारात

**संवाददाता, औरंगाबाद। अमृत विचार :** कस्बे के मेला मैदान पर आयोजित श्रीरामलीला एवं धनुष यज्ञ मेले के अवसर पर शुक्रवार को भव्य राम बारात निकाली गई। शोभा यात्रा रामलीला प्रांगण से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गों और कमईपुर गांव होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। बारात में शामिल मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह-जगह बारात का भव्य स्वागत किया गया और 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद विधि-विधान से श्रीराम विवाह और 'राम कलेवा' का आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिवगोविंद मिश्र, बबलू त्रिवेदी, राजेश मिश्र, बबलू गुप्ता, मोनू अवस्थी और अनमोल अवस्थी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रचार के अभाव में रोजगार मेला फीका, 37 युवा हुए शॉर्टलिस्ट

**संवाददाता, लहरपुर।** स्थानीय विकास खंड परिसर में शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। हालांकि, व्यापक प्रचार-प्रसार की कमी के कारण मेले में अधिकांश समय सन्नाटा पसरा रहा और उम्मीद के मुताबिक भीड़ नहीं जुटी। मेले के दौरान कुल 75 बेरोजगार युवाओं ने पंजीकरण कराकर साक्षात्कार दिया। इसमें पुखराज, ब्राइट फ्यूचर और एचडीएफसी जैसी प्रमुख कंपनियों ने युवाओं की योग्यता को परखा। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सैंतीस अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है,जिन्हें आगामी प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी गृजेश कुमार वैश्य, प्रियांक मिश्रा और सुधीर कुमार सिंह ने युवाओं की कैरियर काउंसलिंग की। अधिकारियों ने सेवा मित्र पोर्टल पर उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को डिजिटल माध्यमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### अनियंत्रित ट्रक ने तोड़ी पुलिया


ये तस्वीर सीतापुर बहराइच मार्ग पर मानपुर नहर की है। यहां पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त और सकरी है। स्थानीय नागरिक अजय, रामू, अनिल, प्रदीप आदि ने बताया कि पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त है। इसी कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया की दीवार से टकराकर नहर में लटक गया, एक बड़ा हादसा टला है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैठक

**सीतापुर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायालय परिसर में बैंक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश-तृतीय के निर्देशानुसार, बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भगीरथ वर्मा द्वारा की गई। बैंक से संबंधित लंबित मामलों का अधिक से अधिक निस्तारण किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय भान ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पात्र वादों का शीघ्र चिन्हांकन करें और समय पर नोटिस प्रेषित करें। आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर के लिए बैंकों को अपनी लाभकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए।

## एसआईआर: खामियां सुधारने में जुटा प्रशासन

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को जनपद में भारी गहमागहमी रही। तहसील से लेकर ब्लॉकों तक कर्मचारी त्रुटियों को सुधारने में जुटे रहे। जहां एक ओर नए मतदाताओं में नाम जुड़वाने को लेकर उत्साह दिखा, वहीं दूसरी ओर सर्वे की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ क्षेत्रों में नाराजगी भी सामने आई। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह के निर्देशन में चले इस अभियान के तहत शुक्रवार को दावे और आपत्तियां दर्ज करने का अंतिम अवसर था। शाम होते-होते शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बूथों पर फॉर्म भरने वालों की लंबी कतारें देखी गईं। विशेषकर फॉर्म-छह नया नाम जुड़वाने के लिए युवाओं में खासा क्रेज रहा। प्रशासन ने तकनीकी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 को भी सक्रिय रखा, जिससे



हुसैनगंज मोहल्ले में एसआईआर फार्म की आपत्तियां लेते सुपरवाइजर और बीएलओ।

नागरिकों को काफी मदद मिली।

**घर-घर नहीं जा रहे बीएलओ बूथ पर ही बीत रहा समय :** परसेंडी विकासखंड के कई बूथों पर ग्रामीणों ने बीएलओ की कार्यशैली पर सवाल उठाए। ग्रामीण अनुराग, अनुरुद्ध, ऊषा और मुन्ना गौतम का आरोप है कि बीएलओ को घर-घर जाकर सर्वे करने के आदेश हैं, लेकिन वे दिनभर बूथों पर ही बैठे रहते हैं। बिरैचा गांव के निवासियों ने बताया कि पिछली बार कागजात देने के बाद भी नाम सूची में नहीं चढ़ पाए थे। ग्रामीणों का कहना है कि जागरूकता की कमी और व्यस्तता के कारण सर्वे न होने से कई पात्र लोग मतदाता बनने से वंचित रह सकते हैं।

> एक शुद्ध मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की नींव है। सीतापुर के नागरिकों ने जिस तरह इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया है, वह सराहनीय है। प्राप्त आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। बीएलओ की कार्यशैली पर भी ध्यान दिया जाएगा। **– नीतीश कुमार सिंह, एडीएम**

## मोबाइल कोर्ट ने दिव्यांगों को दी सेहत की सौगात

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की पहल कारगर रही। शासन के निर्देश पर दिव्यांग आयुक्त ने मोबाइल कोर्ट में पहुंचकर कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्वास्थ्य शिविर के सहारे दिव्यांगों का पंजीयन हुआ, साथ ही वादों का निस्तारण भी किया गया।

पहला प्रकरण शिक्षण संबंधी विषय से जुड़ा मुद्दा दिव्यांग आयुक्त प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा के समक्ष रखा गया। दिव्यांग रोशन जहां, अली हसन, लुकमान, कौशल किशोर सहित अन्य ने रोजगार की मांग करते


दिव्यांग को बैसाखी देते दिव्यांग आयुक्त प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा।

हुए अपनी समस्या रखी। बताया कि गांव में रोजगार के नाम पर उनके पास फिलहाल कोई काम नहीं है। तब जबकि सभी लोग शिक्षित हैं। वहीं टीकाराम और उनकी पत्नी सुनीता ने दिव्यांग की बाध्यता बताते हुए आवास न मिलने का दावा किया। बताया कि छह माह पूर्व उनका मकान और गृहस्थी आग की चपेट में आ चुकी है, राहत नहीं मिली। अन्त्योदय राशन कार्ड का मामला पृथ्वीपाल, गुड्डू, सुक्खी आदि ने उठाया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का लाभ सुशील आदि ने लिया। इस दौरान दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी राजकुमार, समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल, डीएसओ अखिलेश श्रीवास्तव, पीडी अनिल चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### बिसवां में मिली ट्राई मोटर साइकिल इधर से उधर

महमूदाबाद के बखारी कला निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उनके नाम पर ट्राई मोटर साइकिल मिलनी थी। ऐसे में उन्हें बताए बगैर बिसवां में किसी और वाहन दे दिया गया है।

### कोतवाली प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के सचिव / प्रबंधक बिन्दु मौर्या ने कोतवाली प्रभारी नगर के प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पत्र दिया। आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पूरे परिवार का उत्पीड़न किया गया है।


ग्राम पंचायत सहोली का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

### बीडीओ ने सहोली पंचायत में जांची विकास योजनाओं की हकीकत

**संवाददाता, गोंदलामऊ। अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकास कार्यों की समीक्षा के लिए खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत सहोली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में चल रही खुली बैठक का जायजा लिया और वहां उपस्थित सचिव व पंचायत सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने गांव में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर उसे शीघ्र पूरा करने को कहा। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों के दौरान टाइलीकरण कार्य की धीमी गति देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। बीडीओ ने संबंधित सचिव और ग्राम प्रधान को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### गद्दीपुर में जलभराव से जीवन बना नर्क, किसान मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता, सीतापुर।** विकासखंड एलिया की ग्राम सभा गोड़वा के गांव गद्दीपुर में बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। पक्की सड़क और नालियों के न होने से पूरा गांव कीचड़ और गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो चुका है। जलभराव की समस्या पर प्रशासन की अनदेखी से आक्रोशित संयुक्त किसान मोर्चा ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि गांव में जल निकासी न होने से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि गांव में कभी भी महामारी फैल सकती है, जिसकी सीधी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पूर्व में खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।


किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू

## न्यूज ब्रीफ

### फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

**रायबरेली :** भदोखर थाना क्षेत्र के मौहारी मजरे बेलाखारा निवासी बचन्ने की 17 वर्षीय पुत्री कोमल वर्मा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घर से कुछ दूरी पर खेत में एक पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकता युवती का शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जहर खाने से महिला की बिगड़ी हालत

**जगतपुर :** शुक्रवार को टीकर अगाचीपुर गांव की रहने वाली माया देवी पत्नी कुलदीप ने किसी बात को लेकर घर में विषाक्त पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर बाद महिला की हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। सीएचसी के चिकित्सक लईक अहमद ने बताया कि एक महिला विषाक्त पदार्थ खाकर आई थी। उसका उपचार किया जा रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक किशोरी को एक युवक द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया। आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी वीरेंद्र पुत्र बहादुर लोध निवासी किशुन दासपुर थाना ऊंचाहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### घर से नकदी व सामान चोरी, दी गई तहरीर

**जगतपुर :** जगतपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर मजरे भगवानपुर बढ़ैया गांव निवासिनी ज्ञानवती पत्नी शिव भवन ने पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि वह 5 फरवरी की रात एक निमंत्रण में गई थी। इसी दौरान पड़ोस की रहने वाली एक महिला अपने दो बच्चों के साथ उसके घर में घुसी और घर में रखा चावल, आटा, घी, गेहूं समेत किराने का सामान चोरी कर लिया। साथ ही 4356 रुपये नकद भी पार कर दिए। इस संबंध में जगतपुर थानाध्यक्ष पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### युवती के खाते से निकल गए हजारों रुपये

**ऊंचाहार :** एक युवती के बैंक खाते से यूपीआई द्वारा ऑनलाइन हजारों रुपये निकल गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव किसुन दासपुर निवासिनी मुस्कान सिंह का इंडियन बैंक में खाता है। उनका कहना है कि पांच फरवरी को उनके बैंक खाते से कुल आठ किस्तों में 15 हजार 158 रुपये यूपीआई द्वारा ऑनलाइन निकाल लिए गए हैं। युवती कोतवाली में अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायत की है।

### तेरहवीं में लोगों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**लालगंज :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, अवध प्रांत के पूर्व प्रांत प्रचारक, वर्तमान में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय हर्ष मिश्रा की दिवंगत मां श्रीमती सरला देवी के तेरहवीं संस्कार में लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. जयप्रकाश शुक्ला, डॉ. दुर्गेश, प्रवीण शुक्ला, सत्यम शुक्ला, अजय प्रकाश मिश्रा, अजीत, अनंत बाजपेई, सुरेंद्र, विजय, पुष्पम, सुशील शुक्ला, नीलेश शुक्ला, गणेश शंकर दीक्षित, बुद्धी लाल पासी, शरद सिंह, मनोज अवस्थी आदि रहे।

## इनामी कूपन गिरोह ने महंगे सामान दिखाकर चार को ठगा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** चंदापूर थाना क्षेत्र के डोमापुर गांव में एक किशोरी समेत चार लोगों से कूपन स्क्रेच के नाम पर धन उगाही के मामले में पुलिस ने अज्ञात सात -आठ के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।

चंदापुर थाना क्षेत्र के डोमापुर गांव निवासी अब्दुल सहबान पुत्र अब्दल कलाम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया विगत दो फरवरी को सात-आठ व्यक्ति कूपन लेकर सामान बेचने आए थे। कूपन से स्क्रैच करने के लिए दो-दो सौ रुपये ले रहे थे। आरोप है उसके गांव के दयाशंकर पुत्र राम सजीवन, तरुण सैनी पुत्र राम सजीवन, पन्नालाल की पत्नी एवं उससे स्वयं दो-दो सौ रुपए लेकर कूपन स्क्रेच के लिए दिया। भुक्तभोगी लोगों ने पुलिस को बताया कूपन स्क्रैच करने पर अधिक कीमत का सामान हम सभी लोगों के खुले। अब्दुल सहबान ने पुलिस को बताया मामले से जुड़े लोगों द्वारा जब एलइडी टीवी लेने में असमर्थता जताई गई तो आरोपियों ने पैसा देने से मना कर दिया और धोखाधड़ी कर ठगी कर चले गए। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि मामले से जुड़े सात-आठ अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## हवा को जहरीला बना रहीं कोयला भट्ठियां, घुट रहा दम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां पुलिस चौकी अंतर्गत हलोर कस्बा के निकट रीवां गांव में अवैध रूप से चल रहीं लकड़ी की कोयला भट्ठियां स्थानीय लोगों की सांसों में जहर घोल रही हैं। प्रशासन की नाक के नीचे संचालित भट्ठियां दिन-रात जहरीला धुआं उगल रही हैं। वहीं जिम्मेदार मौन बने हुए हैं।

सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि इनमें से कई अवैध रूप से संचालित हैं। सूत्रों की माने तो जिम्मेदारों को पता भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इन

**जिम्मेदार मौन**

- **शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावां चौकी से जुड़े गांवों में चल रहीं अवैध भट्ठियां**

भट्ठियों से निकलने वाला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। इतना ही नहीं अवैध भट्ठियों से निकलने वाला कोयला बाजार में खुलेआम बेंचा भी जा रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदारों की चुप्पी से कई सवाल उठ रहे हैं। उधर इससे प्रभावित लोगों का कहना है कि आंखों में जलन, सांस में तकलीफ तो आम बात हो गई है। धुएं से पूरा इलाका जहरीला हो


गुमावां चौकी क्षेत्र में संचालित की जा रही कोयला भट्ठी। अमृत विचार

रहा है। पड़ताल में सामने आया कि सैकड़ों क्विंटल गीली लकड़ी झोंककर प्रत्येक भट्ठी से 50-60 क्विंटल कोयला तैयार किया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी होने में एक सप्ताह लग जाता है। कोयला भट्ठी के निकलने वाला धुआं और कालिख से ग्रामीणों की सेहत भी बिगड़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों को सब कुछ पता होते हुए भी कार्रवाई नहीं की जाती है । जिले में अवैध कोयला भट्टियां पर्यावरण, स्वास्थ्य और वन संरक्षण तीनों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। हर दिन निकलने वाला धुआं लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है, जबकि हरे पेड़ों की कटाई से वन क्षेत्र लगातार उजड़ रहा है।

**ऐसे बनता है लकड़ी का कोयला:** एक भट्ठी संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि भट्टियों में गीली लकड़ियां जमाकर भरी जाती हैं। नीचे अंगारे रखकर ऊपर मिट्टी से ढंका जाता है। तीन से पांच दिन तक कम ऑक्सीजन में लकड़ी जलकर कोयले में बदल जाती है। इस प्रक्रिया में सात दिन तक लगता है। इससे निकलने वाला धुआं अत्यधिक हानिकारक होता है।

> अवैध भट्ठियों के संचालन की जानकारी नहीं है। यदि क्षेत्र में भट्ठियां अवैध संचालित हैं तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –प्रखर मिश्रा, प्रभागीय वन अधिकारी।

## प्रधानमंत्री ने परीक्षार्थियों को दिया तनावमुक्त तैयारी का संदेश

### परीक्षा पर चर्चा का विद्यालयों में सजीव प्रसारण, परीक्षार्थियों में जबरदस्त उत्साह


प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा को सुनते छात्र-छात्राएं और शिक्षक। अमृत विचार

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद का लाइव प्रसारण शिवगढ़ क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जिज्ञासा के साथ देखा। इस कार्यक्रम के माध्यम से मोदी ने ने विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का भय दूर कर उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच का मंत्र दिया।

लाइव प्रसारण जनता इण्टर कॉलेज गूढ़ा, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पाराकला रायबरेली और राजकीय बालिका हाईस्कूल ओसाह आदि विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने सरल शब्दों में समझाया कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव मात्र है, लक्ष्य नहीं। उन्होंने समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, माता-पिता और शिक्षकों से संवाद तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पाराकला में प्रधानाचार्य शिव शंकर मौर्य, दीप्ति कटियार, अर्चना मिश्रा, अंशिता सिंह, डॉ. सीमा यादव, हिमांशी वर्मा, आलोक कुमार, विकास फूलचंद आदि लोग उपस्थित रहे।

जनता इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य आनंद कुमार गुप्ता, उदयभान सिंह, संजय कुमार तिवारी, राम कैलाश, दुर्गा प्रसाद वर्मा, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, स्नेह लता वर्मा, रीता वर्मा, शालिनी वर्मा, वैष्णवी दत्त शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में नई ऊर्जा और आत्मबल का संचार हुआ।

### प्रधानमंत्री ने परीक्षा में सफलता के दिए टिप्स

**लालगंज ( रायबरेली ) अमृत विचार।** चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज आजाद नगर में विद्यालय सत्र के दौरान सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा के संबंध में सुझावों को सुना और प्रभावित हुए। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री जी द्वारा आयोजित "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। सभी छात्रों ने इसे अनुशासनपूर्वक और ध्यानपूर्वक सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने पर बल दिया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझावों को लेकर विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया और इससे सीख लेकर बेहतर तैयारी करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रोहित शर्मा, विमल कुमार, रामचंद्र पांडे, नीरज बाजपेई आदि मौजूद रहे।


परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुनते विद्यार्थी।

## एसआईआर नोटिस मिलने से मतदाता रहे परेशान

**महराजगंज (रायबरेली)।** एसआईआर में नोटिस मिलने से मतदाताओं की नींद उड़ी हुई है। सूची से नाम कटने के भय से जरूरी दस्तावेज एकत्र करने में समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं इसमें लगे अधिकारी और कर्मचारी भी परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को बछरावां विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) नोटिसों की सुनवाई तहसील सभागार और ब्लॉक कार्यालयों व स्कूलों में बनें बूथों पर हुई। सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी रही। तहसील प्रशासन ने सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए थे, लेकिन लंबी कतारों और कागजातों के कारण अफरातफरी का माहौल बना रहा।

सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। कई महिलाओं को मायके से 2003 की वोटर लिस्ट और परिवार रजिस्ट्री की प्रतियां जुटानी पड़ीं। कुछ महिलाओं ने बताया कि मायके में उनके माता-पिता नहीं हैं, जिससे फॉर्म जमा करने में भारी परेशानी आ रही है। बछरांवा विधानसभा के एसआईआर की प्रक्रिया में 2003 की सूची से 47325 अनमैपिंग व विसंगतियां वाले 22800 मतदाताओं को नोटिस भेजे गए थे। दावों की सुनवाई के लिए विधानसभा में कुल 33 एईआरओ लगाए गए हैं।

## समारोह में बेस्ट पर्सनैलिटी मेल अक्षत वर्मा व फीमेल का पुरस्कार आयुषी को मिला



विदाई समारोह में मौजूद विद्यालय संस्थापक डॉ. शशिकांत शर्मा व अन्य।

**महराजगंज ( रायबरेली ) अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा, प्रधानाचार्य त्रिपुला एसएल प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह और उप –प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कक्षा 11 के छात्र–छात्राओं ने शिक्षक –शिक्षिकाओं और कक्षा 12 के छात्र– छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्र– छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन कक्षा 11 के छात्र खुशी, आस्था, प्रज्ञा, समीक्षा, प्रांजुल, नैमिष, सिद्धांत के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम कशिश, अर्पिता, अनन्या, अनुश्री, काव्या के द्वारा सभी का स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत और अभिनंदन किया। परिधि, श्वेता, प्रज्ञा, समीक्षा के द्वारा फ्रेंडशिप सॉन्ग, आस्था, खुशी, गौरी, अनुष्का, अदिति, पुष्पांजलि, कशिश, मोनिका, सक्षम, आयुष, आदर्श आदि ने ग्रुप डांस किया। इस दौरान बेस्ट पर्सनैलिटी मेल अक्षत वर्मा, फीमेल आयुषी पाण्डेय, स्टूडेंट ऑफ द ईयर जाह्नवी मिश्रा, स्टार परफॉर्मर ऑफ कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड समीक्षा त्रिपाठी, पेरेनियल स्टूडेंट अवार्ड विकास, अभिनव, उत्पल आदि को दिया गया।

### वोटर लिस्ट से नाम कटवाने का आरोप

**डीह ( रायबरेली )।** समाजवादी पार्टी के सलोन विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव ने एक व्यक्ति पर जीवित व्यक्तियों का फार्म नम्बर 7 भरकर वोटर लिस्ट से नाम कटवाने का आरोप लगाते हूऐ थाने में शिकायती पत्र दिया है। ब्लाक अध्यक्ष आदर्श यादव के साथ थाने पहुंचे सपा नेता पुत्तन सिंह यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि एक व्यक्ति द्वारा डीह कस्बे की वोटर लिस्ट से जीवित व्यक्तियों का फार्म न 07 भरकर नाम कटवाने का कार्य किया जा रहा है। प्रतिपक्षी द्वारा लगभग 28 फार्म जीवित व्यक्तियों का भरकर बीएलओ के पास जमा किया है। विधानसभा प्रभारी चौधरी सुरेश निर्मल, जितेन्द्र यादव, मो. चांद ने बताया कि उपजिलाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया।

### सांसद से पहले की तरह नि:शुल्क नेत्र शिविर प्रदान कराने की मांग


सुंदर सिंह।


सूर्यबली सिंह।

**सरेनी ( रायबरेली ) अमृत विचार।** भुएमऊ गेस्ट हाउस में एक प्रतिनिधि मंडल ने ग्रामीण जनता को दृष्टि बाधित होने से बचाने के लिए नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी को एक ज्ञापन सौंपा है। समाजसेवी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि गांव में लगाया जाने वाले नेत्र शिविर को लखनऊ के कैसरबाग स्थित इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय ने किसी कारण वश सात माह से सुविधा उपलब्ध कराना बंद कर दिया है, जिसकी वजह से अब ग्रामीण जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। संस्थान द्वारा एक गोष्ठी में कहा गया कि जिनके पास आयुष्मान कार्ड है उनका नि :शुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा, परन्तु जिनके पास यह कार्ड नहीं है उन्हें छह हजार रुपये का भुगतान अदा करना होगा। समाजसेवी सुंदर सिंह उर्फ सुरेंद्र बहादुर सिंह व सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी सूर्यबली सिंह ने सांसद राहुल गांधी से पूर्व की तरह गांव की जनता को नि :शुल्क नेत्र शिविर के साथ–साथ मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा प्रदान कराए जाने की मांग की है।

### ध्यान नहीं दे रहे अफसर, बिजली के बढ़ते बिल से परेशान है जनता : अतुल सिंह

**जगतपुर ( रायबरेली ) अमृत विचार।** ऊंचाहार क्षेत्र के मेलथुवा, पुराना पुरवा, घूरी, तिवारीपुर, कटरा, चूली, साईं टिकरिया, पड़रिया समेत कई गांवों में जनसंपर्क, चौपाल एवं नुक्कड़ सभा कर कांग्रेसी नेता अतुल सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनी। बिजली के अनाप–शनाप बिलों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। किसी उपभोक्ता का बिल दो लाख, किसी का डेढ़ लाख तो किसी का पांच लाख रुपये तक आ रहा है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर अधिकारियों से वार्ता कर जनता को राहत दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उनका आरोप है कि वर्तमान सरकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को समाप्त करना चाहती है, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गांव, गरीब, किसान और नौजवानों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर जसवंत सिंह चौहान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र त्यागी, अखिलेश यादव, नरेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, रहीमुद्दीन मौजूद रहे।

## निकाह करना है तो इस्लाम कबूल करो...झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** निकाह करना है तो इस्लाम कबूल करो...मांस खाओ फिर निकाह करो। मुस्लिम युवक के प्यार में पागल युवती प्रेमी की शर्त पर कांप उठी। प्रेम जैसे पवित्र शब्द और शादी का झांसा देकर हिन्दू युवती के साथ मुस्लिम युवक ने एक नहीं कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने सलोन कोतवाली आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली अंतर्गत एक गांव की रहने वाली युवती को क्षेत्र के एक युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। पीड़िता ने बताया कि वह शादीशुदा और एक बच्चे का पिता है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि मुकीम द्वारा उसे सलोन और ऊंचाहार के होटल में ले जाकर कई बार दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के मुताबिक उसका गर्भ ठहरा तो आरोपी द्वारा चार बार अबार्शन भी कराया गया है। बताया कि 4 फरवरी को आरोपी उसे दोबारा होटल ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने आरोपी पर शादी का दबाव डालना शुरू कर दिया। जिसके बाद युवक अपने घर लेकर पहुंच गया, तब उसके शादीशुदा होने की सच्चाई सामने आई। पीड़िता के मुताबिक मौके पर आरोपी की बीवी बच्चे पिता और भाई ,बहन मौजूद थे।

**मुकदमा दर्ज**

पीड़िता के मुताबिक आरोपी युवक निकाह करने के लिए मांस खाने और इस्लाम धर्म काबुल करने की शर्त रखी थी। जिससे वह पीछे हट गई। पीड़िता ने आरोपी युवक के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के लिए कोतवाली में न्याय की गुहार लगाई है। वहीं घटना के संदर्भ में अनिल कुमार सिंह, कोतवाल सलोन ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले को गम्भीरता से लेकर आरोपी रसूलपुर निवासी मोहम्मद मुकीम के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## ब्लड स्टोरेज यूनिट से प्रसूता को मिला नया जीवन, बच गई जान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ब्लड स्टोरेज यूनिट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट के माध्यम से प्रसूता को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि सुमन निवासी लालगंज का प्रसव होने के दो दिन बाद जब उसका हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया तो उसका स्तर मात्र सात ग्राम प्रति डेसीलीटर पाया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने तत्काल रक्त चढ़ाने का निर्णय लिया। आवश्यक रक्त की व्यवस्था सीएचसी लालगंज पर संचालित ब्लड स्टोरेज यूनिट के माध्यम से की गई, जिससे प्रसूता को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सका। उन्होंने बताया कि लालगंज एफआरयू में पिछले सप्ताह विद्युत आपूर्ति से जुड़ी तकनीकी समस्या उत्पन्न होने के कारण ब्लड स्टोरेज यूनिट का संचालन अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था। गुरुवार को विद्युत समस्या का समाधान कर यूनिट का संचालन पुनः शुरू कर दिया गया है, जिससे अब मरीजों को निर्बाध रूप से रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है।


लालगंज सीएचसी में संचालित ब्लड स्टोरेज यूनिट। अमृत विचार

**सुविधा**

एफआरयू स्थित ब्लड स्टोरेज यूनिट में सामान्यतः सभी चार रक्त समूहों का पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहता है। इसके लिए सीएचसी पर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। मरीज को रक्त चढ़ाने से पूर्व क्रॉस मैचिंग एवं सभी आवश्यक जांच सुनिश्चित की जाती है। साथ ही जिला स्थित मदर ब्लड बैंक से प्राप्त रक्त की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को जांच भी की जाती है।

**सख्ती** | मुख्य विकास अधिकारी ने समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए

## चौपाल से कर्मचारी नदारद, सीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

अटौरा (रायबरेली)

**अमृत विचार।** अटौरा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को "गांव की समस्या, गांव में समाधान चौपाल" का आयोजन हुआ। चौपाल में विभिन्न विभागों के कई कर्मचारी अनुपस्थित होने के कारण ग्रामीणों के हाथ निराशा लगी और उनकी कई समस्याओं का समाधान नहीं हो सका। इस दौरान सीडीओ ने नदारद कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

शुक्रवार को अटौरा में आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने सहायक खंड विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, पचांयत सचिव देवेन्द्र कुशवाहा को सभी समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए।


चौपाल में पीड़ितों की समस्या सुनतीं सीडीओ अंजूलता। अमृत विचार

चौपाल में स्वास्थ्य, बिजली, कृषि, समाज कल्याण सहित कई विभागों के लोग नदारत रहे। जिस कारण सम्बन्धित विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर आए लोगों को निराश होना पड़ा। मुख्य विकास अधिकारी ने चौपाल से नदारद कर्मचारियों से लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है।

**अनाधिकृत कब्जे को हटवाने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन, रायबरेली:** हरचंदपुर बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिक्रमा पथ पर मुख्य प्रवेश द्वार के अगल बगल रखी अवैध गुमटियों के विरोध में एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम से अनाधिकृत कब्जे को हटाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि अवैध कब्जे से मंदिर आने जाने में श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं आए दिन विवाद होने की स्थिति भी बनी रहती है। इस दौरान प्रशासन ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


डीएम को शिकायती पत्र देने जाते पदाधिकारी। अमृत विचार

शिकायती पत्र देने वालों में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक राजेंद्र अवस्थी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह, वरिष्ठ व्यापारी योगेश मोहन घिड़ियाल, बबलू अवस्थी, पंडित अशोक त्रिपाठी, श्री परशुराम ब्रह्म चेतना परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश युवा अध्यक्ष आशीष अवस्थी, अनूप कुमार, दीपक, हरि कृष्ण द्विवेदी आदि समाजसेवी शामिल रहें।

## खफा परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार पहुंचे अफसर

**रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के परोरा गांव में गुरुवार को अनुज की हत्या हुई थी। जिसमें पुलिस ने मां की तहरीर पर हीरालाल, कमल, रेनू व रेखा सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया था। शुक्रवार को परिजन संग ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना पर सीओ सिटी सदर अरुण कुमार नौहवार व सदर तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। परिजनों की मांग थी कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो। सीओ सिटी व तहसीलदार ने संयुक्त रूप से परिजन व ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हत्या में शामिल कोई भी आरोपित बचने नहीं पाएगा। सभी को जेल भेजा जाएगा। अधिकारियों द्वारा न्याय का भरोसा दिए जाने के बाद माने परिजन व ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

### परिषदीय विद्यालयों में निपुण आकलन सर्वे पूरा

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिले में डायट के डीएलएड प्रशिक्षु 27 जनवरी से निपुण आकलन सर्वे कर रहे हैं। प्रशिक्षुओं की टीम बतौर फील्ड इन्वेस्टिगेटर लगाई गई है। आकलन सर्वे के अंतिम दिन विभिन्न विद्यालयों में निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से बच्चों में गणित व भाषा की समझ को परखा गया। डायट में टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहे ऋषभ, हेमंत रमन, प्रखर चौरसिया, गौरव अवस्थी, गौरव पाठक, आशीष कुमार, कुलदीप वर्मा व सर्वेश ने तकनीकी समस्याओं को राज्य स्तर पर गठित विद्या समीक्षा केंद्र पर बात कर हल कराया। प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वे होने के पश्चात निपुण आकलन परिणाम की सूची राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। जनपद में निपुण सर्वे के नोडल व डायट प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 27 जनवरी से 6 फरवरी तक 10 दिनों में शासन द्वारा आवंटित समस्त विद्यालयों में आकलन सम्पन्न किया गया। आकलन के लिए डायट प्रशिक्षुओं की 143 टीमें लगाई गई थीं।


कम्पोजिट विद्यालय में आकलन करते प्रशिक्षु।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे सेवा शुरू मरीजों को मिली राहत

**अमेठी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में अब डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू हो गई है। मशीन चालू होने से इलाके के मरीजों को बड़ा फायदा मिल रहा है। अब लोगों को छोटी-मोटी जांच के लिए निजी सेंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे शुरू होने से जांच का काम तेज हो गया है। मरीजों को कम समय में रिपोर्ट मिल रही है, जिससे इलाज में भी आसानी हो रही है। हड्डी टूटने, सीने की बीमारी के मामलों में अब मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय आशीष कुमार, सौरभ तिवारी, संतोष प्रजापति ने इस सुविधा के शुरू होने पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का खर्च बचेगा और सरकारी अस्पताल पर भरोसा भी बढ़ेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि डिजिटल एक्स-रे मशीन शुरू होने से मरीजों को तेजी से और सही जांच की सुविधा मिल रही है। इससे इलाज में देरी नहीं होगी और लोगों को निजी सेंटरों पर पैसा खर्च करने की जरूरत भी कम पड़ेगी। मरीजों को अब अधिकतर जांच अस्पताल में ही उपलब्ध हो रही है।

### ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

**खीरों (रायबरेली) :** थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मीखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी वन्दना देवी पुत्री सत्येन्द्र कुमार ने खीरों थाने में ससुरालीजनों के खिलाफ शिकायती की है। उसका कहना है कि पति अनीत उर्फ सोनू, सास सन्तकुमारी, देवर संगीत, शुभम और ननद निधि सभी लोग शादी के बाद से दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हैं। दहेज की मांग न पूरी होने पर गाली-गलौज व मारपीट कर उसे घर से भगाने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल

**संग्रामपुर (अमेठी) :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना कालिकन-चंद्रिकन मार्ग पर खरेथू मजरा नेवादा कनू मोड़ के पास उस समय हुई, जब अचानक एक आवारा कुत्ता सड़क पर आ गया। जानकारी के अनुसार ग्रामसभा संग्रामपुर निवासी हरिकृष्ण मिश्रा पुत्र गोविंद नारायण मिश्रा मोटरसाइकिल से चंद्रिकन से कालिकन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुत्ता सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और युवक सिर के बल सड़क पर जा गिरे। हादसा देख राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए परिजनों की सहमति से प्रतापगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिवार में चिंता का माहौल है।

### 453 जरूरतमंदों को कराया भोजन

**सुलतानपुर :** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने बृहस्पतिवार देर रात स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय व रेलवे स्टेशन परिसर में निशुल्क भोजन वितरण किया। इस दौरान मरीजों, तीमारदारों व यात्रियों सहित कुल 453 जरूरतमंदों को गरम भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम संगठन अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। भोजन में दाल, सब्जी, रोटी व चावल शामिल रहे।

# बीएलओ के पति व भाजपा समर्थकों का विवाद गर्माया

## अभद्रता का मामला: भाजपा जिलाध्यक्ष ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, छवि धूमिल करने की साजिश का लगाया आरोप

संवाददाता, अमेठी


जिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में बीएलओ के पति और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले के तूल पकड़ने के बाद शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के दिग्गज नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी संजय चौहान को ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और लगाए गए आरोपों के जरिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की छवि को जानबूझकर खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। नेताओं ने मांग की है कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच कराई जाए। वायरल वीडियो की सत्यता की परख हो ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। षड्यंत्र रचने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विवाद की शुरुआत बीते बुधवार को हुई थी, जब किसी बात को लेकर बीएलओ के पति और भाजपा समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। देखते ही देखते बहस हंगामे में बदल गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद बीएलओ सुभद्रा मौर्य के पति ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य नेताओं पर अभद्रता, मारपीट और मोबाइल छीनने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे।

### मामले ने ले लिया सियासी मोड़

इस मामले ने तब राजनीतिक रंग ले लिया जब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए न्याय की मांग की। विपक्ष के हमलावर होने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। वहीं भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी अमेठी से मांग की कि विपक्षी दल के झूठे आरोपों और मतदाता सूची में धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया को बचाया जा सके। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, उमाशंकर पांडे, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, प्रवीण सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, उमेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, मनोज जायसवाल, जिला कार्यालय मंत्री अरुण मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष द्विवेदी, अमरेन्द्र सिंह पिण्टू, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में जिलाधिकारी संजय चौहान का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और तथ्यों के आधार पर ही आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

छतोह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को घरई पिछवरिया गांव के बीच एक ट्रैक्टर ने बाइक चालक को टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर नसीराबाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर बाइक और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेवल गांव निवासी अनूप उर्फ गोलू पुत्र जीतलाल प्रजापति अपने पड़ोसी रामचन्दर पुत्र राम सजीवन के साथ धरई बैंक में खाता अपडेट करने आया था। घर जाते समय ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया, जिसमें अनूप की मौके पर मौत हो गई और चचेरा भाई रामचन्दर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन कुमार सोनकर फोर्स के साथ पहुंचे बाइक और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेजवाया। दोनों को नसीराबाद सीएचसी लाया गया मौजूद डॉक्टरों ने घायल रामचन्दर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक तीन भाइयों में बड़ा भाई अनुज और छोटा आदेश, बहन साधना और मां कृष्णा, पिता जीतलाल रो रोकर बेहाल है। नसीराबाद थाना अध्यक्ष पवन सोनकर का कहना है कि वाहन कब्जे में है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**ई-रिक्शा व वैन से टकराया डंपर, पहुंचे एसपी, शिवगढ़:** बांदा-बहराइच राजमार्ग पर ई-रिक्शा में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी शिक्षक वैन से डंपरा टकराया गया। फिलहाल इस दुर्घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। एक साथ दो वाहनों में टक्कर मारने की जानकारी मिलते ही नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक रवि कुमार दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने बांदा-बहराइच राजमार्ग पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए दोनों तरफ ड्रम लगवाने के निर्देश दिए हैं। शिवगढ़ पुलिस को डंपर की तलाश कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्जकर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर महराजगंज क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल, शिवगढ़ थाना इंचार्ज वीरेंद्र कुमार के साथ ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

**हादसा**


हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त बोलेरो।

### ट्रैक्टर से टकरा कर बोलेरा चालक घायल

**बछरावां (रायबरेली)।** गाजीपुर जनपद के राम अवध पुत्र जय प्रसाद बोलेरो से लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से बांदा-बहराइच राजमार्ग की ओर जा रहा था। रास्ते में देवपुरी गांव के पास उसका वाहन अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकरा गया। जिसमें बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई और चालक घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा निजी वाहन से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त

संवाददाता, अमेठी

- योजना को लेकर गुणवत्ता व पारदर्शिता पर दिया जोर


पीएम आवास योजना की बैठक लेते डीएम संजय चौहान व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार।** शुक्रवार जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वीकृत आवासों की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों की गति, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराना रहा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सख्ती से स्पष्ट निर्देश दिए कि आवास निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखने और सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण तय समय सीमा में पूर्ण कराने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेघर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है, ताकि योजना का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस का एक्शन

संवाददाता, अमेठी


चाइनीज मांझे के खिलाफ दुकान पर छापा मारते सीओ। अमृत विचार

**छापेमारी**

- सीओ बोले-दुकान पर बिक्री मिली तो दर्ज होगा हत्या का केस

**अमृत विचार।** जानलेवा साबित हो रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त रुख के बाद अमेठी पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करते हुए शुक्रवार को अमेठी कस्बे में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी।

अमेठी कस्बे के गंगागंज मोहल्ले में क्षेत्राधिकारी अमेठी, मनोज कुमार मिश्र और कोतवाली प्रभारी रवि सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने पतंग की दुकानों पर अचानक छापेमारी की। अभियान के दौरान एक-एक दुकान की बारीकी से जांच की गई ताकि प्रतिबंधित मांझे के भंडारण का पता लगाया जा सके। इस दौरान दुकानों के स्टॉक और गोदामों की तलाशी ली गई। दुकानदारों को चाइनीज मांझे के घातक परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। हालांकि, इस विशेष अभियान के दौरान फिलहाल किसी भी दुकान से प्रतिबंधित मांझा बरामद नहीं हुआ है। प्रशासन ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए साफ कर दिया है कि अब चाइनीज मांझे से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना को केवल हादसा नहीं माना जाएगा।

वहीं क्षेत्राधिकारी अमेठी, मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि अगर चाइनीज मांझे से किसी की जान जाती है या कोई घायल होता है, तो इसे 'हत्या' की श्रेणी में रखते हुए दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि बाजारों में चाइनीज मांझे की बिक्री या भंडारण पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि किसी भी दुकान पर यह जानलेवा धागा पाया जाता है, तो दुकान का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। भारी जुर्माने के साथ तुरंत जेल भेजने की कार्रवाई होगी। पुलिस लगातार सादे कपड़ों में भी बाजारों पर नजर रखेगी।

### कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र सिंहपुर की आत्मा योजना द्वारा शुक्रवार को जैतपुर गांव में ग्रामीण युवा विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अर्जुन सिँह भदौरिया ने मौजूद किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को खेती में बीज का सोधन कर बुवाई करनी चाहिए, खेती के साथ साथ बागवानी, पशु पालन व सब्जियों की खेती करनी चाहिए जिससे अतिरिक्त मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। आगे जानकारी देते हुए आत्मा योजना के ब्लाक टेक्नोलॉजी मैनेजर नीरेश कुमार ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, कृषक प्रशिक्षण, नरेन्द्र फार्मर स्कूल के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्राविधिक सहायक आनंद कुमार व सत्येंद्र कुमार के साथ साथ चंद्र प्रकाश, राम बालक, राज कुमार सिँह, रमाकांत मिश्रा, अवधेश चौरसिया, विजय सिँह, मो अब्बास, कालिका त्यागी, ओमकार आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।


कृषक गोष्ठी में मौजूद लोग।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर निकाली गई रैली में लोगों को किया गया जागरूक

संग्रामपुर (अमेठी)


जागरूकता रैली निकालतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**आयोजन**

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर द्वारा व्यापक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों और अभिभावकों को पेट के कीड़ों से होने वाले दुष्प्रभाव, कुपोषण, एनीमिया और बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 10 से 13 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।

अभियान में आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल और इंटर कॉलेज तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, इसलिए समय-समय पर दवा सेवन बेहद जरूरी है।

सीडीपीओ रूपेश कुमार ने बताया कि 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा दी जाएगी और इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकता है। कार्यक्रम में बीसीपीएम तीर्थराज यादव, आशा बहुएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

# 50 मूंज शिल्पियों को उन्नत टूल किट का हुआ वितरण


महिला को टूल किट देते संस्था के लोग। अमृत विचार

जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र रोड नंबर-4 स्थित सीटेड कार्यालय में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से अमेठी हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, जगदीशपुर द्वारा मूंज क्राफ्ट शिल्पियों के लिए 50 उन्नत टूल किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कार्यालय विकास आयुक्त की ओर से आए प्रशिक्षण अधिकारी विनय सिंह, ए.एच. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर, इंडो रामा के महाप्रबंधक अभिनव सिन्हा, आईटीआई कठोरा के प्रधानाचार्य अजय सिंह तथा इंजीनियर संजय सिंह ने शिल्पियों को टूल किट प्रदान की। इस अवसर पर ए.एच. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मान सिंह राठौर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य करना है। इंजीनियर संजय सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

### सती चरित्र और बालक ध्रुव की सुनाई कथा

**अमेठी, अमृत विचार।** सहजीपुर गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने सती चरित्र और बालक ध्रुव की कथा सुनाई। कथा में बड़ी संख्या में श्रोताओं की मौजूदगी रही। शुक्रवार को भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन धाम से आए कथा व्यास शुभम शुक्ल ने बालक ध्रुव की कथा सुनाते हुए कहा कि जिस तरह से राजा उत्तानपाद की दो पत्नियों में सुरुचि और सुनीति थी, उसी तरह से हम सब भी जन्म के पूर्व मां के गर्भ में उल्टा ही रहते हैं और हम सबमें विचार रूपी दो पत्नियां है, एक रुचि जो हित अहित नहीं देखती और दूसरी नीति, जो हमेशा नीति नियम के अनुरूप ही आचरण करने को विवश करती है। कथा व्यास ने बालक ध्रुव की तपस्या, ध्रुव के राज्य करने, ध्रुव द्वारा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने की बड़ी ही मार्मिक कथा सुनाई। कथा में संगीत टोली के भजनों को सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए। कथा यजमान सियाराम मिश्र एवं शेष कुमारी ने आए हुए श्रोताओं का स्वागत किया। सह यजमान पूनम मिश्र एवं वरिष्ठ पत्रकार अमित मिश्र ने कहा कि अनेकों जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही श्रीमद्भागवत कथा सुनने का सुअवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर क्षेत्र के विशिष्ट जनों में श्री नारायण शुक्ल, सूबेदार बी पी मिश्र, दिवाकर मिश्र, प्रभाकर मिश्र, प्रसिद्ध नारायण, दिलीप कुमार, मुकुंद नारायण, अरविन्द मिश्र दिवाकर त्रिपाठी, आकांक्षा, निखिल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


श्रीमद् कथा सुनतीं श्रद्धालु महिलाएं।

**कार्यक्रम**

जय महाकाल नर नारायण सेवार्थ ट्रस्ट की ओर से किया गया आयोजन

# सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे चार जोड़े

संवाददाता, सिंहपुर (अमेठी)



जयमाला डालते नव दंपति एवं मौजूद लोग। अमृत विचार



विवाह के बाद मौजूद दंपति व लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जय महाकाल नर नारायण सेवार्थ ट्रस्ट चिलौली द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन शुक्रवार को चिलौली स्थित श्रीमती शिव कुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल चार जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया।

सेवार्थ ट्रस्ट का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना और समाज में सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके बाद पुरोहितों द्वारा विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजक ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री, वस्त्र और आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किए। समारोह के मुख्य अतिथि बाबूगंज सगरा के पीठाधीश्वर शिव योगी मौनी महराज ने कहा कि सामूहिक विवाह से समाज में आपसी भाईचारा बढ़ता है और अनावश्यक खर्चों पर रोक लगती है। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नवदंपतियों को शुभकामनाएं दीं। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। अंत में सभी ने नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की।

इस दौरान राकेश त्रिपाठी, तेज नारायण मिश्रा, अरुण सिंह, सुनील पासी, शिवाकांत त्रिपाठी, राम प्रसाद मिश्र, राज कुमार तिवारी, सियाराम दत्त मिश्रा, श्रीकांत त्रिपाठी, शिव चंद्र त्रिवेदी, शौरभ शुक्ला, सतीश गुप्ता, गौरव तिवारी, मयंक शुक्ला, रमन शर्मा, अशोक कुमार, रमाकांत शर्मा, ममता शाहू, मीना, साक्षी तिवारी, एकता सिंह, सुभाषिनी, सोनम, संतोष तिवारी, समीता, शेखर शुक्ला, कृष्ण कुमार, राज कुमारी आदि मौजूद रहीं।

**नव दंपतियों ने खाई साथ जीने-मरने की कसम:** सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र शुक्ला ने बताया कि ग्राम सभा की चार अति गरीब कन्याओं का विवाह जय महाकाल नर नारायण सेवार्थ ट्रस्ट के संरक्षक बाबूगंज सगरा के पीठाधीश्वर शिव योगी मौनी महराज के सानिध्य मे कराया गया है। जिनमें सेमरा निवासी स्व. शिवलाल की पुत्री लक्ष्मी का विवाह अयोध्या के मिश्राली रौतावा निवासी रामशंकर, रोशनलाल की पुत्री मोहिनी का अहमदाबाद के शिवम्, अशरफपुर के स्व. रामलाल की पुत्री रीतू का अमेठी के रहमतगढ़ के अमरजीत व अंगुरी के अमर बहादुर की पुत्री मंजू का विवाह बाराबंकी जनपद के चिरैया निवासी उमेश कुमार के साथ बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान नव दंपतियों ने एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसम खाई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**तिलोई (अमेठी)।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के अकबरपुर फर्शी ग्राम पंचायत अंतर्गत मजरे अकबरपुर फर्शी (रामनगर गांव) में शुक्रवार को 20 वर्षीय युवती शिवानी की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। घटना से गांव में शोक और सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार घटना 6 फरवरी 2026 शुक्रवार की शाम करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय शिवानी घर पर ही थी। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे कमरे में फांसी के फंदे से लटका देखा। शोर मचने पर ग्रामीण एकत्र हुए और युवती को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पिता रामेश्वर ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिवानी घर पर रहकर सिलाई का काम करती थी और स्वभाव से शांत थी। परिजनों का कहना है कि उसे किसी तरह की मानसिक परेशानी या पारिवारिक विवाद नहीं था।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अमेठी, अमृत विचार।** शुक्रवार को संग्रामपुर विकास खंड के पीएम श्री विद्यालय खौंपुर बुजुर्ग में वार्षिकोत्सव मनाया गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया साथ ही जलपान एवं मिष्ठान वितरण भी किया गया प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित किया तथा बच्चों को पठन-पाठन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह रहे। इस अवसर पर सहायक अध्यापक विमल यादव, आशा कुमारी कपिल, प्रीतम कुमार पांडेय, विनीता सिंह, स्पेशल एजुकेटर अनिल कुमार गुप्ता, एसएमसी अध्यक्ष पूजा देवी, उपाध्यक्ष शारदा प्रसाद पांडे, राजकुमार सरोज आदि उपस्थित रहे।


छात्र को पुरस्कार देतीं शिक्षिका।



संघर्ष के बिना सफलता नहीं मिलती।
–लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री

## असहज करते आंकड़े

लोकसभा में पेश देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के सरकारी आंकड़े भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र को लेकर किंचित असहज करने वाले हैं। पिछले 13 महीनों में 377 विमानों में बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियां तथा ऑडिट किए गए लगभग आधे विमानों में दोहराई जाने वाली गड़बड़ियां मिलना चिंता का सबब है। सवाल स्वाभाविक है कि क्या भारतीय विमान यात्रियों की यात्रा असुरक्षित हो चुकी है, इसके पीछे निजी विमानन की होड़ तथा नियामक एजेंसियों की विफलता कितनी जिम्मेदार है?

विमानन उद्योग में छोटी-मोटी तकनीकी खामियां सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा मानी जाती हैं। 'रिकरिंग डिफेक्ट' का अर्थ यह नहीं कि हर उड़ान दुर्घटना के कगार पर है। परंतु जब वही गड़बड़ी बार-बार सामने आए, तो यह रख-रखाव, निरीक्षण या प्रणालीगत खामी का संकेत हो सकता है, यही चिंताजनक है। भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। सस्ती हवाई यात्रा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने यात्री संख्या में भारी वृद्धि की, पर रखरखाव, अवसंरचना और नियामकीय निगरानी उसी अनुपात में मजबूत नहीं हुई। डीजीसीए जैसी नियामक संस्था को विमानों की नियमित जांच, ऑडिट और अनुपालन सुनिश्चित करना होगा, क्योंकि एक ही प्रकार की खराबियों का दुहराव केवल एयरलाइंस की समस्या नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र की भी परीक्षा है। देखना होगा कि लगातार खराबी के कारण क्या हैं, विमानों का पुराना होना, जिनमें तकनीकी समस्याओं की आशंका अधिक होती है, या फिर प्रतिस्पर्धा की होड़ में लागत घटाने का दबाव अक्सर मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता को प्रभावित करने के साथ रखरखाव की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है। इसके अलावा मानव संसाधन और प्रशिक्षण, तकनीकी कर्मियों की कमी या उनकी थकान भी इसकी वजह हो सकती है। हम विमान को जमीन पर रख कर राजस्व नुकसान के भय से सामान्य गड़बड़ी के बावजूद सीमित उड़ान की अनुमति दे देते हैं, जबकि अमेरिका और यूरोप में नियामक एजेंसियां काफी कठोर ऑडिट और दंडात्मक प्रावधान लागू करती हैं। उदाहरण के तौर पर, बोइंग 737 मैक्स संकट के बाद अमेरिकी नियामक ने पूरे बेड़े को ग्राउंड कर दिया था। यूरोप में भी गंभीर तकनीकी गड़बड़ी पर तत्काल उड़ान रोकने का प्रावधान है। भारत में भी ऐसी शक्तियां मौजूद हैं, परंतु उनका प्रयोग कितनी दृढ़ता से होता है, यही मूल प्रश्न है, हालांकि यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि भारत में हवाई यात्रा व्यापक रूप से असुरक्षित हो चुकी है। परंतु चेतावनी संकेत साफ हैं।

सरकार को डीजीसीए की क्षमता, तकनीकी स्टाफ और ऑडिट प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना होगा। एयरलाइंस को लाभ से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। बेड़े का आधुनिकीकरण, पारदर्शी रख-रखाव रिपोर्टिंग और तकनीकी कर्मियों में निवेश अनिवार्य है। यात्रियों की भी भूमिका है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण देरी पर असंतोष स्वाभाविक है, पर सुरक्षा जांच में समय लगना बेहतर है, बनिस्बत जोखिम उठाने के। शिकायत तंत्र का उपयोग, पारदर्शिता की मांग और जागरूकता, ये सब दबाव बनाते हैं कि प्रणाली बेहतर हो।

### प्रसंगवश

## बदले में हम पहाड़ों को क्या दे रहे हैं!

पहाड़ और समुद्र दो ऐसी चीजें हैं, जिनका आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों को पहाड़ हमेशा से अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। आदमी के मन को बरबस अपनी ओर खींच लेने वाले पहाड़ सैलानियों को वर्षों से ठंडी हवाओं, एकांत शांति और सुकून का आश्वासन देते रहे हैं। आज भी पहाड़ का यह आश्वासन आदमी को अपनी ओर खींच कर मंत्र मुग्ध, चकित कर देता है, पर इन सबके बीच सवाल यह है कि हम पहाड़ को क्या दे रहे हैं? बीते वर्षों में पहाड़ पर जाने वालों का एक ऐसा तबका उभरा है, जो स्वयं पहाड़ की शांति में खलल डालने लगा है।

पुरानी अवधारणा के अनुसार पर्यटन और तीर्थाटन में ज्यादा अंतर नहीं था। सही मायने में तीर्थाटन के मतलब को समझा जाए, तो उसमें काफी दिक्कतें हैं, शारीरिक कष्ट शामिल हैं। उत्तराखंड के संदर्भ में तीर्थ यात्रा का मतलब यही दुख और कष्ट था। कल के हिसाब से पर्यटन का अर्थ था, एक लंबी यात्रा, जिसे गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ लोग कष्टदायक नहीं मानते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज पर्यटन और तीर्थाटन दोनों के मतलब बदल गए है।



दीपक नौगाई
लेखक

गर्मियों में पहाड़ की ओर प्रस्थान करने का प्रबंध अंग्रेजों ने किया था। वे गर्मियों में अपनी राजधानी को दिल्ली से उठाकर नैनीताल या शिमला ले जाते थे। तब कई जगहों पर तो भारतीयों का प्रवेश एक तरह से वर्जित ही था, लेकिन आजादी की बाद पहाड़ अंग्रेजी साहबों के कब्जे से आजाद होकर हिंदुस्तानी साहबों के कब्जे में आ गए। बीते 10-15 सालों में पहाड़ पर जाने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एक नए धनाढ्य वर्ग का जन्म हुआ है, जो वीकेंड पर सारे तामझाम के साथ अपने वैभव का प्रदर्शन करने हिल स्टेशन पहुंच जाता है।

पहाड़ तो हमेशा चुप रहते हैं। पता नहीं पहाड़ ऐसे सैलानियों को किसी विस्मय से देखते हैं या नहीं पर वे पहाड़ को किसी विस्मय से नहीं देखते। अगर झील नगरी नैनीताल की बात करें, तो अब यह एक कंक्रीट जंगल में बदल गया है। पहले जाड़ों में यहां बहुत कम पर्यटक आते थे, पर अब तो साल भर भीड़ रहती है। आज सब कुछ है पर शांति नहीं है। सीजन के समय मल्लीताल बाजार से नीचे उतरें, तो फ्लैट कारों से भरा दिखेगा और माल रोड पर तिल रखने की जगह नहीं मिलेगी।

स्थानीय कारोबारियों की बात करें, तो वे करें भी तो क्या करें। पर्यटकों से ही तो उनकी कमाई है, इसलिए वे पर्यटकों के हर नाज-नखरे सहने को बाध्य हैं। होटल वाले खुश हैं कि पर्यटकों की भीड़ है, पर कोई पहाड़ से पूछे कि उसके क्या हालात हैं। क्या पर्यटकों की भीड़ से पहाड़ खुश हैं। इस तरह का पर्यटन पहाड़ विरोधी सभ्यता को जन्म देता है, जो किसी न किसी रूप में पहाड़ के गरिमामय जीवन के मूल्यों पर एक तरह से कुठाराघात ही करता है। क्या नैनीताल, मसूरी, शिमला या कुल्लू मनाली इस तरह के पर्यटन और पर्यटकों की भीड़ को सहने का सामर्थ्य रखते हैं।

नए सैलानी आज अपनी चीजों और पैसों का प्रदर्शन करने ही पहाड़ जाते हैं। पहाड़ क्या चाहता है, उन्हें इससे कोई मतलब नहीं। देखा जाए तो आज पहाड़ों में बचा ही क्या है? पेड़ों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। सड़कें चौड़ी की जा रही हैं, ताकि लोग आराम से अपनी महंगी गाड़ियों में बैठकर पहाड़ को रौंद सके। अब इससे पहाड़ धंस जाए और भूस्खलन ज्यादा होने लगे, तो इससे किसी को क्या मतलब। कल क्या होगा इसकी चिंता आज क्यों करे आदमी?

# प्रधानमंत्री का मलेशिया दौरा और उम्मीदें





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया दौरे पर जा रहे हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा। यह यात्रा भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।

जब एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी का मलेशिया दौरा दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा।

भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी।

व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरू मध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी।


इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी। क्वाड, आसियान और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के साथ समन्वय बढ़ने से क्षेत्र में संतुलित शक्ति व्यवस्था स्थापित होगी। निवेश के क्षेत्र में यह यात्रा अवसरों के नए द्वार खोलने वाली सिद्ध होगी।

मलेशियाई कंपनियां मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी। यह निवेश साझेदारी आपसी विश्वास, स्थायित्व और दीर्घकालिक सहयोग का मजबूत आधार बनेगी।

सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा। महामारी के बाद हेल्थ टेक और वैक्सीन सहयोग की बढ़ती अहमियत इस साझेदारी को और सुदृढ़ बनाएगी। छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध साझेदारियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन-संपर्क से दोनों समाजों के बीच भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। यह यात्रा प्रमाणित करेगी कि कूटनीति केवल समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली निरंतर प्रक्रिया भी है।

यह केवल दो देशों की औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य की दिशा तय करने वाला रणनीतिक प्रयास है। भारत-मलेशिया साझेदारी वैश्विक चुनौतियों के सामने एक सशक्त और अटूट दीवार बनकर उभरेगी। यह यात्रा उम्मीद, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि की प्रतीक बनकर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

### आमने सामने




उत्तर के लोग तमिलनाडु में टेबल साफ करने आ रहे हैं। वे यहां मजदूरी, पानी पूरी बेचने आते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी सीखी है। इसके उलट हमारे बच्चे विदेश जाते हैं, क्योंकि हम दो-भाषा नीति का पालन करते हैं और हमने अंग्रेजी अच्छी तरह सीखी है।

–एमआरके पनीरसेल्वम
कृषि मंत्री, तमिलनाडु सरकार

आपकी कुंठा का इलाज तो नहीं है पन्नीरसेल्वम जी, लेकिन आपकी भ्रांतियां अवश्य दूर कर सकता हूं। यहां के बच्चे UPSC, IAS, IPS जैसी परीक्षाओं में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं। IIT, AIIMS और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में बिहार के युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

–अशोक चौधरी
मंत्री, बिहार सरकार



# एआई किसानों के लिए क्रांति या संकट!



जयदेव राठी
अधिवक्ता

एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए।

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले कृषि क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक गेम चेंजर के रूप में पेश किया है। अपने बजट भाषण में उन्होंने रिकॉर्ड 11 बार एआई का जिक्र किया और 'भारत विस्तार' नामक एक बहुभाषी एआई प्लेटफॉर्म की घोषणा की। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी हस्तक्षेप वाकई भारत के लगभग 14 करोड़ किसानों की तस्वीर बदल सकेगा, या यह महज एक और सरकारी घोषणा बनकर रह जाएगी?

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 7% अधिक है। इसमें सबसे उल्लेखनीय है 'भारत विस्तार' प्लेटफॉर्म की स्थापना। यह एक बहुभाषी एआई टूल है, जो एग्रीस्टैक पोर्टल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की सत्यापित कृषि पद्धतियों को एआई सिस्टम के साथ एकीकृत करेगा।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी। मिट्टी की गुणवत्ता, जलवायु परिस्थितियों और फसल के आधार पर विशिष्ट सुझाव। सटीक और स्थानीय मौसम की जानकारी, जो सिंचाई और बुआई के फैसलों में मदद करेगी। फसलों में लगने वाली बीमारियों की शीघ्र पहचान और समाधान। फसलों के सही दाम और बाजार की मांग की जानकारी। किसानों को उनकी अपनी भाषा में सलाह, जिससे डिजिटल विभाजन कम होगा। इसके अतिरिक्त, बजट में 'कृषि साथी' नामक एआई चैटबॉट की भी घोषणा की गई है, जो वॉयस और वीडियो के माध्यम से किसानों के सवालों का जवाब देगा। पशुपालन क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम, नारियल प्रोत्साहन योजना जो एक करोड़ किसानों समेत तीन करोड़ लोगों को लाभान्वित करेगी और 500 जलाशयों के एकीकृत विकास की भी योजना है।

आधुनिक तकनीक और एआई के सही इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव संभव हैं। सबसे पहले, प्रिसिजन फार्मिंग के माध्यम से संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सकता है। एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए, जिससे लागत में 20-30% तक की कमी आ सकती है।

दूसरा, समय पर सही जानकारी मिलने से फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। मौसम का सटीक पूर्वानुमान, बीमारियों की शीघ्र पहचान और बाजार की सही जानकारी से किसान बेहतर फैसले ले सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उपज में 15-25% तक की वृद्धि संभव है। तीसरा, जोखिम प्रबंधन में सुधार होगा। एआई सिस्टम ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान परिस्थितियों के विश्लेषण से फसल विफलता के जोखिम को पहले से भांप सकता है और निवारक उपाय सुझा सकता है। यह खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो एक ही फसल पर निर्भर रहते हैं।

चौथा, बाजार से बेहतर जुड़ाव मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ सकते हैं, बिचौलियों की भूमिका कम कर सकते हैं और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिला सकते हैं। कई किसान संगठन और कृषि स्टार्टअप इस दिशा में पहले से काम कर रहे हैं।

एआई की इन संभावनाओं के बावजूद, भारतीय कृषि क्षेत्र में इसके व्यापक कार्यान्वयन में कई गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर छोटे और सीमांत किसानों में डिजिटल साक्षरता की गंभीर कमी है। जो किसान 85% कृषक समुदाय का हिस्सा हैं, उनमें से अधिकांश स्मार्टफोन का बुनियादी उपयोग तो कर लेते हैं, लेकिन एआई-आधारित जटिल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। एक औसत भारतीय किसान की उम्र 50 वर्ष से अधिक है और उनमें से कई अनपढ़ या अर्ध-साक्षर हैं।

यदि 'भारत विस्तार' जैसे प्लेटफॉर्म को सफल बनाना है, तो सिर्फ बहुभाषी इंटरफेस काफी नहीं है। किसानों को इन तकनीकों के उपयोग का व्यापक प्रशिक्षण देना होगा, जिसके लिए जमीनी स्तर पर कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में आवश्यकता होगी। भारत के लगभग 6.44 लाख गांवों में से 6.13 लाख से अधिक गांवों में 3G/4G इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध हैं। बाकि गांवों में अभी भी मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट की सुविधा नहीं है, जहां इंटरनेट उपलब्ध है, वहां भी कनेक्टिविटी अस्थिर और धीमी है।

एआई-आधारित प्लेटफॉर्म को काम करने के लिए स्थिर और तेज इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होती है। बिना मजबूत डिजिटल अवसंरचना के, ये सारी योजनाएं कागज पर ही रह जाएंगी। सरकार ने प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) और भारतनेट परियोजना के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका कार्यान्वयन अभी भी अपर्याप्त है।

### सोशल फोरम

## पीर डोले शाह के 'चूहे'

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले में पीर डोले शाह की मज़ार है। पीर साहब का दावा था कि वो बांझ औरतों को औलाद दे सकते हैं, परंतु उनकी शर्त ये थी कि औरतें अपना पहला बच्चा उनकी दरगाह पर पीर की सेवा के लिए छोड़ जाएंगी। ये परंपरा आज तक चली आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक़ पिछले तीन सौ साल में एक लाख से ज़्यादा बच्चे दरगाह की नज़र किए गए।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड अफसर

ये बच्चे जो दरगाह पर पल कर बड़े होते थे, इनकी खासियत ये थी की ये अपनी उम्र के हिसाब से शारीरिक तौर पर तो लम्बे-चौड़े, हृष्ट-पुष्ट हो जाते थे, परंतु इनका सर एक-दो साल के बच्चे जितना बड़ा ही रहता था। साथ में ये मंदबुद्धि भी होते थे। दरगाह इनसे भीख मंगवा कर अपनी कमाई करती थी।

इसका कारण यह था कि यहां छोड़े गए साल-दो-साल के मासूम बच्चों को इसी उम्र से सर पर एक लोहे का हेलमेट पहना कर कस दिया जाता था। ये लोहे की टोपी सालों तक बंधी रहती थी। इससे इन बच्चों के सर के बनावट उतनी ही रह जाती थी और साथ में इनका मानसिक विकास भी रुक जाता था। इनको 'चूहों' का नाम दिया जाता था और इन्हे भीख मांगने के लिए दूर-दूर तक भेजा जाता था।

दरगाह पर हो रही इस अमानवीय हरकत की ख़बर अंग्रेज़ी हुक़ूमत तक पहुंची तो उसने इसकी जांच कराई, परंतु सबूतों और गवाहों के अभाव में ये साबित नहीं हो सका कि यहां पर रह रहे बच्चों की शारीरिक और मानसिक अपंगता का कारण क्या है?

हुक़ूमत की दख़ल के चलते दरगाह के स्थानीय अक़ीदतमंदों (श्रद्धालुओं) में नाराज़गी भी पनपने लगी। अतः अंग्रेज़ अधिकारियों ने इसे 'माइक्रोसेफली' नामक बीमारी का नाम देकर पल्ला झाड़ लिया। परंतु वो ये नहीं समझा पाए कि ये बीमारी सिर्फ दरगाह विशेष के बच्चों तक ही क्यों सीमित है?

आज़ादी के बाद भी इस मज़ार पर 'चूहों' की संख्या बेरोक-टोक बढ़ती गई। 1969 में तत्कालीन फौज़ी तानाशाह जनरल अयूब खान के आदेश पर पाकिस्तान के वक़्फ़ विभाग ने मज़ार का अधिग्रहण कर लिया। इसके चलते नए 'चूहों' की संख्या में कुछ अंतर आया, परन्तु 1977 में पाकिस्तान के तीसरे फौज़ी तानाशाह जनरल ज़िया उल हक़ की हुक़ूमत के दौरान मौलवियों की मनमानी फ़िर से शुरू हो गई। नतीजतन आज भी गुजरात शहर में दस हज़ार से ज़्यादा 'चूहे' भीख मांग कर दरगाह का खज़ाना भर रहे हैं और एक नारकीय ज़िन्दगी जीने के लिए अभिशप्त हैं। –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला हिंसा सिर्फ घर का मामला नहीं होता

'हम औरतों की बहुत इज्जत करते हैं।' गांवों में यह वाक्य कई बार सुनने को मिलता है। पुरुषों के लिए यह एक सामान्य वाक्य था, लेकिन महिलाओं की खामोशी इसके बिल्कुल उलट कहानी कहती है। बातचीत के दौरान जैसे ही शारीरिक हिंसा का विषय आता है, महिलाओं के शब्द रुक जाते हैं और आवाज़ धीमी हो जाती है। जैसे वह इस शब्द का अर्थ अच्छे से समझ रही हों, लेकिन समाज का डर उन्हें इस पर बात करने से रोक रहा था।

गांवों में जब महिलाओं से लैंगिक हिंसा पर बात की जाती है तो शुरुआत में उनका जवाब होता है, 'थोड़ी-बहुत होती है', लेकिन उनके चेहरे और हावभाव बता देते हैं कि सच्चाई इससे कहीं ज़्यादा गहरी है। वे खुलकर बात करने से डरती हैं। वहीं जब पुरुषों से इस विषय पर सवाल किया जाता है, तो उनका जवाब लगभग एक-जैसा होता है, 'हम अपनी औरतों की बहुत इज़्ज़त करते हैं, उन्हें पूरी आज़ादी दी है।'



जिया कर्मियाल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से घिरे गांव जखेड़ा की आबादी लगभग 600 के करीब है। आर्थिक रूप से कमजोर यह गांव शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। गांव की अधिकतर आबादी कृषि पर निर्भर है। सरकारी सेवा में उपस्थिति लगभग नगण्य है। किसानी के अलावा अधिकतर युवा सेना में कार्यरत हैं। वहीं 12वीं के बाद ज़्यादातर लड़कियों की शादी कर दी जाती है। ऐसे में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस गांव की बहुत कम लड़कियां पहुंच पाती हैं। बालिका शिक्षा का कम दर ही लैंगिक हिंसा को उभरने का मौका देता है।

गांव में बातचीत से यह भी महसूस हुआ कि सामान्य समस्याओं पर तो लोग खुलकर बातचीत करते हैं, समाधान खोजने का प्रयास करते हैं, लेकिन जैसे ही बात महिलाओं पर होने वाली हिंसा की आती है, या तो खामोशी छा जाती है या फिर इसे स्वीकार करने से ही इंकार कर देते हैं। जाहिर है कि यह इंकार पुरुषों की तरफ से आया था, लेकिन महिलाओं की खामोशी सच को बयां करने के लिए काफी था। शायद उनकी इस चुप्पी के पीछे जागरूकता की कमी, सामाजिक दबाव और बदनामी का डर होगा।

अगर हम इन अनुभवों को व्यापक संदर्भ में देखें, तो तस्वीर और भी चिंताजनक हो जाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल घरेलू हिंसा के हजारों केस दर्ज होते हैं। देशभर में महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या चार लाख से अधिक है। यह वह आंकड़े हैं जो रिपोर्टों में दर्ज होते हैं, जबकि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को घर का मामला बता कर दर्ज किया ही नहीं जाता है।

उत्तराखंड जैसे शांत और पहाड़ी राज्य की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और यौन अपराधों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में हर साल सैकड़ों ऐसे मामले सामने आते हैं, जो बताते हैं कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच भी महिलाओं की ज़िंदगी सुरक्षित नहीं कही जा सकती है। इन आंकड़ों और जमीनी अनुभवों को जोड़कर देखें, तो यह साफ हो जाता है कि समस्या कानून की कमी की नहीं, बल्कि कार्यान्वयन, सामाजिक सोच और चुप्पी की संस्कृति की है। जब तक हिंसा को 'घर का मामला' कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक महिलाएं न्याय और सुरक्षा से दूर ही रहेंगी।

सवाल उठता है कि क्या महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए, अपने सम्मान के लिए और अपनी सुरक्षा के लिए खुद खड़े होने का पूरा मौका मिलता है? और सबसे अहम सवाल क्या हमारे समाज में महिलाएं कभी सच में हिंसा मुक्त जीवन जी पाएंगी?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# काकतीय विरासत की यात्रा वारंगल और कोटा गुल्लू




राजीव सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार, नोएडा

है दराबाद घूमने के बाद हमारा अगला पड़ाव तेलंगाना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर वारंगल था। सड़क मार्ग से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी हमने रास्ते में एक जगह रुकते हुए चार घंटे में तय कर ली। वारंगल एक ऐतिहासिक शहर होने के साथ मंदिरों और स्मारकों की भूमि है। इसे किंवदंतियों का शहर भी कहा जाता है। 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच यह काकतीय राजवंश की राजधानी था। वारंगल का गौरवशाली अतीत यहां के स्मारकों में देखा जा सकता है। वारंगल किला, हजार स्तंभों वाला मंदिर, वीरनारायण मंदिर, काकातिया रॉक गार्डन आदि की सैर के बाद हमने घनपुर जाकर कोटा गुल्लू मंदिरों को देखने का निर्णय लिया। यह स्थान वारंगल से करीब 55 किमी दूर स्थित है। स्थानीय भाषा में कोटा गुल्लू का अर्थ 'किले के अंदर मंदिर' बताया गया।

## उत्कृष्ट वास्तुकला

घनपुर गांव उत्कृष्ट काकतीय वास्तुकला वाले कोटा गुल्लू मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां इन मंदिरों का निर्माण 13 वीं शताब्दी के आरंभ में काकतीय वंश के राजा गणपति देव के शासनकाल में हुआ था। प्रसिद्ध रामप्पा मंदिर से 12 किमी दूरी पर स्थित ये मंदिर चालुक्य और काकतीय शैलियों के मिश्रण हैं। 14 वीं और 16 वीं शताब्दी के बीच मुस्लिम सेनाओं के हमलों तथा 17 वीं शताब्दी में इस इलाके में आए बड़े भूकंप में इन मंदिरों को काफी नुकसान पहुंचा था। यहां जटिल नक्काशीदार लाल बलुआ पत्थर के मंदिर, किलेबंद परिसर और खूबसूरती से डिजाइन किए गए स्तंभों वाले हॉल मध्यकालीन तेलंगाना के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक जीवन की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसी कारण यह परिसर इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों के साथ आध्यात्मिक यात्रियों के लिए दर्शनीय स्थल है।





## यात्रा का जीवंत केंद्र

मंदिर के लगभग 200 मीटर आगे चबूतरों पर शिलालेख वाले पत्थर और मूर्तियां स्थापित हैं। इनमें भगवान शिव और विष्णु के खड़ी मुद्रा में विभिन्न रूप दर्शाए गए हैं। यहां सबसे खास सभा मंडप के बरामदे हैं। बरामदे के उत्तरी हिस्से में दो मदनिकाएं दिखाई देती हैं। पूर्वी और दक्षिणी बरामदे गज केसरी की कई पौराणिक आकृतियों से सुशोभित हैं, जो हाथी पर सवार आधे मानव– आधे शेर की आकृति हैं और हाथी पर घोड़े के सिर वाले शेर की पीठ है। कोटा गुल्लू वास्तव में स्थापत्य चमत्कार के साथ पूजा और तीर्थयात्रा का जीवंत केंद्र है। आसपास के जिलों से श्रद्धालु नियमित रूप से मंदिरों में प्रार्थना करने और स्थानीय अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं।





## 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम

कोटा गुल्लू में 22 मंदिर हैं, जो आकार और डिजाइन में अलग-अलग होने के साथ काकतीय लोगों का अद्भुत वास्तुशिल्प प्रदर्शित करते हैं। मुख्य मंदिर, गणपेश्वरलयम , भगवान शिव को समर्पित है और काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसके गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग की पूजा की जाती है। गर्भगृह के सामने 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम है, जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार और एक बरामदा है। गर्भगृह के द्वार के चौखटों पर द्वारपालों और उनके सेवकों की मूर्तियां बनी हुई हैं। मंडपम में दो सिर कटे ऋषियों की मूर्तियां हैं। मंदिर की वास्तुकला में जटिल नक्काशी और टिकाऊ लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। मुख्य मंदिर के चारों ओर पंक्तियों में व्यवस्थित 19 सहायक मंदिर हैं, साथ ही उत्तर दिशा में एक और शिव मंदिर है। मंडपम के स्तंभ काकतीय वास्तुकला के अनुसार तराशे गए हैं और इनमें छत के बिना बीम लगे हैं। सामने की दीवारों पर देवी-देवताओं, नर्तकियों, संगीतकारों, मदनिकियों, शेरों की सुंदर मूर्तियां बनी हुई हैं।

# कहां गए शांत और सुंदर पहाड़



हरीश उप्रेती करन
हल्द्वानी

पहाड़ पहले कितना शांत, सुंदर और आत्मिक सुख देने वाला हुआ करता थे। हर सुबह पक्षियों की चहचहाहट से खुलती थी, ठंडी हवा की सरसराहट से शरीर में नया जीवन भर जाता था और हर दिशा में हरियाली ऐसे लहराती थी मानो कुदरत खुद हमें आशीर्वाद दे रही हो। तब का जीवन कठिन जरूर था, पर उसमें एक मिठास थी, एक अपनापन था और सबसे बड़ी बात, एक सुरक्षित भविष्य का आभास था। बारिश तब भी होती थी। हम उसे सतझड़ कहते थे।

गांव के चारों ओर बहने वाले गधेरे (छोटे बरसाती नाले) गुस्से से सरसराते हुए बहते थे, जैसे कोई नागिन अपनी पूरी ताकत से अपनी राह बना रही हो। दूर तक फैली पहाड़ियों पर पानी ऐसे गिरता था मानो सैकड़ों झरने एक साथ फूट पड़े हों। पानी, हरियाली और प्रकृति की लयबद्ध ध्वनि यही था मेरा पहाड़, लेकिन पर आज अब तो हर दिशा में बस त्रासदी है। अब गधेरे जीवन के संकेत नहीं, बल्कि तबाही की आहट है। पानी अब जीवन नहीं, मृत्यु का संदेश लेकर आता है।


अब जब बारिश होती है, तो मन में सुकून नहीं डर पैदा होता है, कहीं भूस्खलन न हो जाए, कहीं किसी का घर जमींदोज न हो जाए। कभी प्रकृति की गोद में लोरी सुनता मेरा पहाड़ आज कराह रहा है। किसकी नजर लग गई मेरे पहाड़ को?

अब समझ आता है, यह प्राकृतिक नहीं, मानवीय त्रासदी है। आज मेरे पहाड़ की रगों में बहते पानी पर खनन माफियाओं की नजर है। जिन खेतों में हम फसलें उगाते थे, उन पर अब भू-माफियाओं की कुदृष्टि है, जो जंगल कभी हमें



जीवन देते थे, उन्हें वन माफिया बेरहमी से काट रहे हैं। यह सब एक संगठित तंत्र के तहत हो रहा है, जिसमें सरकारें भी शामिल हैं। सरकार अब पहाड़ों को बस 'टूरिज्म जोन' मानकर देखती है। मंदिरों की भी पवित्रता अब बाजार में तौल दी गई है, जो स्थान कभी साधना और एकांतवास के प्रतीक थे, आज वहां पर्यटकों की भीड़ है। कैमरे, हंसी-ठिठोली, शोर और प्रदूषण। न देवी-देवताओं को एकांत मिल रहा है, न पहाड़ को चैन। ऐसे में अगर शिवजी अपना तीसरा नेत्र खोलें, तो क्या गलत होगा? हमने पहाड़ की आत्मा को छलनी कर दिया है। खनन के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है, सड़कों के नाम पर पेड़ों की कतारें साफ की जा रही हैं, बड़े-बड़े होटल और अट्टालिकाएं बन रही हैं, जिनका फायदा केवल बाहरी लोगों को है और जब ये पहाड़ टूटते हैं, जब मलबा गांवों को बहा ले जाता है, तो मारे जाते हैं स्थानीय लोग, जिनका कसूर बस इतना है कि वे यहां रहते हैं। किसी को उनके दर्द की परवाह नहीं है। सरकारी फाइलों में बस आंकड़े दर्ज होते हैं, इतने मरे, इतना नुकसान हुआ, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे जो जिंदगियां हैं, जो सपने हैं, उनका क्या? और सबसे दुखद बात यह है कि यह सब जानते हुए भी कोई कुछ नहीं करता। बहती गंगा में सभी हाथ धो रहे हैं। पहाड़ की आत्मा हर रोज मरती जा रही है। अब भी वक्त है, अगर अब भी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं, जब पहाड़ हमारे बचपन की स्मृति बनकर रह जाएंगे और आज के बच्चों को हम सिर्फ कहानियों में बताएंगे कि कभी यहां शांति हुआ करती थी, कभी यह धरती स्वर्ग से कम नहीं थी। क्या हम ऐसा पहाड़ अपने आने वाली पीढ़ियों को देना चाहते हैं? सोचना होगा, नहीं तो पहाड़ फिर टूटेगा और अगली बार शायद संभलने का मौका भी न मिले।

# पहली जिम्मेदारी का एहसास औपचारिकताओं की चुनौती



## जॉब का पहला दिन



नयन कुमार सोनकर
ओ.एस.डी., जिलाधिकारी
कानपुर नगर

वर्ष 2001 को मैं शिक्षण संस्थान (गौरव टाइपिंग इंस्टिट्यूट), ईदगाह कॉलोनी में अपनी टाइपिंग मशीन पर अभ्यास कर रहा था। तभी लगभग सायं 6:00 बजे शिक्षक/मार्गदर्शक बनारसी तिवारी जी ने खुशखबरी दी कि मेरा चयन समूह 'घ' भर्ती परीक्षा 2001 के अंतर्गत तहसील कानपुर देहात में आशुलिपिक पद पर हो गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 दिसंबर को मूसानगर, कानपुर देहात में मुख्यमंत्री की रैली में नियुक्ति-पत्र प्राप्त होगा। यह समाचार सुनकर हम सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं और रात 9:00 बजे घर लौट आया।

1 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे तैयार होकर संस्थान पहुंचा। वहां मेरे साथ उसी संस्थान के अन्य चयनित साथी भी उपस्थित थे। 6:15 बजे सफेद रंग की एम्बेसडर कार आई, जिसमें जिला अधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक हमें लेने आए। हम कार से ईदगाह कॉलोनी से निकलकर शहर पार करते हुए घाटमपुर तहसील पहुंचे और वहां से सामान्य लिपिक कलेक्टरेट को साथ लेकर मूसानगर के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि रैली में उच्च अधिकारी उपस्थित रहेंगे, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, जैसा बताया जाए, वैसा ही करना है।

कुछ समय बाद मुख्यमंत्री रैली में पहुंचे। जनता का अभिनंदन अत्यंत दर्शनीय और उल्लासपूर्ण था। रैली के दौरान ही नियुक्ति-पत्र वितरण आरंभ हुआ। पहले मेरे एक साथी का नाम पुकारा गया, फिर मुझे मंच पर बुलाया गया। जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों से मुझे नियुक्ति-पत्र प्रदान किया, तो वह क्षण मेरे लिए अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय था। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए परिश्रम और लगन से कार्य करने की सीख दी।

रैली समाप्त होने के बाद हम उसी मार्ग से लौट आए। 2 दिसंबर को रविवार होने के कारण विश्राम किया। अगले दिन ज्वाइनिंग के लिए आवश्यक कागज तैयार कराए। निर्देश मिला कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाकर, आवश्यक अभिलेखों सहित उप जिलाधिकारी, रसूलाबाद कार्यालय में योगदान प्रस्तुत करना है। एक मोटरसाइकिल सवार की सहायता से मैं सायं 5:40 बजे उप जिलाधिकारी महोदय के आवास पहुंचा और नियुक्ति-पत्र व अभिलेख प्रस्तुत किए। अनुमति मिलने पर जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप कराने का निर्देश मिला।

कार्यालय में जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप की। समय 6:00 बजे के आसपास हो गया, इसलिए अंतिम बस पकड़ने की सलाह दी गई। मैं रोडवेज बस से कानपुर लौटा। थकान के कारण रास्ते में नींद आ गई और रात 9:30 बजे कानपुर पहुंचकर घर पहुंचा। यह मेरी नौकरी की पहली यात्रा थी बिना किसी परिजन या मित्र के। आज नौकरी करते हुए 24 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, पर वह पहला दिन और उसकी संघर्षपूर्ण यात्रा आज भी स्मृतियों में जीवित है।

# मीर तकी मीर : दर्द को शायरी बनाने वाला शायर

मीर तकी मीर सिर्फ गजल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज थे। मीर उर्दू गजल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। उन्हें 'खुदा-ए-सुखन' यानी कि शायरी का खुदा कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती हैं। उर्दू ही नहीं फारसी भाषा पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है, जिसमें फारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। मीर तकी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया।



सुनील कुमार महला
लेखक

मीर तकी मीर का मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियां जिक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दु रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फारसी (फारसी रचनाओं का संग्रह), फैज-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फारसी जुबान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की जिंदगी मुफलिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एकबार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने गम जमा किए तो दीवान किया।'

दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी



थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना, तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतना' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज, जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो।

शायर मिर्जा गालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि गालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना। गालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-'रेख्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो गालिब,कहते हैं अगले जमाने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्मस्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुकाबला कौन करे।'

मीर सिर्फ उर्दू गजल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज हैं। उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे जख्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और गजल को आत्मा की आवाज बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

अमृत विचार

लखनऊ, शनिवार, 7 फरवरी 2026

www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो की दिल्ली से शंघाई की उड़ान शुरू करने की योजना

**बीजिंग।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो जल्द ही नई दिल्ली और शंघाई के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है। पिछले साल भारत और चीन के बीच करीब पांच साल के अंतराल के बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू होने के बाद, इन दोनों शहरों के बीच उड़ान संचालित करने वाली यह तीसरी एयरलाइन बन जाएगी।चीन के सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच तीसरा सीधा हवाई संपर्क होगा।

### रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 प्रति डॉलर पर हुआ अस्थाई बंद

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थाई) पर बंद हुआ। इस गिरावट का कारण अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपया सत्र के पहले भाग में रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य ऋण दरों को यथावत रखने की घोषणा के बाद थोड़ा मजबूत हुआ, लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.28 पर खुला और सत्र के दौरान 90.18 के उच्चस्तर तक गया और 90.83 के निचले स्तर तक आया।

### जम्मू-कश्मीर में 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट किया पेश

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में 2026-27 का 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को पेश किया और कहा कि यह वित्तीय योजना केंद्र शासित प्रदेश में सतत वृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं आर्थिक समृद्धि के लिए मजबूत आधार तैयार करने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निवेश, नवाचार एवं सहभागी शासन को बढ़ावा देकर केंद्र शासित प्रदेश को एक आधुनिक, प्रगतिशील और आर्थिक रूप से सशक्त क्षेत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बड़ा फैसला... 1000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी का पंजीकरण अनिवार्य नहीं

## एमपीसी की बैठक के बाद रिजर्व बैंक गवर्नर ने की घोषणा, सार्वजनिक धन न लगा होने की शर्त लागू

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसमें शर्त लागू की गई है कि एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन न लगा हो।

**फैसला- 1**

मल्होत्रा ने इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया। 'आकार आधारित नियामकीय मसौदा' उन एनबीएफसी के लिए अलग नियामक व्यवस्था की परिकल्पना करता है जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं करती हैं और जिनका आम ग्राहक से सीधा संपर्क नहीं है। इन एनबीएफसी की विशिष्ट प्रकृति को देखते हुए उन पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है। मल्होत्रा ने वर्तमान वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि उनके काफी कम प्रणालीगत-जोखिम को देखते हुए, यह प्रस्ताव है कि 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली ऐसी 'टाइप-1' एनबीएफसी को कुछ निर्दिष्ट शर्तों के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकरण की जरूरत से छूट दी जा सकती है। इससे इन एनबीएफसी के लिए अनुपालन आवश्यकताओं में कमी आएगी। हितधारकों से प्रतिक्रिया के लिए जल्द मसौदा जारी होगा। मल्होत्रा ने कहा कि कुछ एनबीएफसी के लिए 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता को खत्म करने का प्रस्ताव है।

### एमएसएमई के लिए रेहन मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की

**फैसला- 3**

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बैठक के बाद वित्तीय समावेशन और ऋण उठाव बढ़ाने के उपायों की घोषणा करते हुए कहा, एमएमएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा काफी लंबे समय से 10 लाख रुपये है। कहा, इस पहल का उद्देश्य औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाना, उद्यमों को बढ़ावा देना और सूक्ष्म तथा मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण है। एमएसएमई बढ़ी हुई ऋण सीमा का लाभ एक अप्रैल 2026 से प्राप्त कर सकेंगे।

## बैंकों को दी जा सकती है रीट को ऋण देने की अनुमति

**फैसला- 2**

• कॉमर्शियल बैंकों को अब तक नहीं थी ऋण देने की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए वित्तपोषण के स्रोत को व्यापक बनाने के उद्देश्य से बैंकों को कुछ विवेकपूर्ण रक्षोपायों के साथ 'रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया।

रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं, जिससे निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना उससे होने वाली आय में हिस्सा पाने में सक्षम होते हैं। भारत में रीट और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की अवधारणा संस्थानों और खुदरा निवेशकों के एकत्रित कोष के माध्यम से निवेश को पुनर्वित्त कर, पूर्ण और परिचालन वाली रियल एस्टेट व बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में फंसे बैंकों के कोष को मुक्त करने के लिए की गई थी।

रिजर्व बैंक ने कहा कि इन उद्देश्यों के अनुरूप, वाणिज्यिक बैंकों को शुरुआत से ही इन संस्थाओं को ऋण देने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, बाद में इनविट्स को बैंक ऋण की अनुमति दी गई, लेकिन रीट को ऋण देने की अनुमति नहीं थी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, इनविट्स को ऋण देने के संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों को भी रीट को ऋण देने के लिए प्रस्तावित रक्षोपायों के साथ समानता के लिए सुसंगत बनाया जा रहा है।

## मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा।

कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 723.77 अरब डॉलर पर

**सर्वकालिक उच्चस्तर**

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गईं।

## सोने-चांदी की मूल्यवृद्धि से मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ाया

**मुंबई, एजेंसी**



• चालू वित्त वर्ष के लिए 2.1%, अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी वृद्धि का अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोना-चांदी समेत कीमती धातुओं के मूल्य में बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर शुक्रवार को 2.1 प्रतिशत कर दिया है। अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी अनुमान ऊपर की ओर संशोधित किए गए हैं।

केंद्रीय बैंक ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः चार प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने दिसंबर में 2025-26 के लिए इसके दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वहीं 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत और चार प्रतिशत आंकी गई थी।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 2026-27 की पहली व दूसरी तिमाही के लिए संशोधित सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान क्रमशः 4.0 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत बना हुआ है। यह अनुकूल होने के साथ ही मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति अनुमान को मामूली रूप से ऊपर की ओर संशोधन मुख्यतः कीमती धातुओं के मूल्यों में बढ़ोतरी के कारण किया गया। इनका योगदान करीब 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत है। अंतर्निहित मुद्रास्फीति अब भी निम्न स्तर पर बनी हुई है।

### यूपीआई को टिकाऊ बनाने, बुनियादी ढांचे में सुधार के तरीके खोजे जाएंगे

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक यूपीआई को हितधारकों के लिए टिकाऊ बनाने और इसके बुनियादी ढांचे में सुधार करने के तरीके खोजेगा। इससे ग्राहकों के लिए भुगतान बुनियादी ढांचे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इस समय यूपीआई सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग मुफ्त है और बैंकों को लेनदेन करने के लिए सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से मुआवजा दिया जाता है।

### नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर रहेंगी, एफडी पर घट जाएगा ब्याज

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रमुख नीतिगत ब्याज दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा आगे इनमें और कमी भी हो सकती है। मल्होत्रा ने कहा, नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा इनमें आगे और गिरावट भी आ सकती है। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा कि ब्याज दरों पर अंतिम फैसला एमपीसी लेगी।

## चांदी में 13,000 रुपये की टूट सोने 3,400 रुपये की गिरावट



• निवेशकों के मुनाफा वसूली करने से आई गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



# गर्भ रखने को मजबूर नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ऐतिहासिक फैसला, नाबालिग को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अदालत किसी भी महिला को अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। - **सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका बच्चे को जन्म देने का मन न हो और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे।

हालांकि सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। दोनों न्यायमूर्ति की पीठ ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए नाबालिग लड़की के गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें।

### प्रजनन स्वायत्तता पर मील का पत्थर : 24 सप्ताह की कानूनी सीमा पर लड़की की इच्छा को वरीयता

यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत प्रजनन अधिकारों की व्याख्या में मील का पत्थर माना जा रहा है। क्योंकि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी अदालत ने लड़की की इच्छा को प्राथमिकता दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में डॉक्टर की सलाह से 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, विशेष श्रेणी जैसे दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमार महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह की है। इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भस्थ शिशु को गंभीर बीमारी है तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति से 24 सप्ताह बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो तो कोई कानूनी समय सीमा नहीं लागू होती।

### किसी व्यक्ति को सिर्फ पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी की ओर से की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष तक की कारावास की सजा वाले अपराध के संबंध में जांच संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(ख) और धारा 35(3) से 35(6) के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से विफल कर देगी। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत इस प्रश्न पर विचार कर रही थी कि क्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस उन सभी मामलों में अनिवार्य रूप से जारी किए जाने हैं जो सात साल तक के कारावास के अपराध से संबंधित हैं।

## जनता के नकारने पर कोर्ट चले आते हैं सियासी दल... जनसुराज की याचिका को किया खारिज

• प्रशांत किशोर की पार्टी ने दायर की थी बिहार चुनाव को रद्द करके दोबारा कराने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसभा चुनाव निरस्त किए जाने संबंधी पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की याचिका पर शुक्रवार को खारिज कर दी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने चुनाव हारने के बाद लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश को लेकर नाराजगी भी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवालिया लहजे में कहा, आपको कितने वोट मिले, उन्होंने कहा- जब लोग आपको नकार देते हैं तो आप राहत के लिए न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं। किसी को तो उसी समय योजना को चुनौती देनी चाहिए थी। आप तो पूरे राज्य के चुनाव को अमान्य घोषित करने के लिए निर्देश चाहते हैं। पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सिर्फ एक राज्य से संबंधित है, इसलिए कृपया उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं।

### मुफ्त योजनाओं का मुद्दा गंभीर, पड़ताल करेंगे

न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है, जिसकी वह गंभीरता से पड़ताल करेगा। दरअसल जन सुराज पार्टी ने याचिका में बिहार चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला दिया था। कहा गया था कि कर्ज में डूबी राज्य सरकार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव से ठीक पहले 15,600 करोड़ रुपये बांट दिए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर नहीं मिल पाया। वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत भुगतान किया गया था, उसकी घोषणा चुनाव से ठीक पहले की गई थी और भुगतान तब किया गया जब चुनाव आचार संहिता लागू थी।

### दल बदल मामले पर तीन सप्ताह में फैसला करें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष वर्ना अवमानना कार्यवाही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर सकारात्मक रूप से निर्णय लें वर्ना उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दिसंबर 2025 में सात याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जबकि तीन अभी भी लंबित हैं। तेलंगाना राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ को सूचित किया कि लंबित तीन मामलों में से एक पर निर्णय ले लिया गया है और शेष दो पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# लोकसभा में गतिरोध बरकरार, हंगामे के बीच कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में सोमवार से गतिरोध बना हुआ है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत कई मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना पारित कर दिया गया था। लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को जब एक बार के स्थगन के बाद शुरू हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'जो उचित समझो, वो करो' (नरवड़े के संस्मरण का एक वाक्य) के नारे लगाए।

### विपक्ष ने लगाए 'जो उचित समझो, वो करो' के नारे



संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया।

### विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोकसभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए और उन्होंने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नरवणे के संस्मरण में उद्धृत एक अंश का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष कटाक्ष किया, जो उचित समझो, वो करो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए सांसद और कई अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। उन्होंने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का हवाला देते हुए 'ट्रैप डी' लिखा हुआ था।



### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन एवं तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

## हिमंत के सांप्रदायिक बयानों का संज्ञान ले असम हाईकोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

• शिक्षाविदों, चिकित्सकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 प्रमुख नागरिकों ने की अपील

शिक्षाविदों, चिकित्सकों, लेखकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 से ज्यादा जाने-माने नागरिकों ने पत्र लिखकर गुवाहाटी हाईकोर्ट से अपील की है कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के एक खास समुदाय के खिलाफ हाल ही में दिए गए बयानों पर स्वतः संज्ञान ले। इन लोगों ने कहा है कि संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ चुप्पी या निष्क्रियता संविधान की नैतिक शक्ति को कमजोर कर सकती है।

मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार को बृहस्पतिवार को लिखे एक पत्र में नागरिकों ने हाईकोर्ट का ध्यान हिमंत विश्व शर्मा के उन सार्वजनिक बयानों की ओर आकृष्ट किया है उच्च जो प्रथमदृष्टया नफरती भाषण, सरकारी धमकी और एक खास समुदाय को खुलेआम बदनाम करने जैसे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री की 'मियां' (बांग्ला भाषी मुसलमानों) के खिलाफ टिप्पणियों का जिक्र किया गया है।

# सरकार गठन में कुकी विधायकों की भागीदारी का विरोध, रैली निकाली

● मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों में विरोध प्रदर्शन में हजारों शामिल

इंफाल/चूराचांदपुर, एजेंसी

मणिपुर में सरकार गठन में कुकी समुदाय के तीन विधायकों की भागीदारी के खिलाफ राज्य के तीन पहाड़ी जिलों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विधायकों पर समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

चूराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने कुकी विधायक नेमचा किपगेन, जो समुदाय से आने वाले एलएम खौते और हमार जनजाति से ताल्लुक रखने वाले एन सनाते के पुतले जलाए। ये तीनों ही विधायक सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े हुए हैं। किपगेन ने राज्य की नवगठित सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। कांगपोकपी और तेंगनुपाल जिलों में भी विरोध रैलियां निकाली गईं। चूड़ाचांदपुर में कुकी महिला मानवाधिकार संगठन (केडब्ल्यूओएचआर) और स्वदेशी जनजातीय नेता मंच की महिला शाखा ने सरकार गठन में किपगेन की भागीदारी के विरोध में संयुक्त रूप से रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने कोइटे मैदान से स्मृति दीवार तक लगभग तीन किलोमीटर मार्च किया।

### विधायकों के घर की बढ़ाई गई सुरक्षा

विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर चूराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में तीनों विधायकों के आवासों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस बीच, नवगठित सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले गोविंदास कोंथौजम ने कहा कि चूड़ाचांदपुर में थोड़ी अशांति है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारी अपना गुस्सा और असंतोष जाहिर कर रहे हैं। कुछ नहीं होगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

# आसमान में तैरती मौत की डोर

# चाइनीज मांझा

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एक युवा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव मोहम्मद शोएब अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी हवा में लहराते हुए चाइनीज मांझे ने उनकी गर्दन को रेत दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है; पिछले कुछ महीनों में जौनपुर, मेरठ और शाहजहांपुर जैसे शहरों से भी ऐसी ही रूह कंपा देने वाली खबरें आई हैं। जिसे हम चाइनीज मांझा कहते हैं, वह अब केवल पतंगबाजी का शौक नहीं, बल्कि सड़कों पर मौत का जाल बन चुका है। चाइनीज मांझा पर कानूनी रोक के बावजूद इसकी बिक्री जारी है, जो प्रशासन की विफलता और समाज की लापरवाही का परिणाम है। यह समझना जरूरी है कि चंद रुपयों का मजबूत मांझा किसी के घर का चिराग बुझा सकता है।



### क्या है चाइनीज मांझा

- आम धारणा के विपरीत, अधिकांश चाइनीज मांझा चीन से नहीं आता, बल्कि इसका नाम इसकी मजबूती और सिंथेटिक बनावट के कारण पड़ा है।
- बनावट : यह पारंपरिक सूती धागे के बजाय नायलॉन या प्लास्टिक (सिंथेटिक) जैसे मोनोफिलामेंट धागे से बना होता है।
- घातक कोटिंग : इस धागे पर पिसे हुए कांच, लोहे के चूरे, टंगस्टन कार्बाइड और औद्योगिक गोंद की परत चढ़ाई जाती है।
- क्यों है जानलेवा : नायलान का बना यह धागा इतना मजबूत होता है कि त्वचा, नसें और पतली हड्डी को भी आरी की तरह काट सकता है।

### सरकारों का कदम और अदालती आदेश

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) : 2017 में ही एनजीटी ने पूरे देश में नायलॉन या किसी भी सिंथेटिक मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।
- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट : विभिन्न अदालतों ने सरकारों को फटकार लगाते हुए इस पर प्रभावी रोक लगाने और पीड़ितों को मुआवजा देने की नीति बनाने के निर्देश दिए हैं।
- उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया मौतों के बाद कड़े आदेश दिए हैं। अब यूपी में चाइनीज मांझे से होने वाली मौत को 'हत्या' की श्रेणी में रखकर मुकदमा चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में छापेमारी और अवैध बिक्री करने वालों पर रासुका जैसी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 : इसके तहत दोषी पाए जाने पर 5 साल की जेल और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### डराता हुआ सच

- उत्तर प्रदेश के आंकड़े : अकेले पिछले एक साल में यूपी में कम से कम 6 लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। जौनपुर में एक फिजियोथेरेपिस्ट और एक प्रोफेसर की मौत हुई, जबकि मेरठ और अलीगढ़ में भी युवाओं ने अपनी जान गंवाई।
- राष्ट्रीय स्थिति : दिल्ली, राजस्थान (जयपुर/कोटा) और तेलंगाना (हैदराबाद) में मकर संक्रांति और स्वतंत्रता दिवस के आसपास मौतों का ग्राफ तेजी से बढ़ता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि पिछले दो वर्षों में दिल्ली, यूपी और राजस्थान में कम से कम 15 मौतें दर्ज की गई हैं।

### सुरक्षा के उपाय

- बाइक चलाते समय फुल-फेस हेलमेट पहनें और उसका वाइजर नीचे रखें। गले में मफलर या कोई मोटा कपड़ा लपेटें। फ्लाईओवर्स और ब्रिज पर बाइक की रफ्तार धीमी रखें। बाइक के हैंडलबार पर यू-गार्ड लगवाएं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने जब्त किए दो विदेशी तेल टैंकर

**मस्कट।** ईरान ने फारस की खाड़ी में ईंधन की कथित तस्करी कर रहे दो विदेशी तेल टैंकर को जब्त किया है। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट में इन टैंकर की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया गया और न ही यह बताया गया कि उन पर किस देश का झंडा था। रेवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना के क्षेत्रीय कमांडर जनरल हैदर होनारियन मोजरेद ने कहा कि टैंकर डीजल समेत लगभग 10 लाख लीटर ईंधन (लगभग 6,300 बैरल) ले जा रहे थे और उन्हें फारसी द्वीप के पास जब्त कर लिया गया तथा बुशहर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों टैंकर पर सवार चालक दल के 15 सदस्य न्यायिक निकायों की हिरासत में हैं लेकिन उन्होंने उनकी राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी नहीं दी। ईरान इसी तरह के आरोपों को लेकर क्षेत्र में तेल ले जाने वाले पोतों को पहले भी समय-समय पर जब्त करता रहा है।

### जिमी लाई को सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके एप्पल डेली अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है।

### नेपाल में बस दुर्घटना में 13 लोगों की गई जान

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लोगों को ले जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इलाज के दौरान पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। यह हादसा गुरुवार को नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश में हुआ था। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पांच अन्य ने दादेलधुरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### फिलीपीन में तूफान से चार लोगों की मौत

**कैगायन डी ओरो।** दक्षिणी फिलीपीन में आए एक उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 6,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि उष्णकटिबंधीय तूफान पेन्हा ने गुरुवार देर रात प्रशांत महासागर से होते हुए दक्षिण-पूर्वी सुरिगाओ डेल सुर प्रांत में कहर ढाया।

# अमेरिका ने दी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की चेतावनी

## ईरान में वर्चुअल यूएस एंबेसी ने कहा-खुद निकलें, मदद का इंतजार न करें

● दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए जारी किया परामर्श

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान में में रह रहे अपने नागरिकों को दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर चेतावनी जारी की है और उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में वर्चुअल यूएस एम्बेसी की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक ईरान से प्रस्थान की ऐसी योजना बनाएं जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हो, क्योंकि सुरक्षा जोखिम, अशांति और अचानक यात्रा बाधित होने की आशंका बढ़ गई है।

यह चेतावनी ओमान में शुक्रवार को अमेरिका-ईरान वार्ता से ठीक पहले जारी की गई है। दूतावास ने सड़क बंदी, सार्वजनिक परिवहन में व्यवधान, व्यापक इंटरनेट प्रतिबंध और उड़ानों के रद्द होने का उल्लेख किया है। हाल के सप्ताहों में तनाव और बढ़ा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों का बेड़ा तैनात करने की घोषणा की थी, जिसमें विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और उसके एस्कॉर्ट जहाज शामिल हैं। परामर्श में कहा गया है कि इंटरनेट व्यवधान जारी रह सकते हैं, इसलिए वैकल्पिक संचार व्यवस्था अपनायें। परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नागरिकों को आर्मेनिया या तुर्किये के रास्ते जमीनी मार्ग से निकलने पर विचार करने की सलाह दी गई है। उड़ानें थोड़ी सूचना पर रद्द या बाधित हो सकती हैं, इसलिए एयरलाइंस से सीधे पुष्टि करने को कहा गया है। जो लोग तुरंत नहीं निकल सकते, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने, भोजन-पानी-दवाइयों का पर्याप्त भंडार रखने, प्रदर्शनों से दूर रहने और लो-प्रोफाइल बने रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय मीडिया पर नजर रखने, फोन चार्ज रखने, परिजनों से नियमित संपर्क बनाए रखने और रीयल-टाइम सुरक्षा अपडेट के लिए स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण कराने को कहा गया है।



### ईरान ने सैन्य बेस पर तैनात की बैलिस्टिक मिसाइल

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल खोर्रमशहर-4 को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। खोर्रमशहर-4 की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर है और यह 1,500 किलोग्राम तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता।

### दोनों देशों में दूसरे दौर की वार्ता शुरू

**तेहरान।** ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का दूसरा चरण ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो गया है। ईरान की आधिकारिक संवाद समिति इरना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पहले चरण में विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी योजना ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अल्बुसैदी को दी। इसके बाद ओमानी विदेश मंत्री ने इस प्रस्ताव को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व वाली अमेरिकी वार्ता टीम तक पहुंचाया। दूसरे चरण में ईरान के प्रस्ताव पर अमेरिकी दल की प्रतिक्रिया ईरानी पक्ष को भेजी जाएगी।

## बांग्लादेश से भारत के संबंध अन्य देशों के रिश्तों से अलग

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध अन्य देशों के साथ उसके संबंधों से अलग हैं और नई दिल्ली की नजर राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करने वाले घटनाक्रमों पर बनी रहती है तथा उनकी रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाते हैं। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन के बारे में अंतरिम सरकार को सभी संबंधित वार्ताओं में जानकारी दी गई है। एक और प्रश्न के लिखित उत्तर में, मंत्री ने कहा कि वह पड़ोस में होने वाले घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखती है। सिंह ने कहा, सरकार पड़ोसियों के साथ उसके संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो बहुआयामी हैं और आपसी हितों, संवेदनशीलता और मौजूदा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार विकसित होते हैं। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध वर्तमान में एक संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं और क्या पाकिस्तान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जो देश के लिए हानिकारक हो सकता है।

# रूस में सेना के खुफिया उपप्रमुख को मारी गोली

● अस्पताल में भर्ती, किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर ने सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव (64) पर हमले की यह घटना रूस के कई वरिष्ठ सैन्य एवं खुफिया अधिकारियों की हत्या के बाद सामने आई है, जिनके लिए मॉस्को ने यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने एक बयान में कहा कि मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक अपार्टमेंट में एक अज्ञात हमलावर ने लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव को कई गोलियां लगी हैं और उनका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पेत्रेंको ने यह नहीं बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर हमले के पीछे किसका हाथ हो सकता है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव साल 2011 से रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रथम उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान में अहम भूमिका निभाने के लिए हीरो ऑफ रूस पदक से सम्मानित किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की यह घटना यूक्रेन में लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी वार्ताकारों के बीच अबू धाबी में संपन्न दो दिवसीय वार्ता के एक दिन बाद हुई है।

### पहले भी हुए हैं सैन्य अफसरों पर हमले

रूसी अधिकारियों ने रूस में कई सैन्य अधिकारियों और सार्वजनिक हस्तियों की हत्याओं के लिए कीव को दोषी ठहराया है। यूक्रेन ने इनमें से कुछ हत्याओं की जिम्मेदारी भी ली है। पिछले साल दिसंबर में रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के परिचालन प्रशिक्षण निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवरोव की एक कार बम हमले में मौत हो गई थी। इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव और इगोर किरिलोव की कार बम हमले में मौत हो गई थी।

## अमेरिका ने पोलैंड संसद अध्यक्ष से तोड़े सभी संबंध

**वारसॉ।** पोलैंड में अमेरिका के राजदूत ने गुरुवार को घोषणा की कि अमेरिका इस यूरोपीय देश की संसद के निचले सदन के अध्यक्ष व्लोदिमीएर्ज चेर्जेस्टी के साथ अब आगे कोई लेन-देन, संपर्क या संवाद नहीं करेगा। राजदूत टॉम रोज ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अकारण दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर उठाया है। हालांकि रोज ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कथित अपमानजनक टिप्पणियां क्या थीं लेकिन चेर्जेस्टी ने सोमवार को एक सार्वजनिक बयान में कहा था कि वह इजराइल और अमेरिका के नेताओं की उस पहल का समर्थन नहीं करेंगे जिसमें ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की बात थी।

## कामरा ने सहयोग पोर्टल के खिलाफ दायर की याचिका

● कॉमेडियन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया

मुंबई, एजेंसी

कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सरकार के सहयोग पोर्टल के खिलाफ मुंबई उच्च न्यायालय का रुख कर इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर असंवैधानिक और अनुचित हमला बताया है, क्योंकि यह अधिकारियों को सोशल मीडिया सामग्री हटाने की अनुमति देता है। कॉमेडियन ने बुधवार को दायर अपनी याचिका में मुख्य रूप से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नियमों और सहयोग पोर्टल को चुनौती दी है। आईटी नियमों में अक्टूबर 2025 में संशोधन किया गया था।

उन्होंने दावा किया था कि पोर्टल केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अनिवार्य प्रक्रिया का पालन किये बिना, मनमाने ढंग से (सामग्री) हटाने या अवरुद्ध करने के आदेश जारी करने का गैरकानूनी रूप से अधिकार देता है। सरकार के अनुसार सहयोग को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत उपयुक्त सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा मध्यस्थों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए विकसित किया गया था, ताकि किसी भी गैरकानूनी कार्य को करने के लिए उपयोग की जा रही जानकारी, डेटा या संचार लिंक तक पहुंच को रोकने की सुविधा हो। पोर्टल का उद्देश्य सभी अधिकृत एजेंसियों और मध्यस्थों को एक मंच पर लाना है।

## मोदी के स्वागत पर नृत्य में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक बड़े नृत्य प्रदर्शन के जरिए मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 750 से ज्यादा कलाकार एक साथ नृत्य करेंगे। आयोजकों के मुताबिक, इसमें एक ही नृत्य प्रस्तुति में सबसे ज्यादा नर्तक होंगे, जो भारतीय समुदाय द्वारा किए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों की एक भव्य प्रस्तुति को दिखाएंगे। यह प्रस्तुति सेलामत दतांग मोदी जी कार्यक्रम में होगी, जहां प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भारतीय मूल के समुदाय को संबोधित करेंगे।

# शाह ने कठुआ सीमा पर सुरक्षा का लिया जायजा

● बीएसएफ के जवानों से बातचीत कर बढ़ाया उनका हौसला

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कठुआ में अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे। गृह मंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियां सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की।

शाह का यह दौरा सीमा पर बढ़ायी गई चौकसी के बीच हो रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवार जिलों में लगभग करीब 12 मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद के चार पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह गुरुवार देर रात जम्मू पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। कठुआ में गृह मंत्री ने बोबियां में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया व आधारशिला रखी। शाह जम्मू के लोक भवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।


## गाजा शांति बोर्ड का मूल्यांकन कर रहा सिंगापुर

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थायी निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर, ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा आदि शामिल हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 8 फरवरी 02.54 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 8 फरवरी 02 .28 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष**: आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए संपर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**वृष**: आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को चिंता रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मिथुन**: आज अधीनस्थ कर्मचारियों का काफी अच्छा सहयोग मिलेगा। मौसम में बदलाव के कारण परेशानी हो सकती है। क्रोध को अपने ऊपर हावी न होने दें। अपने काम की गुणवत्ता में कमी न आने दें। प्रशासन के लोगों से आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**कर्क**: आज कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संबंध बनेंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**सिंह**: आज व्यापार में आपको कुछ आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। मानसिक शांति में कमी रहेगी। बातचीत के दौरान शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या**: आज राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी। आप व्यवसाय के लिए लोन ले सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला**: आज आपके काम अंतिम समय में खराब हो सकते हैं। भ्रमित करने वाले समाचारों से दूरी बनाकर रखें। अनावश्यक यात्रा हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें।

**वृश्चिक**: आज बड़े भाई-बहनों से मनमुटाव हो सकता है। लोग आपके प्रति काफी अच्छा भाव रखेंगे। कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साह से करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु**: आज विनिर्माण के कार्यों से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपकी विचारधारा से अनेक लोग प्रभावित रहेंगे। कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ संपत्ति विवाद हल होंगे।

**मकर**: आज आप रिश्तों को अच्छी तरह से निभाएंगे, लेकिन आपको दूसरी ओर से वैसा सहयोग पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलेगा। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। खर्च बढ़ने से आपके कुछ काम प्रभावित होंगे।

**कुंभ**: आज पुराने रोग उभर सकते हैं। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। अपने पद का दुरुपयोग न करें।

**मीन**: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। अति उत्साह में काम बिगड़ सकते हैं। भूमि-संपत्ति को लेकर होने वाले विवादों का निपटारा होगा। मित्रों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 9 | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |



"भारत निश्चित तौर पर प्रबल टी-20 विश्व कप का दावेदार है और हर कोई इसे मानेगा। लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। किसी भी दिन विपक्षी टीम के दो सुपरस्टार खिलाड़ी आपको हरा सकते हैं।
-केविन पीटरसन


# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 7 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


# वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में रचा इतिहास

## अंडर-19 विश्व कप : सिर्फ 55 गेंदों पर ठोका सैकड़ा, 175 रनों के साथ सर्वोच्च स्कोरर भी बने



वैभव सूर्यवंशी।

**हरारे, एजेंसी**

चौदह साल के सूर्यवंशी ने महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के नाम अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद में) बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयेस के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जिन्होंने 98 गेंद में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी के दबदबे का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि उनके 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था।

बिहार के समस्तीपुर का यह खिलाड़ी दो घंटे से भी कम समय में क्रिकेट की दुनिया को हैरान करने के बाद 26वें ओवर में मैनी लम्सडेन की शॉर्ट गेंद को स्कूप करने की कोशिश में आउट हो गया। विकेटकीपर थॉमस रियू ने उनका कैच लपका। इंग्लैंड के खिलाड़ी सूर्यवंशी को ऐसी पारी पर बधाई देने के लिए उनकी ओर दौड़े जो विश्व कप फाइनल में अक्सर देखने को नहीं मिलती। सूर्यवंशी ने अपने कप्तान आयुष म्हात्रे (51 गेंद में 53 रन) के साथ सिर्फ 19 ओवर में 142 रन बनाए। म्हात्रे अपना अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद आउट हो गए। सूर्यवंशी ने अकेले इसी चरण में 22 छक्के लगा दिए और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2022 में 18 छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था।

सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट और ऑफ-स्पिनर फरहाद अहमद पर क्रमशः 27 और 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद अभिज्ञान कुंडू (31 गेंद में 40 रन), वेदांत त्रिवेदी (36 गेंद में 32 रन), विहान मल्होत्रा (36 गेंद में 30 रन) और कनिष्क चौहान (20 गेंद में नाबाद 37 रन) ने योगदान दिया। भारत 400 रन के पार पहुंचकर जीत का प्रबल दावेदार बन गया था और उनके गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कुछ हद तक यह उपलब्धि अतीत की विश्व स्तरीय भारतीय अंडर-19 टीम के कारनामों से मिलती-जुलती थी जिसमें कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ी शामिल थे।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम। एजेंसी

### भारत

**411/9 (50 ओवर)**

| | |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

### सूर्यवंशी ने 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' स्टाफ को समर्पित किया

युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शानदार पारी खेलने के बाद मिला 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' पुरस्कार भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। सूर्यवंशी अंडर-19 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने 80 गेंद में 175 रन की तूफानी पारी खेलकर बड़े मंच पर धमाल मचाया और भारत को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के साथ रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह में सहयोगी स्टाफ के योगदान को सराहा।

---

## हाईलाइट

### रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का तरीका हो सकता है : नेत्रवलकर

**मुंबई।** पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के नायक और भारत के खिलाफ दो अहम विकेट चटकाने वाले अमेरिका की टीम के खिलाड़ी सौरव नेत्रवलकर का मानना है कि भारतीय उपमहाद्वीप में खेलते समय रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। अमेरिका की टीम शनिवार से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। नेत्रवलकर मुंबई के उन तीन खिलाड़ियों में से एक होंगे जो भारत के खिलाफ अमेरिका के लिए मैदान पर उतर सकते हैं। नेत्रवलकर वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय सरजमीं पर अपने पहले मैच के लिए तैयार हैं, लेकिन चुनौतियों से भी वाकिफ हैं।

### अभ्यास मैच में इटली ने यूएई को हराया

**चेन्नई।** एंथनी मोस्का (56) और जस्टिन मोस्का (48) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इटली ने शुक्रवार को विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 112 रनों से शिकस्त दी। आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इटली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 193 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद यूएई को सिर्फ 81 रन पर समेट कर 112 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

### मुंबई पर कर्नाटक ने बनाया दबदबा

**मुंबई।** प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (21 रन पर तीन विकेट) और कावेरप्पा (38 रन पर तीन विकेट) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (चार रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए। वह मुंबई से अब सिर्फ 10 रन पीछे हैं और उसके आठ विकेट बचे है। अन्य मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 194 रनों पर समेट दिया। कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिए।

# ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का प्रबलतम दावेदार

**टी-20 विश्व कप आज से**

- भारत और श्रीलंका में संयुक्त रूप से हो रहा आयोजन
- पहली बार टी-20 विश्व कप में भाग ले रहीं 20 टीमें
- फुटबॉल प्रेम के लिए मशहूर इटली भी पेश करेगा चुनौती
- अमेरिकी टीम में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाड़ियों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो। भारत और श्रीलंका में शनिवार से टी-20 विश्व कप शुरू हो रहा है। जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है।

खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं, अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इस संकट के लिए भारत को कसूरवार ठहराया, जिसकी शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई।


अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव (दाएं) व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर

**मुंबई।** सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी, तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा होगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम बहुत मजबूत है।

**टीम : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर।

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नीदरलैंड्स-पाकिस्तान | सुबह 11 बजे |
| स्काटलैंड-वेस्टइंडीज | दोपहर 3 बजे |
| भारत-अमेरिका | शाम 7 बजे |

## राणा चोट के कारण बाहर, मो. सिराज को मिली जगह

**मुंबई।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और सूत्रों के मुताबिक उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। सूर्यकुमार ने शुक्रवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा राणा का हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है।


कोलकाता में स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच की तैयारी करते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी

## बांग्लादेश से सहानुभूति, पर स्कॉटलैंड खेलने का हकदार

- स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने कहा- हमारी टीम ने विश्व कप के लिए की है बहुत मेहनत

**कोलकाता, एजेंसी**

स्कॉटलैंड के स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने शुक्रवार को कहा कि वह बांग्लादेश खिलाड़ियों के लिए सहानुभूति रखते हैं लेकिन आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल की गई स्कॉटलैंड टीम अपनी जगह की पूरी हकदार थी।

बांग्लादेश की टीम भारत में नहीं खेलने के अपने सरकार के रुख के कारण टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकी। वाट ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, लेकिन स्कॉटलैंड ने कड़ी मेहनत की है और उसे वैश्विक प्रतियोगिता में खेलने का पूरा अधिकार मिला है। स्कॉटलैंड शनिवार को ईडन गार्डन्स में ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। टीम की कोशिश जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने की होगी। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद स्कॉटलैंड को अंतिम समय में प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा हमें बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत दुख है पर हमें पूरा विश्वास है कि हमें यहां होना चाहिए।

# महिला टीम खिताब बचाने में रही नाकाम

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

- पुरुष टीम को कोरिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा

**किंगदाओ, एजेंसी**

भारत की महिला टीम का खिताब बचाने का सफर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीन की दूसरे दर्जे की टीम से मिली 0-3 की हार के बाद निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया जबकि पुरुष टीम को कोरिया से 1-3 से हार मिली।

भारतीय महिला टीम ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9 . 21, 9 . 21 से हार गई ।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता 17 वर्ष की तन्वी चीनी खिलाड़ी की रफ्तार का सामना नहीं कर सकी । गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22 . 24, 18 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा ।

पहले गेम में 10 . 16 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी करके बराबरी की लेकिन करीबी मुकाबले में पहला गेम गंवा दिया । दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी के पास 13 . 10 की बढत थी लेकिन फिर लगातार अंक गंवाकर चीनी जोड़ी को जीत सौंप दी ।

## रुद्रांक्ष पाटिल ने एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओलंपियन अर्जुन बबूता ने दूसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और गगन नारंग के बाद देश से उभरते हुए बेहतरीन राइफल निशानेबाजों में से एक रुद्रांक्ष ने फाइनल में शानदार 251.9 का स्कोर किया और हमवतन बबूता (250.7) की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए दबदबा बनाया। इस जोड़ी ने विशाल सिंह के साथ मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक भी दिलाया। बाईस साल के रुद्रांक्ष को देश के लिए कोटा स्थान हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक से चूकने की निराशा झेलनी पड़ी थी।

**डेविस कप क्वालीफायर** | पहले दौर में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला आज से

# दक्षिणेश्वर सुरेश को रास आएगा तेज कोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है। इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है।

नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है। वैसे वह यहां बेंगलुरू ओपन और डब्ल्यूटीएल खेल चुके हैं लिहाजा हालात से वाकिफ हैं। दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता । नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी । ऐसे में भारत के लिये बराबरी का मौका रहेगा।


बाएं से, नीदरलैंड्स के सैंडर एरेंड्स, डेविड पेल, मैक्स हाउकेस, गाइ डेन ओडेन, जेस्पर डे जोंग और पॉल हारहुइस, भारत के कप्तान रोहित राजपाल, सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी। एजेंसी

### नीदरलैंड्स की अगुआई कर रहे जोंग

नीदरलैंड्स टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है। युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी ।